सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-18 अंक-18 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शनिवार, 06 जुलाई 2024
29 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# अपराधी पैदा नहीं होते बनाए जाते हैं : कोर्ट

- हर संत का अतीत होता है और पापी का भविष्य, जाली नोटों की तस्करी मामले में टिप्पणीः सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अपराधी पैदा नहीं होते, बल्कि बनाए जाते हैं। कोर्ट ने यह कमेंट 3 जुलाई को किया। मामले की सुनवाई जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने की।

साल 2020 का ये मामला नकली नोटों की तस्करी से जुड़ा हुआ है। एनआईए ने फरवरी 2020 में मुंबई के अंधेरी इलाके से 2 हजार के 1193 नकली नोटों (इंडियन करेंसी) के साथ एक युवक को हिरासत में लिया था। एजेंसी ने दावा किया था कि इन नकली नोटों को तस्करी के जरिए पाकिस्तान से मुंबई लाया गया था। बीते 4 साल से युवक एनआईए की हिरासत में है। 5 फरवरी 2024 को उसने मुंबई हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद युवक ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि हर संत का अतीत होता है और पापी का भविष्य होता है। जब कोई क्राइम होता है तो उसके पीछे कई कारण होते हैं। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि हर किसी में मानवीय क्षमता अच्छी होती है। इसलिए ये नहीं मानना चाहिए कि अभी जो अपराधी है, वे भविष्य में सुधर नहीं सकते। अक्सर अपराधियों, किशोर (टीनेजर) और वयस्क (युवा) के साथ व्यवहार करते समय मानवतावादी मूल सिद्धांत छूट जाते हैं। बेंच ने कहा कि जब कोई क्राइम होता है तो उसके पीछे कई कारण होते हैं। चाहे वो सामाजिक और आर्थिक हो, माता-पिता की उपेक्षा का परिणाम हो, अपनों की अनदेखी का कारण हो, विपरीत परिस्थितियों, गरीबी, संपन्नता के अभाव और लालच हो सकते हैं। बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता बीते 4 साल से हिरासत में है। हमें आश्चर्य है कि यह केस कब खत्म होगा। बेंच ने चिंता जताते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21 अपराध की प्रकृति से परे लागू होता है।

# ब्रिटेन में लेबर पार्टी की ऐतिहासिक जीत

## लेबर पार्टी को भारी बहुमत, 410 सीटें जीतीं, प्रधानमंत्री होंगे कीर स्टार्मर

- एंजेला रेनर डिप्टी पीएम, रेचल रीव्ज देश की पहली महिला वित्त मंत्री बनीं
- 14 साल वनवास के बाद लेबर पार्टी की सत्ता वापसी
- सुनक ने स्वीकारी हार
- सुनक ने पत्नी संग 10 डाउनिंग स्ट्रीट छोड़ी



**लंदन।** ब्रिटेन में शुक्रवार, 5 जुलाई को सत्ता बदल गई। सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी 14 साल बाद लेबर पार्टी से चुनाव हार गई। इसके कुछ घंटे बाद भारतवंशी ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। लेबर पार्टी के 61 साल के कीर स्टार्मर देश के 58वें प्रधानमंत्री बन गए हैं। सुनक ने हार स्वीकार कर पार्टी से माफी मांगी है। उन्होंने स्टार्मर को भी फोन कर जीत की बधाई दी। आम चुनाव में लेबर पार्टी को बंपर जीत मिली है। पार्टी ने कुल 650 सीटों में से 412 पर जीत दर्ज की है। 2 सीटों के नतीजे शनिवार को आएंगे। सरकार बनाने के लिए 326 सीटों की जरूरत होती है। उधर कंजर्वेटिव 120 सीटों पर सिमट गई। यह कंजर्वेटिव पार्टी की पिछले 200 सालों में सबसे बड़ी हार है। कीर स्टॉर्मर ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए रचेल रीव्स को वित्त मंत्री बनाया है। वह इस पद को हासिल करने वाली पहली महिला हैं। रीव्स 45 साल की हैं। उन्होंने बैंकिंग सेक्टर से अपना करियर शुरू किया था। इसके अलावा एंजेला रेनर को उप-प्रधानमंत्री का पद मिला है। रेनर को समानता, आवास और समुदायों के मंत्री का कार्यभार भी मिला है। जीत के बाद स्टार्मर ने स्पीच दी। उन्होंने पूर्व पीएम ऋषि सुनक की मेहनत को सलाम किया।

### पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

ब्रिटेन के आम चुनाव में जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि वे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की उम्मीद करते हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने ऋषि सुनक के नेतृत्व की सराहना की और अपने कार्यकाल के दौरान भारत और ब्रिटेन के संबंधों को प्रगाढ़ करने में उनके 'सक्रिय योगदान' के प्रति आभार जताया।

## संजय सिंह बने संसदीय दल के अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सांसद व आप नेता संजय सिंह को संसदीय दल के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में बंद होने के बाद संजय सिंह पर पार्टी की जिम्मेदारी है। पार्टी के मुद्दों को लेकर संजय सिंह मुखर रहते हैं। संसदीय दल के अध्यक्ष की प्राथमिक जिम्मेदारियों में से एक सांसदों की टीम का नेतृत्व और प्रबंधन करना होता है, जिसमें पार्टी नेतृत्व और विधायकों के बीच संचार को सुविधाजनक बनाना होता है। संजय सिंह पहली बार 2018 में राज्यसभा के लिए चुने गए थे और इस साल फिर से चुने गए। 2012 में आम आदमी पार्टी का गठन होने के तुरंत बाद संजय सिंह पार्टी में शामिल हुए थे और जल्दी ही पार्टी में बड़े पद पहुंच गए थे।

# दिल्ली हाईकोर्ट का सीबीआई को नोटिस

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर मांगा जवाब, 17 जुलाई को सुनवाई




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। एकल पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। इसी दिन केजरीवाल की गिरफ्तारी और उन्हें सीबीआई की हिरासत में सौंपने के विशेष अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर भी सुनवाई होनी है।

केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता के भागने का खतरा नहीं है और न ही वह आतंकवादी हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय के धन शोधन मामले में जमानत मिलने के बाद गिरफ्तार किया है। सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने केजरीवाल की ओर से अधीनस्थ अदालत का रुख किए बगैर सीधे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने पर आपत्ति जताई। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सीबीआई से पहले इसी मामल में ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में लंबी पूछताछ के बाद सीएम केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। ईडी की भी गिरफ्तारी को भी सीएम केजरीवाल ने कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित है। कोरोना काल के बीच दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 लागू की थी। इस शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितता की शिकायतें आई जिसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 सवालों के घेरे में आ गई। हालांकि, नई शराब नीति को बाद में इसे बनाने और इसके कार्यान्वयन में अनियमितताओं के आरोपों के बीच रद्द कर दिया गया था। सीबीआई ने अगस्त 2022 में इस मामले में 15 आरोपियों के खिलाफ नियमों के कथित उल्लंघन और नई शराब नीति में प्रक्रियागत गड़बड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की। बाद में सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के संबंध में ईडी ने पीएमएलए के तहत मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले की जांच शुरू कर दी।

# प्राइवेट डिनर होस्ट करेंगे पुतिन, भारतीय समुदाय के लोगों से होगी मोदी की बात

- 8 जुलाई से रूस की दो दिवसीय यात्रा पर होंगे पीएम



**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने एक प्रेस में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 जुलाई से रूस की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर होंगे, जहां वह भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगे और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ सीमित स्तर की बातचीत भी करेंगे। आगे की यात्रा में प्रधानमंत्री 9 जुलाई को ऑस्ट्रिया का भी दौरा करेंगे, जो 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधान मंत्री की देश की पहली यात्रा होगी। प्रधानमंत्री की यात्रा के बारे में विस्तार से बताते हुए क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूसी संघ के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 8-9 जुलाई को मॉस्को की आधिकारिक यात्रा करेंगे। फिलहाल, प्रधानमंत्री मंत्री 8 जुलाई की देर दोपहर में मंत्री का मॉस्को पहुंचने का कार्यक्रम है। राष्ट्रपति पुतिन आगमन के दिन पीएम के लिए एक निजी रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। अगले दिन, पीएम की बातचीत में रूस में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत शामिल होगी। प्रोग्रामिंग तत्वों के हिस्से के रूप में, पीएम क्रेमलिन में अज्ञात सैनिक की कब्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे और उसके बाद पीएम मॉस्को में प्रदर्शनी स्थल का दौरा करेंगे। इन व्यस्तताओं के बाद दोनों नेताओं के बीच एक प्रतिबंधित स्तर की बातचीत होगी, जिसके बाद प्रधान मंत्री और रूसी राष्ट्रपति के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। पीएम मोदी का औपचारिक स्वागत किया जाएगा, जिसके बाद वह ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे।

# दिल्ली में मोदी सरकार बहुत है कमजोरः लालू यादव

- अगस्त तक ही चलेगी मोदी सरकार
- 10 से 12 सीटों पर राजद को हराया गया
- भाजपा ने 75 प्रतिशत आरक्षण को रोकने की साजिश रची



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस है। राजद कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव समेत कई वरीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने लालू और तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत किया। दोनों को चांदी का मुकुट पहनाया गया। 28वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लालू प्रसाद यादव कि हमलोगों ने पिछले 27 सालों में काफी उतार चढ़ाव देखे हैं। उतार-चढ़ाव के कारण राजद मजबूत हुआ है। तेजस्वी के नेतृत्व में आगे की लड़ाई को लड़ेंगे। लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बहुत कमजोर है। इस साल अगस्त तक ही यह सरकार चलेगी। मैं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से तैयार रहने की अपील करता हूं, क्योंकि चुनाव कभी भी हो सकते हैं। दिल्ली में मोदी सरकार बहुत कमजोर है और यह अगस्त तक गिर सकती है। वहीं तेजस्वी यादव ने अपने पिता के बयान पर सहमति जताते हुए कहा कि केंद्र की सरकार पांच साल नहीं चलेगी।

## राहुल गांधी से लिपटकर रोए हाथरस हादसे के पीड़ित परिजन

# टेंशन न लो हम हैं : राहुल गांधी

- राहुल गांधी ने हाथरस में भगदड़ की घटना को बताया दुखद
- मृतकों के परिजनों से की मुलाकात
- प्रशासन की कमी तो है और गलतियां हुई हैं



**हाथरस।** लोकसभा में विपक्ष के नेता सांसद राहुल गांधी ने हाथरस में भगदड़ की घटना को बेहद दुखद बताया। उन्होंने शुक्रवार को हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात की।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रशासन की ओर से चूक हुई थी। कांग्रेस नेता ने साथ ही कहा कि वह इसे राजनीतिक रंग नहीं देना चाहते। गौरतलब है कि हाथरस जिले के फुलरई गांव में दो जुलाई को एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गए। हाथरस में शुक्रवार को सुबह पीड़ित परिवारों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में सांसद राहुल गांधी ने कहा, ''यह दुख की बात है कि इतने परिवारों को कष्ट सहना पड़ा, इतने लोगों ने अपनी जान गंवा दी।'' वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, ''मैं राजनीतिक नजरिए से बात नहीं करना चाहता, लेकिन प्रशासन की ओर से कुछ चूक हुई है।'' राहुल गांधी ने कहा कि मृतकों और घायलों के परिजनों को दी जाने वाली सहायता राशि में इजाफा किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि वो इस घटना को लेकर संसद में भी अपनी बात रखेंगे। राहुल गांधी सुबह दिल्ली से सड़क मार्ग से हाथरस के लिए रवाना हुए थे। उनके साथ कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष अजय राय, पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रभारी अविनाश पांडे, पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और अन्य पदाधिकारी भी थे। वह सुबह करीब नौ बजे हाथरस के विभव नगर कॉलोनी के ग्रीन पार्क पहुंचे। पार्क के अंदर परिवारों से बातचीत के दौरान गांधी के साथ राय और स्थानीय जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य भी मौजूद थे। जांच में करीब 200 मोबाइल नंबर पुलिस के रडार पर हैं। कुछ नंबरों पर घटना वाले दिन भोले बाबा की बात हुई थी। आयोजन स्थल पर लगे बोर्ड पर 72 आयोजकों के नाम दर्ज हैं, जिनमें से अधिकांश फरार हैं।

## जम्मू-कश्मीर में दस को चुनाव आयोग की बैठक

**श्रीनगर।** चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सभी जिला चुनाव अधिकारियों की एक बैठक 10 जुलाई को बुलाई है। बैठक में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की प्रगति का जायजा लिया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग 19 अगस्त के बाद किसी भी समय चुनाव का एलान कर सकता है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में जारी श्री अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को रक्षाबंधन वाले दिन संपन्न होगी। चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर में चुनाव संबंधी तैयारियों को गति देते हुए गैर-पंजीकृत दलों से चुनाव चिह्न के आवंटन के लिए आवेदन भी आमंत्रित किए हैं।

इसके अलावा प्रदेश में मतदाता सूचियों की पुनरीक्षण की प्रक्रिया भी जारी है। प्रदेश में अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन 20 अगस्त को होना है।

**हाथरस हादसा** — 100 से अधिक लोगों के बयान दर्ज

# एसआईटी ने सीएम योगी को सौंपी जांच रिपोर्ट

- सीएम योगी ने एसआईटी को 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे



**लखनऊ।** हाथरस भगदड़ की जांच के लिए गठित एसआईटी ने उस त्रासदी पर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें इस सप्ताह की शुरुआत में कम से कम 123 लोगों की जान चली गई थी। यह भगदड़ मंगलवार को धार्मिक उपदेशक नारायण साकार हरि, जिन्हें भोले बाबा के नाम से भी जाना जाता है, के सत्संग के दौरान हुई।

यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास 5, कालिदास मार्ग पर 15 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एसआईटी को 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे। यह एसआईटी रिपोर्ट एडीजी आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ और अलीगढ़ कमिश्नर चैत्रा वी के तहत तैयार की गई थी। 15 पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट में डीएम और एसपी समेत करीब 100 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। एसआईटी के सदस्यों ने भगदड़ का कारण जानने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों, कार्यक्रम से जुड़े लोगों और सेवादारों से बात की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने डीजीपी प्रशांत कुमार से हाथरस मामले पर पूरी जानकारी ली। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में कुछ ऐसे राजनीतिक नेताओं के नाम का जिक्र है जिनके चुनाव में %भोले बाबा% ने अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा %भोले बाबा% के अन्य लिंक्स का भी जिक्र किया गया है। सूत्रों ने बताया कि रिपोर्ट राजनीतिक साजिश की ओर इशारा करती है। सभा में लोगों की संख्या का अनुमान नहीं लगा पाने को लेकर कुछ स्थानीय नेताओं, सेवादारों, कार्यक्रम के आयोजकों और वहां तैनात अन्य अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं।

### न्यायिक जांच आयोग की टीम हाथरस में आज

प्रदेश सरकार की ओर से सत्संग के बाद हुई भगदड़ घटना के लिए न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम 6 जुलाई को हाथरस आएगी। जांच आयोग की इस टीम में पूर्व आईएएस हेमंत राव, पूर्व आईपीएस भवेश कुमार सिंह मौजूद रहेंगे।

# तमिलनाडु में बीएसपी अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की हत्या

- 6 आरोपियों ने घर के सामने ही दिया वारदात को अंजाम
- चेन्नई पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है



**चेन्नई।** तमिलनाडु में शुक्रवार को बहुत बड़ी घटना हो गई। तमिलनाडु के बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की शाम हत्या कर दी गई। यह घटना चेन्नई के पेरांबूर में आर्मस्ट्रांग के घर के पास हुई, जिसमें 6 लोगों की अज्ञात भीड़ ने उनकी हत्या कर दी। चेन्नई पुलिस ने बताया है कि पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं, घटना सेम्बियम पुलिस क्षेत्राधिकार में हुई है। आर्मस्ट्रांग को गंभार हालत में प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि हमले के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। आर्मस्ट्रांग पेशे से वकील और राज्य में दलितों की आवाज के रूप में जाने जाते थे। वह पहले ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन में पार्षद रह चुके थे। पुलिस ने फिलहाल इलाके को अपने कब्जे में ले लिया है. आर्मस्ट्रांग पेशे से वकील थे, जिन्होंने साल 2006 के स्थानीय निकाय चुनाव में शहर के एक वार्ड से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल की थी। 2007 में उन्हें बीएसपी की राज्य इकाई का सदस्य बनाया गया था।



# एक युवक को कटरूआ खरीदना पड़ा महंगा चुकाने पड़े 30 हजार रुपये

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में बारिश के मौसम में जंगली सब्जी कटरूआ की बिक्री शुरू हो गई है। हालांकि जंगल में घुसकर कटरूआ बीनने पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद जंगल से कटरुआ लाकर बेचा जा रहा है। एक युवक को कटरूआ खरीदना इतना महंगा पड़ा कि उसे 30 हजार रुपये चुकाने पड़े। युवक ने वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि उसने डेढ़ किलो कटरूआ खरीदा था। घर लौटते वक्त उसे वन कर्मियों ने पकड़ लिया। जंगल से कटरूआ बीनने का आरोप लगाकर उससे 30 हजार रुपये वसूल लिए। मामला बांकेगंज इलाके का है। जंगल में कटरूआ बीनने के नाम पर अवैध वसूली का वीडियो वायरल होने के बाद जांच शुरू हो गई है। मामला संज्ञान में आने पर दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार वर्मा के निर्देश पर उप प्रभागीय वनाधिकारी बफरजोन मनोज कुमार तिवारी जांच के लिए मैलानी रेंज पहुंचे और मामले में संबंधित लोगों से पूछताछ की। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ढ़खवा गांव निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि वह अपने साथी के साथ अपनी ननिहाल पहाड़ नगर गया था। जहां से उसने खाने के लिए डेढ़ किलो कटरूआ खरीदे और बाइक से अपने घर जा रहा था। जटपुरा मार्ग पर एक फॉरेस्टर और फारेस्ट गार्ड ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके झोले में डेढ़ किलो कटरूआ बरामद हुए। इस पर दोनों वन कर्मी उसे बाइक समेत जटपुरा चौकी ले गए और कार्रवाई का डर दिखाकर 50 हजार रुपये की मांग की। आखिर में 30 हजार रुपये में बात तय हुई। उसने रुपये दिए तो दोनों को छोड़ा गया। बाद में प्रमोद ने पूरी घटना बताते हुए वीडियो बनाया और बृहस्पतिवार शाम उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया। जब यह वीडियो डीटीआर के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा के संज्ञान में आया तो उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच के लिए उप प्रभागीय वनाधिकारी (एसडीओ) बफरजोन मनोज कुमार तिवारी को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंचे वनाधिकारी ने ग्रामीणों और जटपुरा प्रधान पति से पूछताछ की। एसडीओ ने बताया कि जांच में पाया गया कि जंगल से कटरूआ बीनने के आरोप में प्रमोद के खिलाफ वन अधिनियम के तहत केस काटा गया था। जिसके तहत 15 हजार रुपये जुर्माने की वसूली की गई है।

## महिला ने समुदाय विशेष के दबंगों पर प्रताड़ना का लगाया आरोप

**लखीमपुर खीरी।** फरधान थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें महिला ने समुदाय विशेष के दबंगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए घर छोड़ने की बात कह रही है। उसने दरवाजे पर हाथ से लिखा पोस्टर लगाया और ताला डालकर चली गई। वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन गांव दौड़ा। वहां महिला के घर पर ताला लगा मिला। पुलिस का दावा है कि महिला घर के पास लगे कारखाने व जनरेटर की आवाज से परेशान है। पुलिस पहले भी यह मामला सुलझाने का प्रयास कर चुकी है।फरधान थाना क्षेत्र के गांव एंटा में रहने वाली सुमन देवी ने शुक्रवार को एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। महिला ने वीडियो के जरिए बताया कि वह दूसरे समुदाय के लोगों से परेशान है। पुलिस प्रशासन उसकी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिससे परेशान होकर वह अपनी मां के साथ अपना गांव छोड़कर जा रही है। महिला ने पुलिस पर भी आरोप लगाया। इसके बाद महिला ने घर के बाहर पलायन का पोस्टर लगाया और ताला डालकर चली गई। इसकी जानकारी अधिकारियों को हुई तो उनमें हड़कम्प मच गया। एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह व सीओ सदर रमेश तिवारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए गांव जाकर पड़ताल की गई। उत्पीड़न जैसी कोई बात सामने नहीं आई। असल दिक्कत यह थी कि सुमन देवी के घर के पीछे एक स्पेलर का कारखाना है। वह उसकी धमक और आवाज से परेशान थी। इस वजह से उसने यह कदम उठाया। कारखाना दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति का है। उस पक्ष को भी बुलाया गया। वे कारखाने को दूर लगाने पर राजी हो गए। इसके बाद महिला को भी जानकारी दी गई।

# हनुमान मंदिर से साउंड सिस्टम और दान पात्र ही पार कर ले गए चोर

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सब्जी मंडी स्थित हनुमान मंदिर से चोर साउंड सिस्टम और दान पात्र ही पार कर ले गए। दानपत्र में हजारों रुपए होने का अनुमान है। दानपात्र महीने में एक बार खोला जाता है। पूरे माह दान एकत्र होता रहता है। शहर में चोरों की गतिविधियां तेज होती जा रही है। एक के बाद एक घटना को अंजाम दिया जा रहा है। मंदिर पुजारी राम सेवक दीक्षित के अनुसार चोरों ने बुधवार की रात मंदिर में प्रवेश कर साउंड सिस्टम और दानपात्र उठा ले गए। मंदिर कमेटी ने पुलिस को तहरीर दी गई है। चोरों ने अभी पिछले सप्ताह ही एक ही रात चार दुकानों को निशाना बना हजारों का माल पार कर दिया था। जिसकी रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की गई है। पुलिस की सुस्ती से व्यापारी भयभीत हैं और गस्त पर सवाल उठ रहे हैं।

## आर्थिक सहायता की सौंपी चेक

**लखीमपुर खीरी।** हाथरस के सत्संग में हुई भगदड़ मैं मरी बुजुर्ग महिला के परिजनों को गोला विधायक अमन गिरि ने शासन दवारा दी गई आर्थिक सहायता की चेक सौंपी। भगदड़ में ग्राम बहादुरगंज की जशोदा की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दो लाख रुपये की सहायता प्रदान दिए जाने की घोषणा की थी। डीएम के आदेश पर गोला एसडीएम विनोद गुप्ता व विधायक अमन गिरी गांव पहुंचे और मृतका के पुत्र राजाराम को दो लाख की चेक दी।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय को सुरक्षा दिलाने को कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**सहारनपुर।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय व उनके परिजनों को सुरक्षा



दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया तथा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

जिला व कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष वरूण शर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में एकत्र हुए तथा जिलाधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को संसद में विपक्ष कदापि बर्दाश्त नहीं है, क्योंकि कांग्रेस सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सरकार से नीट-नेट के पेपर लीक होने के साथ-साथ बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई, मणिपुर आदि ज्वलंत मुद्दों पर सवाल पूछते हुए उन पर बहस की मांग करते हैं। श्री राणा ने कहा कि अब हद तो तब हो गई जब राहुल गांधी ने संसद में भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे का पर्दाफाश किया, जिससे तिलमिलाकर पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालयों और कांग्रेस के नेताओं के घरों को निशाना बनाना शुरू किया। महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने वाराणसी में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय के आवास के बाहर भाजपा नेताओं और उनके समर्थकों का उग्र प्रदर्शन निंदनीय है। उन्होंने अराजकता व भय का माहौल बनाने वाले दोषियों के खिलाफकठोर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों को पूर्व राज्य मंत्री शायान मसूद, प्रदेश सचिव अशोक सैनी, प्रवीण चौधरी, पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू ने संबोधित किया। प्रदर्शनकारियों में प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मनीष त्यागी, अक्षय चौधरी, संदीप चौधरी, भानु राणा, रजनीश प्रधान, रजत कोलकी, सचिन राना, मधु सहगल, पूर्व युवा जिला अध्यक्ष नितिन शर्मा, इकराम खान, धर्मपाल जोशी, सेवादल के जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, नगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, उपमा सिंह, अनिरुद्ध गुरूग, आरिफमंसूरी, प्रभजीत सिंह, सतपाल बर्मन, भूपेंद्र सैनी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एचटी लाइन के करंट से महिला की दर्दनाक मौत

**सहारनपुर।** थाना नकुड़ क्षेत्रान्तर्गत गांव कैण्डल के जंगल से पशुओं के लिए चारा लेकर लौटी रही एक महिला की एचटी लाईन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गयी। मौत से गुस्साएं परिजनों व ग्रामीणों विद्युत अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव को रखकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस व विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जनकारी के अनुसार कैण्डल निवासी 40 वर्षीय गीता पत्नी रजनीश दोपहर के समय खेत से पशुओं के लिए चारा देकर लौट रही थी। इसी दौरान वह खेतों से गुजर रही एचटी लाईन की चपेट में आ गयी। जबकि उसके साथ चल रही 13 वर्षीय बालिका बाल-बाल बच गई। बालिका द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों मौके पर पहुंचे, तब तक गीता की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर नकुड कोतवाली प्रभारी धमैद्र गौतम व अबेहटा चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह भड़ाना मौके पर पहुंचे और विद्यत विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। मृतका के परिजनों का आरोप था कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण महिला की मौत हुयी है। क्योंकि कई बार शिकायत के बावजूद भी विद्युत विभाग द्वारा खेतों में बिजली के लटके हुए तारो को ठीक नहीं कराया गया हैं। उन्होंने मुआवजे की मांग करते हुए मृतका के शव को नहीं उठाने दिया। पुलिस ने मृतका के परिजनों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों ने विद्युत विभाग के एसडीओ और जेई पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है।

## जनसमस्याओं के निराकरण को व्यापारी नगरायुक्त से मिले

**सहारनपुर।** विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल से जुड़े व्यापारी आज नगरायुक्त संजय चौहान से मिले और उन्हें सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का निस्तारण किए जाने की मांग की। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल से जुडे व्यापारी प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र भूषण गुप्ता व महानगर अध्यक्ष मुकुन्द मनोहर गोयल के नेतृत्व में एकत्र होकर निगम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने नगरायुक्त को सौंपे ज्ञापन में बताया कि निगम द्वारा पावं धोई नदी के उपर शिवालिक बैंक के सामने व नगर कोतवाली के सामनें पुल बनाये गये है, इन पुलों की ऊचाई अधिक होने के चलते पांवधोई नदी के बराकर वाली सड़कों पर जाम लगा रहता है।

# जमीनी विवाद में चाचा ने भतीजे को गोली मारकर उतारा मौत के घाट

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** गंगोह कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मात्र दो बीघा जमीन को पाने की चाह में चाचा ने रिश्तों को तार-तार करके रख दिया। अब सगे भतीजे की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में चाचा के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसके आधार पर पुलिस हत्यारे चाचा की तलाश में लगातार दबिशें दे रही है।

कुलदीप जेहरा की हत्या के आरोप में सगे भाई संजय पुत्र कृपाल ने अपने सगे चाचा किरण पाल उर्फ बबली के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके अनुसार कोतवाली अन्तर्गत गांव जेहरा में चाचा किरण पाल उर्फ बबली व स्वर्गीय कृपाल सिंह की पत्नी के नाम दादइलाही जमीन का बंटवारा हो गया था, जिसके बाद चाचा ने नींव की खुदाई शुरु करदी थी। मगर चाचा की निगाह मृतक कुलदीप पुत्र कृपाल की लोनमुक्त दो बीघा जमीन पर थी। वह चाहता था कि कुलदीप जमीन की अदला बदली करलें। जिसके लिए कुलदीप तैयार नही था। जिसके चलते गुरुवार को फंदपुरी में बिजलीघर पर तैनात संविदाकर्मी कुलदीप सायं को घर लौटा, तो सहारनपुर में प्रापटी डीलर का कार्य करने वाले चाचा किरनपाल उर्फ बबली ने जमीन की अदला बदली की बात कही, मगर कुलदीप ने इंकार कर दिया। जिसपर गुस्सायें चाचा ने छाती से सटाकर गोली मारकर कुलदीप की हत्या कर डाली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर किरण पाल उर्फ बबली के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसकी तलाश में पुलिस पार्टियों को रवाना कर दिया है। मगर अभी तक उसका कोई सुराग नही लग सका है।

# नगरायुक्त ने किया अधिकारियों के साथ कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

### झाड़-झंखाड़ साफकरने, केबिल कार्य पूरा करने तथा पोल पर करंट से बचाव के लिए दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने आज निगम अधिकारियों के साथ कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया और कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कांवड़ सेवा शिविर के पदाधिकारी व संचालक भी साथ रहे। नगरायुक्त ने कांवड़ मार्ग पर कांवड़ यात्रा के दौरान विशेष साफ सफाई, सड़क किनारे खड़े झाड़-झंखाड़ व पेड़ों की कंटाई-छंटाई, नाले-नालियो की सफाई, आवश्यक स्थानों पर बेरिकेटिंग, पूरे कांवड़ मार्ग के अलावा कांवड़ शिविरों के आस-पास समुचित प्रकाश व्यवस्था, बिजली के सभी खंभों पर करंट प्रोटेक्शन फिल्म लगाने तथा शौचालयों में पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने नगर निगम सीमा अंतर्गत अंबाला रोड स्थित बड़ी नहर पुल से देहरादून रोड स्थित कुम्हार हेड़ा तक सभी शिविर स्थलों पर रुक-रुककर जायजा लिया। शिव कांवड़ सेवा शिविर के संचालक संजय पुटेला, कैलाश धाम कांवड़ सेवा शिविर के राजीव चानना व रविकांत ने नगरायुक्त को पूरे कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कराते हुए शिविर स्थलों के पास जलभराव की स्थिति से अवगत कराया और शौचालयों में पानी की व्यवस्था व मोबाइल शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था करने का अनुरोध किया। जिस पर नगरायुक्त ने जलकल विभाग को निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग पर जहां भी निगम के शौचालय है वहां पाइप से पानी का कनेक्शन किया जाए, जहां पाइप नहीं है वहां शौचालय पर पानी का टैंक रखवाकर दिन में दो बार पानी के टैंकर से उसमें पानी की आपूर्ति की जाए।

नगरायुक्त संजय चौहान ने स्मार्ट सिटी की कार्यदायी संस्था आरसीसी को चेतावनी देते हुए कहा कि जहां भी स्मार्ट रोड पर केबिल बाहर



निकली पड़ी है वहां कार्य तुरंत निपटा लें और जो भी निर्माण सामग्री सड़क पर पड़ी है उसे तुरंत हटा लें अन्यथा सब सामान जब्त कर पेनल्टी लगायी जायेगी। उन्होंने कहा कि टाइल्स लगाने का कार्य कांवड़ से पहले पूरा करें ताकि अम्बाला रोड़ पर शिविर स्थलों के पास जल भराव न हो। साथ ही उन्होंने 15 दिन के भीतर गड्ढ़े भरने के भी निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने मेला गुघाल के निकट काली माता मंदिर तथा डबनी वाला कब्रिस्तान सहित अनेक शिविर स्थलों पर विशेष प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए। अम्बाला रोड पर कब्रिस्तान के किनारे रस्सों की बेरिकेटिंग करने और कब्रिस्तान होने का संकेत सूचक बोर्ड लगाने तथा काली माता मंदिर के निकट रेल पटरी के किनारे ‘खतरा’ लिखा बोर्ड लगाने को कहा। उन्होंने देहरादून रोड पर नवादा तिवाया चौक पर जैटिंग मशीन से नाला सफाई कराने का सुझाव दिया।

# दहेज हत्या में वांछित महिला समेत तीन आरोपी किये गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कोतवाली नकुड़ पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित पिता-पुत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इसके अलावा दहेज हत्या की एक अन्य घटना में शामिल एक महिला को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार रवि कुमार पुत्र मोहकम सिंह निवासी गांव भैरमऊ थाना नकुड़ की तहरीर पर आज नकुड़ कोतवाली में वादी की बहन श्रीमती मोनी देवी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व उसकी हत्या कर देने के संबंध में मांगेराम पुत्र मोल्हड़, श्रीमती मुन्नी पत्नी मांगेराम, सचिन, रोहित व बिरम पुत्रगण मांगेराम व मीनाक्षी पत्नी रोहित निवासीगण कैण्डल थाना नकुड़ के खिलाफ धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि उनके व उपनिरीक्षक राकेश राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कस्बा अम्बेहटा स्थित जिंदा हसन के बाग के पास से दो नामजद आरोपियों मांगेराम व सचिन को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी श्री गौतम ने बताया कि इसके अलावा विगत् 24 अप्रैल को वादी राजबीर सिंह पुत्र सीताराम निवासी गांव डकरावर कला थाना रामपुर मनिहारान की लिखित तहरीर पर वादी की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या कर देने के संबंध में थाना नकुड़ पर श्रीमती पूनम पत्नी प्रदीप कुमार, रेणूका पुत्र प्रदीप कुमार व प्रभात पुत्र प्रदीप कुमार निवासीगण बान्दुखेड़ी थाना नकुड़ के खिलाफ धारा 498ए/304बी आईपीसी व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पूर्व में ही आरोपी प्रभात को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आज उनके व उपनिरीक्षक राकेश शर्मा व महिला उपनिरीक्षक कमलेश उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बान्दुखेड़ी चौराहे के पास से नामजद महिला आरोपी श्रीमती पूनम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## पिकअप व बाईक भिड़न्त में बाईक सवार दो युवक गंभीर

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी क्षेत्रान्तर्गत गांव कैलाशपुर में पिकअप व बाईक की टककर में बाईक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना जनकपुरी क्षेत्रान्तर्गत चकहरेटी निवासी नागर व जेल चुंगी निवासी अर्जुन पुत्र जयंत अपनी बाईक पर सवार होकर देहरादून रोड पर जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वह कैलाशपुर बिजलीघर के पास पहुंचे, तो तभी एक पिकअप ने उनकी बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें नागर व अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना होते ही चालक पिकअप को लेकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुयी है।

# खंड विकास अधिकारी ने दिलायी जल को संरक्षित रखने की शपथ

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जल गुणवत्ता की सर्विलांस एवं निगरानी, फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन, शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु आयोजित कार्यशाला में आमजन को वर्षा जल को संरक्षित करने एवं शुद्ध पेयजल के लाभों से अवगत कराया गया। विकास खंड पुवांरका में वेलफेयर एंड इलस्ट्रेशन आफ ग्रामीण नीडी सोसाइटी लखनऊ द्वारा आयोजित कार्यशाला में खण्ड विकास अधिकारी नीरू मालिक ने जल शपथ दिलाते हुए तथा बढ़ते तापमान को देखते हुए उपस्थित लोगो से पेड़ लगाने और वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पं.कवर पाल सैनी, प्रधान संघ अध्यक्ष संजय वालिया एवं बाल विकास अधिकारी ने जल से होने वाली समस्याओं के बारे में बताया और लोगों को शुद्ध पेयजल का सेवन करने पर जोर दिया। इस दौरान वाल राइटिंग, नुक्कड़ नाटक टीम, स्वच्छता मेला टीम, स्वास्थ्य कल्याण समिति की बैठक, पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक, कार्यशाला, आंगनबाड़ी एवं स्कूल पर स्वच्छता क्लब का गठन एवं ड्राइंग प्रतियोगिता गतिविधियां हेतु वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।


# कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद - सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 333(2)/न0पं0 कपि0सि0नगर/2024-25 दिनांक : 05/07/2024

## अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-8/1213/320/15वां वि0आ0/2020-21 लखनऊ, दिनांक 17 मार्च, 2021 के क्रम में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि से नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद-सिद्धार्थनगर में 15वाँ वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड की धनराशि से नगर पंचायत कपिलवस्तु के वार्ड सं0-5 सरदार पटेल नगर (रामदयालपुर) में गाटा सं0-51 में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु द्वितीय बार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य से संबंधित निविदा दिनांक 05.07.2024 से दिनांक 25.07.2024 तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपरान्ह 04.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा व अन्य के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं। उक्त निविदा दिनांक 25.07.2024 को सायं 05.00 बजे खोली जायेगी, जिसे संबंधित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता हैं। जिसका विवरण निम्नवत है-

| | | |
|---|---|---|
| (A) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 05.07.2024 अपरान्ह 04.00 बजे तक |
| (B) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि/समय | 05.07.2024 अपरान्ह 04:00 बजे से |
| (C) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा/बिड अपलोड की तिथि/समय | 05.07.2024 अपरान्ह 04:30 बजे से |
| (D) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा/बिड अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 25.07.2024 अपरान्ह 04.00 बजे तक |
| (E) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समय | 25.07.2024 सायंः 05.00 बजे |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**


# स.हरजीत सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष व ऋषभ अग्रवाल बने महासचिव



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आईआईए के नवनियुक्त चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने स.हरजीत सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ऋषभ अग्रवाल को महासचिव व अनुज कुमार जैन को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रताप मार्केट स्थित आईआईए चैप्टर कार्यालय पर आयोजित बैठक में नवनियुक्त चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने अपनी टीम का गठन करते हुए स.हरजीत सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ऋषभ अग्रवाल को महासचिव व अनुज कुमार जैन को कोषाध्यक्ष, चिराग सुनेजा को सह-सचिव व यूथ विंग कन्वीनर तथा शिवम गोयल को यूपीसीडा औद्योगिक क्षेत्र का कन्वीनर नियुक्त करने की घोषणा की। बैठक को संबोधित करते हुए चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने कहा कि वह अपनी पूरी निष्ठा व योग्यता के अनुसार एमएसएमई को आगे बढ़ाने का हर संभव प्रयास करेंगे। नवनियुक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष स.हरजीत सिंह ने कहा कि हमें संगठन को और अधिक शक्तिशाली बनाने के लिए अपनी मेम्बरशिप ग्रोथ पर विशेष ध्यान देना होगा, तभी हम शासन व प्रशासन में अपनी बात प्रभावी ढंग से रखकर समस्याओं का निस्तारण कराने में कामयाब होंगे। नवनियुक्त महासचिव ऋषभ अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष संस्था के सदस्यों के ज्ञानवर्धन के लिए अधिक से अधिक एमएसएमई उद्योग से सम्बन्धित कार्यशालाएं की जायेगी, ताकि उद्यमी सदस्यों को लाभ मिल सकें। बैठक को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, मंडलीय अध्यक्ष राजेश सपरा, आरके धवन, केएल अरोडा ने भी संबोधित किया। बैठक में दर्शन कुमार गुप्ता, गौरव चोपडा, राजेश गुप्ता, नवीन ठक्कर, अरविन्द खन्ना, विनय दहुजा, सुरेन्द्र मोहन कालडा, मनोज जैन, अविनाश अरोडा, अब्बू बकर सिद्धकी, नौशाद अली, राजीव धारिया आदि उपस्थित रहे।

## डायमण्ड ज्वैलरी लूट कांड में शामिल दो सेल्समैन समेत पांच आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** डायमण्ड ज्वैलरी लूटकांड का थाना नागल, स्वाट व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने संयुक्त खुलासा कर पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। ज्वैलर्स स्वामी के कर्मचारियों ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की झूठी घटना का षडयंत्र रचा था। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 50 हजार की नगदी, घटना में प्रयुक्त बाईक व अवैध असलाह बरामद किया है। एसएसपी ने लूट की घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 50 हजार रूपये का ईनाम देने की घोषणा की। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष डायमण्ड ज्वैलरी लूटकांड का खुलासा करते हुए एसएसपी रोहित सजवान ने बताया कि प्रियांक अग्रवाल पुत्र प्रदीप अग्रवाल निवासी हरनाम दास रोड थाना सिविल लाइन जिला मेरठ ने सूचना दी थी कि उसकी दुकान पर काम करने वाले सेल्समैन सत्यम शर्मा व तरूण सैनी उसकी गाड़ी से अंबाला, सहारनपुर के अलावा अन्य शहरों में भी दुकान से ज्वैलरी व ज्वैलरी के सैम्पल लेकर जाते है।

# पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव का अहमदाबाद हुआ स्थानांतरण

**वाराणसी।** वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव का स्थानांतरण कार्यकाल पूरा होने के बाद इसी पद पर अहमदाबाद के लिए हो गया है। भारतीय डाक सेवा के वर्ष 2001 बैच के अधिकारी श्री यादव का कार्यकाल वाराणसी में 3 वर्ष 9 माह का रहा। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल के रूप में श्री कृष्ण कुमार यादव ने डाक सेवाओं को न सिर्फ लोगों से जोड़ा बल्कि उसे व्यापक आयाम भी प्रदान किये। इस दौरान न सिर्फ विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति के मामले में वाराणसी परिक्षेत्र ने नए आयाम स्थापित किये, बल्कि डाक सेवाओं के बारे में जनजागरूकता और भागीदारी भी बढ़ी। वे वाराणसी परिक्षेत्र में सबसे लम्बे समय तक कार्य करने वाले पोस्टमास्टर जनरल भी रहे। क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित शुभकामना एवं अभिनंदन समारोह में डाक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव को सम्मानित किया और उनके नये दायित्वों के बारे में शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। सहायक निदेशक श्री आरके चौहान और बृजेश शर्मा ने कहा कि विभागीय कार्यों में तत्परता के साथ -साथ सामाजिक और साहित्यिक सरोकारों से अटूट लगाव, उन्हें एक संवेदनशील और लोकप्रिय अधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित करता है। वाराणसी में अपने कार्यकाल के अनुभवों को शेयर करते हुए श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि पोस्टमास्टर जनरल के रूप में वाराणसी परिक्षेत्र में कार्य करना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही। वाराणसी परिक्षेत्र में सभी विभागीय योजनाओं को तत्परता के साथ लागू किया गया और इसमें सभी विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने भरपूर सहयोग दिया।

# कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद - सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 332(2)/न0पं0 कपि0सि0नगर/2024-25 दिनांक : 05/07/2024

## अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-369/2024/नौ-5-2024/ 001-Com.No-1798662 नगर विकास अनुभाग-5 दिनांक 14 मार्च, 2024 के क्रम में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि से नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद-सिद्धार्थनगर में सीवरेज एवं जल निकासी योजना/राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड की धनराशि से नगर पंचायत कपिलवस्तु में निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य से संबंधित निविदा दिनांक 05.07.2024 से दिनांक 25.07.2024 तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपरान्ह 04.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा व अन्य के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं। उक्त निविदा दिनांक 25.07.2024 को सायं 05.00 बजे खोली जायेगी, जिसे संबंधित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता हैं। जिसका विवरण निम्नवत है-

| | | |
|---|---|---|
| (A) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 05.07.2024 अपरान्ह 04.00 बजे तक |
| (B) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि/समय | 05.07.2024 अपरान्ह 04.00 बजे से |
| (C) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा/बिड अपलोड की तिथि/समय | 05.07.2024 अपरान्ह 04.30 बजे से |
| (D) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा/बिड अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 25.07.2024 अपरान्ह 04.00 बजे तक |
| (E) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समय | 25.07.2024 सायं: 05.00 बजे |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बेहटा- सीतापुर

पत्रांक : 487/पंचम राज्य वित्त/15वाँ वित्त (अनटाईड/टाइड)/निविदा पत्रा0/2024-25 दिनांक : 05.07.2024

## निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की मोहरबंद निविदायें दिनांक 22.07.2024 के अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 04.30 बजे ठेकेदारों के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी टेण्डर को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 06.07.2024 से दिनांक 22.07.2024 तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से सांय 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत की जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी बेहटा के नाम बंधक होगा। टेण्डर स्वीकार की स्थिति में एवं प्रतिभूति की धनराशि स्वीकार टेण्डर की 08 प्रतिशत जमा करना अनिवार्य होगा, अन्य शर्तों आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां जमा करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंको एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | परियोजना का नाम | कार्य का प्रकार | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | कार्य की प्राक्कलित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्देसुवा | रमेश प्रधान के खेत के पास पुलिया | 15वाँ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 611000.00 | 1000.00 | 12300.00 |
| 2 | डयोढीडीह | फुलवारी व गोबरे के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 15वाँ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 611000.00 | 1000.00 | 12300.00 |
| 3 | मरसण्डा | हरिनाम बढई के घर से नेकलाल गिरि के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 15वाँ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 932000.00 | 1000.00 | 18700.00 |
| 4 | औरंगाबाद | मेन रोड से राजकुमार के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 15वाँ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 912600.00 | 1000.00 | 18300.00 |
| 5 | बिसवाँखुर्द | मनोज के घर से घनश्याम चौधरी के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 15वाँ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 953200.00 | 1000.00 | 19100.00 |
| 6 | मरसण्डा | सोनासर के घर से मुनीजर के घर तक शेष भाग में इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | 15वाँ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 932000.00 | 1000.00 | 18700.00 |
| 7 | सहिजर कला | रामभूषन बी0डी0सी0 के घर से मोहन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 15वाँ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 694800.00 | 1000.00 | 13900.00 |
| 8 | करमूडीह | गोबरहिया पुल डायवर्जन से बालाजी मन्दिर तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 837200.00 | 1000.00 | 16800.00 |
| 9 | दुबई | दुबई बाजार के किनारे गढढे में मिट्टी पटाई कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 968000.00 | 1000.00 | 19400.00 |
| 10 | बेहटा पकौरी | विकास खण्ड मुख्यालय को मेन रोड से जोड़ने वाले मार्ग पर गेट निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 617000.00 | 1000.00 | 12400.00 |
| 11 | गुरेला | राममूर्ति के घर से विक्रम की चक्की तक खण्डजा मरम्मत कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 971000.00 | 1000.00 | 19500.00 |
| 12 | दुबई | दुबई बाजार में चबूतरा एवं इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 997000.00 | 1000.00 | 20000.00 |
| 13 | मूड़ीखेरा | मेन रोड से भिठिया तक खण्डजा मरम्मत कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 931900.00 | 1000.00 | 18700.00 |
| 14 | गुरेला | अमरनगर से गुरेला के मध्य खण्डजा मरम्मत कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 661000.00 | 1000.00 | 13300.00 |
| 15 | सुल्तानापुर | चौका पुल से जगीर गाँव तक खण्डजा मरम्मत कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 998100.00 | 1000.00 | 20000.00 |
| 16 | कठूरा | बाबू के घर से राजेश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 878800.00 | 1000.00 | 17600.00 |
| 17 | बिसवाँखुर्द | संजय वर्मा के घर से जगज्योति के घर तक इण्टरलाकिंग के दोनो तरफ मिट्टी एव इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 923800.00 | 1000.00 | 18500.00 |
| 18 | बिसवाँखुर्द | राधेश्याम चौधरी के घर से सोबरन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 577300.00 | 1000.00 | 11600.00 |
| 19 | मानपुर मल्लापुर | मानपुर लखनीपुर रोड से शत्रोहन के खेत तक मिट्टी खण्डजा कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 548000.00 | 1000.00 | 11000.00 |
| 20 | रोहा चॉदीखेरा | बसन्त वर्मा के मकान से सुरेन्द्र वर्मा के मकान तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | प्राक्कलन के अनुसार | 622900.00 | 1000.00 | 12500.00 |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बेहटा-सीतापुर**

**डॉ अरुण कुमार ने पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान-2024 की तैयारियों की समीक्षा की**

# पौधा रोपित कर उसकी सुरक्षा और सिंचाई की पूरी व्यवस्था की जाए

- वृक्षारोपण अभियान को जन आंदोलन बनाया जाए



**लखनऊ।** वन एवं वन्य जीव विभाग मुख्यालय स्थित पारिजात सभागार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश, डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान-2024 की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा अपने निजी क्षेत्रों के साथ-साथ सड़क, पार्क, खेत की मेड़ आदि पर पौधा रोपित कर उसकी सुरक्षा और सिंचाई की पूरी व्यवस्था की जाए। प्रदेश में वृक्षारोपण अभियान को जन आंदोलन बनाया जाए और हर व्यक्ति अपनी माँ की स्मृति में या माँ के साथ एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाए। मंत्री जी ने व्यापक सक्रिय जन सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि समस्त सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं, सिविल सोसायटी, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, रोटरी/रोट्रैक्ट/लायंस क्लब, सभी प्रकार के मंडल, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) आदि की सहभागिता के साथ वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाए। बैठक में वृक्षारोपण अभियान से संबंधित निजी क्षेत्रों के कार्यकारी अधिकारी, गैर सरकारी संगठन, सिविल सोसायटी, विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं, एनएसएस, स्काउट्स-गाइड, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल दल, महिला दल, महिला मंगल दल, रोटरी/ रोट्रैक्ट/ लायंस क्लब, सभी व्यापार मंडल, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), आयुर्वेदिक संस्थाएं, नारी उत्थान समितियां, विद्यार्थी परिषद्, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के संगठन, मॉर्निंग वॉकर्स क्लब, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन आदि के प्रतिनिधियों और संबंधित प्रभागीय वनाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश शासन, श्री मनोज सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष श्री एस0 के0 शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) श्री संजय श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुश्रवण एवं कार्य योजना) श्री सुनील चौधरी सहित वरिष्ठ वनाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# परिवहन मंत्री ने अनफिट वाहनों के खिलाफ जांच के दिए निर्देश

- फिट वाहनों का ही संचालन सुनिश्चित कराएं अधिकारी
- 8 से अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाएगा परिवहन विभाग



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले एसे सभी वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण इत्यादि की वैद्यता की जांच की जाये।

स्कूली बच्चों का सुरक्षित आवा-गमन सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। इसके लिए 08 जुलाई से स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाये। परिवहन मंत्री ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश प्राप्त है कि स्कूलों मे संचालित वाहनों की जनपदवार सूची परिवहन विभाग तैयार करें। पंजीकृत स्कूली वाहनों का सत्यापन परिवहन विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि फिट तथा अनफिट वाहनों की अलग-अलग सूची तैयार कर स्कूल प्रबधकों एवं वाहन स्वामियों के साथ बैठक कर मानक के अनुरूप संचालन सूनिश्चित कराये।

परिवहन मंत्री ने बताया कि जानकारी मिली है कि प्रदेश के अधिकाशं जनपदों में मानकों के विपरीत बिना फिट्नेस या स्कूल के नाम बिना पंजीकृत/अनुबंधित स्कूल वाहनों का संचालन किया जा रहा। मारूती वैन, मैजिक, आटों, ई-रिक्शा में बच्चों को विद्यालयों एवं अभिभावकों की सहमती से स्कूल भेजा जा रहा है, जो कि मोटर यान नियमावली का उल्लंघन है। ऐसे लोगों के खिलाफ प्रर्वतन दल अभियान चला कर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

उश्रर प्रदेश के परिवहन आयुक्त श्री चंद्रभूषण सिंह ने बताया कि परिवहन मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों का सत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रर्वतन से जुड़े सभी अधिकारियों को 08 जुलाई से अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया जा चुका है। लगभग 01 पखवाड़ा तक स्कूली वाहनों की फिट्नेस परमिट आदि की जांच अभियान चलाया जायेगा और नियम विरूद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ कार्यवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## गणित प्रतियोगिता में छात्र गोल्ड टॉपर

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-5 के छात्र आर्यन प्रकाश जौहर ने इण्टरनेशनल एबेकस कम्पटीशन में गोल्ड टॉपर का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेनफेस्ट-2024 के अन्तर्गत आयोजित की गई। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर गोल्ड टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वन महोत्सव पर लगाए अनेक प्रजाति के पेड़ पौधे



**उरई (जालौन)।** प्रतापपुरा में मटर शोधन प्लांट पर वन महोत्सव मनाया गया। जिसमे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर भगवती प्रसाद मिश्रा ने कहा कि पौधों का जीवन मे बहुत बड़ा महत्व है। पौधे लगाये और उनकी देखभाल भी करे।फार्म में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनेको प्रजातियो के पौधे लगाए ।इसी क्रम में कांग्रेस नेता ओमनारायण शर्मा ने कहा कि पेड़ पृथ्वी का श्रंगार है।हर व्यक्ति को अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना चाहिए। इस मौके पर शिव कुमार मिश्रा लक्ष्मीनारायण चतुर्वेदी दिलीप रमाकांत शैलेन्द्र चन्द्रशेखर वर्मा कमाल मास्टर भूपेन्द्र सिंह सहित कांग्रेस पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने राजधानी में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने राजधानी में सफाई व्यवस्था को देखने के लिए आज प्रातः 7:00 बजे औचक निरीक्षण किया। वह निरीक्षण के दौरान नगर निगम लखनऊ के चार वार्डा में पहुंचे और वहां पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

प्रभारी मंत्री ने आज कुंज बिहारी वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, चंद्रभान वार्ड एवं गीता पल्लीवार्ड की सफाई व्यवस्था को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने गीता पल्ली वार्ड में सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने गीता पल्ली वार्ड में सफाई व्यवस्था से संबंधित कर्मचारियों के वेतन काटे जाने के नगर आयुक्त को निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के सफाई कर्मचारीयों, सुपरवाइजर एवं जोनल सफाई इंस्पेक्टर के तीन-तीन दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। गीता पल्ली वार्ड में सीवर लाइन पड़ने के उपरांत सड़क रिपेयर का भी काम होना है, इसके संबंध में उन्होंने निर्देश दिया कि सड़क निर्माण का कार्य यथा शीघ्र पूर्ण किया जाए। अन्य तीन वार्डा कुंज बिहारी वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड और चंद्रभान वार्ड में मंत्री सफाई व्यवस्था से संतुष्ट दिखे। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर हाल में सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर करें। उन्होंने निर्देश दिया कि बारिश के चलते शहर में कही भी अव्यवस्था न हो। उन्होंने निर्देश दिया कि नालियों की नियमित सफाई हो जिससे ड्रेनेज सिस्टम प्रभावित न हो और शहर में जल जमाव की स्थिति पैदा ना हो। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में वेक्टर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है इसके दृष्टिगत स्वच्छता व्यवस्था एवं ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह, संबंधित वार्डो के सदस्य एवं स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष श्री सुनील कुमार मिश्रा तथा नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## सूचना

मुझ यशवीर सिंह पुण्डीर का 1 बैनामा रकबई 200 वर्गगज खसरा नं. 257 मि. स्थित गौका पंजौरा बैरून तह.व ज़ि. साहारनपुर, जिसका विक्रेता नरेन्द्र सिंह पुत्र साहब सिंह व क्रेता श्रीमती ओमवती पत्नी सुखबीर सिंह दि. 4.12.2001 ब.सं.1.जि.193 के पे.340 द.सं.3848, ए.डी.बु.1, जि.480,पृष्ठ 317-328 जो.सब रजि.2nd स.पुर में दर्ज है दि.2.7.24 को गिर गया मिले तो बताएं।

**पंकज सिंह एड, चै.141**
**मो.9675983535**

## सूचना

मैं अपने पुत्र विनीत शर्मा और पुत्र वधु श्रीमति रुचि उर्फ़ रुचिका को उनके, बुरे आचरण, कार्यों और बुरे व्यवहार के कारण अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर उनसे सभी संबंध विच्छेद कर रहा हूं भविष्य मैं अपने किसी भी कार्य और लेन देन हेतु वो खुद ही ज़िम्मेदार होंगें में और मेरा परिवार उनके किसी भी कार्य हेतु ज़िम्मेदार नहीं होगा।

## सूचना

सुशील शर्मा पुत्र श्री तनकेश्वर प्रसाद नि. गांव रणदेवी पोस्ट रणदेवा, नुकुड़ ज़िला, सहारनपुर मो.9719023869 मैं नाजरीन नि. शकूर मस्जिद, चांद कॉलोनी, सहारनपुर अपने पुत्र शाह अब्दुल्लाह को उसकी बुरी संगत और गलत कार्यों के कारण बा मजबूरी आज पुत्र शाह अब्दुल्लाह को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर उससे सभी संबंध विच्छेद कर रही हूं भविष्य मैं और मेरी बेटियां नज़राना और फरहा नाज़ उसके किसी भी कार्य हेतु ज़िम्मेदार नहीं होंगे।

# नगर विकास मंत्री एके शर्मा का प्रयागराज दौरा

## महाकुम्भ मेला की तैयारियों का करेंगे स्थलीय निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा शनिवार 06 जुलाई को जनपद प्रयागराज पहुंचकर महाकुम्भ मेला-2025 से संबंधित विकास कार्यो की अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा करेंगे और मेला क्षेत्र में हो रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे।

नगर विकास मंत्री श्री ए0के0 शर्मा 06 जुलाई को अपराह्न 02 बजे प्रयागराज के सर्किट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद अपराह्न 04 बजे से सर्किट हाउस में ही महाकुम्भ मेला से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और संबंधित विभागों को मेला की तैयारियों के दृष्टिगत कराये जा रहे कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के लिए जरूरी निर्देश भी देंगे। इस बैठक में मंत्री श्री शर्मा संबंधित विभागों के अधिकारियों से महाकुम्भ मेला-2025 को भव्य एवं दिव्य आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों, श्रद्धालुओं की सुविधाओं व सुरक्षा तथा विकास कार्यो की प्रगति के बारे में चर्चा करेंगे। समीक्षा बैठक के बाद, नगर विकास मंत्री श्री शर्मा शाम 05 बजे प्रयागराज महाकुम्भ मेला क्षेत्र पहुंचकर वहां पर कराये जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करेंगे तथा मेला क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लेंगे और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे।

# भाजपा आपातकाल के समय कांग्रेस द्वारा जनता पर किए गए अत्याचारों से जनता को कराएगी अवगत:कमलेश श्रीवास्तव

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भाजपा आपातकाल के समय कांग्रेस द्वारा जनता पर किए गए अत्याचारों से जनता को अवगत कराएगी। इसके लिए तहसील स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। सहादतगंज पार्टी कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की योजना-रचना के बारे में मंथन किया गया। 6 जुलाई को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती समारोह मनाया जाएगा। एक वृक्ष माँ के नाम, तथा विधान सभा स्तर पर प्रबुद्ध मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस ने जिस प्रकार संविधान को लेकर भ्रम फैलाया। कांग्रेस ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लागू कर लोगों के संवैधानिक अधिकारों को समाप्त कर दिया था। विपक्षी नेताओं को बिना अपराध जेलों में बंद कर दिया। उस दौरान कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए अत्याचारों से जनता को अवगत कराया जाएगा। जिसके लिए तहसील स्तर पर संगोष्ठी की जाएगी। 8 जुलाई को पूरा बाजार में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 6 जुलाई को डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती समारोह में पार्टी कार्यालय सहादतगंज में संगोष्ठी तथा 11 जुलाई को प्रबुद्ध मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। एक वृक्ष मा के नाम अभियान के तहत बूथ स्तर पर पौधरोपण कर कार्यकताओं द्वारा संरक्षण व संर्वधन की जिम्मेदारी तय की जाएगी।बैठक में प्रमुख रूप से डा राकेश मणि त्रिपाठी, तिलकराम मौर्या, अरविंद सिंह, शैलेन्द्र कोरी, प्रतीक श्रीवास्तव, रामकुमार सिंह राजू, बालकृष्ण वैश्य, शशि प्रताप सिंह, अनुराग त्रिपाठी, वरूण चौधरी, लक्ष्मण वर्मा, मुकेश तिवारी, अवनीश द्विवेदी, स्वपनिल श्रीवास्तव, वीरेन्द्र वर्मा, राजेश पाठक सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# ग्राम पंचायत पौसरा के सचिवालय में दो अज्ञात व्यक्ति द्वारा डिजिटल सिग्नेचर के दुरुपयोग का मामला

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या जनपद के विकास खंड मया बाजार की ग्राम पंचायत पौसरा में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा ग्राम प्रधान बृजेश कुमार और सचिव रेनू वर्मा का डिजिटल सिग्नेचर लेकर भुगतान करने का मामला सामने आया है। यह घटना उस समय उजागर हुई जब मैं वहाँ से गुजर रहा था और ग्राम पंचायत का गेट खुला देखा। पंचायत भवन पहुँचने पर, एक लड़के ने मुझे बताया कि सचिव ने बुलाया है। जब मैंने उस व्यक्ति से उसका नाम पूछा, तो वह बताने से कतराने लगा। वीडियो बनाते समय, वह व्यक्ति मुंह पर कॉपी रखकर भाग गया और उसके साथ उस के लड़का था भी कार्यालय छोड़कर भाग निकला जाँच करने पर पाया गया कि कंप्यूटर में दोनों डिजिटल सिग्नेचर - चेकर और मेकर - के मौजूद थे। इसके अलावा, कंप्यूटर में एक डिजिटल सिग्नेचर पीछे और दूसरा इमेज पर रखा हुआ था। यह दर्शाता है कि दोनों सिग्नेचर का दुरुपयोग हो रहा था। जब इस संबंध में रेनू वर्मा से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। अगले दिन 4 जुलाई को भी कई बार फोन करने पर भी रेनू वर्मा का फोन रिसीव नहीं हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश के बावजूद, रेनू वर्मा सचिन सरकारी कर्मचारी होकर भी फोन रिसीव नहीं करती है इस से यह प्रतीत होती हैं भ्रष्टाचार और लापरवाही में सचिव लिप्त हैं। सूत्रों के अनुसार, ग्राम प्रधान बृजेश कुमार के भाई अवधेश कुमार प्रधानी का कार्य देखते हैं और हस्ताक्षर भी करते हैं। और पंचायत भवन पर इनका मोबाइल नंबर भी लिखा हुआ है साथ ही एक विद्यालय में सरकारी कर्मचारी भी हैं। इस स्थिति मे ÷अंधेर नगरी, धन धूषण राजा÷ कहावत सटीक बैठती है। इससे पहले, विकासखंड पूरा बाजार में 14 जुलाई 2020 को मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी पूरा बाजार द्वारा समस्त सचिव ग्राम पंचायत की ओर से सुसंगत धाराओं



में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने का निर्देश दिया गया था। सचिव सुनील कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी ख्वासपुरा निकट साकेत प्रेस जनपद अयोध्या द्वारा थाना महाराजगंज मया में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। इस मामले पर प्रशासन को सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि भ्रष्टाचार और डिजिटल सिग्नेचर के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जा सके।

## बीएसए अयोध्या के भ्रष्टाचार की प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा से हुई शिकायत

**अयोध्याधाम।** राम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह ने जनपद अयोध्या के भ्रष्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष राय की शिकायत प्रमुख सचिव बेसिक एन के सुंदरम से किया दिनेश सिंह ने कहा की बीएसए संतोष राय पूर्व में भ्रष्टाचार में बलिया जनपद के विभिन्न अनियमितताओं के संबंध में निलंबित रह चुके हैं वर्तमान में जनपद अयोध्या में भी भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं ।

## सप्ताह पूर्व हुई चोरी का नही हुआ खुलासा,बेखौफ चोरों ने फिर दी पुलिस को चुनौती

**मवई-अयोध्या।** मवई थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है।अभी थाना क्षेत्र के नौरोजपुर बघेडी गांव में एक सप्ताह पूर्व हुई चोरी में पुलिस चोरों तक पहुच नही सकी है। इसी बीच गुरुवार की रात्रि बेखौफ चोरों ने बघेडी गांव में ही दुबारा चोरी की घटना को अंजाम देकर मवई पुलिस को चुनौती देने का काम किया है।जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने उमापुर दुल्लापुर मार्ग पर आटा चक्की लगाकर रोजी रोटी चला रहे रमेश कुम्हार के ट्रैक्टर की बैट्री चोरी कर गायब कर दिया।घटना की जानकारी जब शुक्रवार की सुबह उन्हें हुई तो पुलिस को घटना की जानकारी दी है।आपको बता दें 26 जून की रात्रि में अज्ञात बेखौफ चोरों ने अमरनाथ के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया था और घर मे रखी 25 हजार रुपए नगदी और जेवरात गायब कर दिया था जिसका मुकदमा मवई थाने में दर्ज हुआ था।

## स्मार्ट बोर्ड और सौरऊर्जा से लैस होंगे जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालय: एमएलसी

**बाराबंकी।** एमएलसी अवनीश सिंह ने जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों को सौर ऊर्जा से अच्छादित करने एवम प्रत्येक विद्यालय को एक एक स्मार्ट बोर्ड उपलब्ध कराने की अनूठी पहल परवान चढ़ने लगी है।शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्यों की आवश्यक बैठक में योजना को अमली जामा पहनाने के तरीकों पर चर्चा हुई। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए एमएलसी



अवनीश सिंह ने कहा कि योजना में अनुमानित साढ़े पांच करोड़ रुपए खर्च होंगे, जिसके लिए वे अपनी विधायक निधि से एक करोड़ रुपए देंगे। एमएलसी अंगद सिंह भी अपनी विधायक निधि से इस योजना में सहयोग करेंगे जबकि शेष धनराशि जिले की विभिन्न कंपनियों के सीएसआर फंड से जुटाई जाएगी।उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों को ऑन ग्रिड सौर ऊर्जा कनेक्शन दिए जाएंगे।कहा , इस योजना से प्रतिवर्ष हजारों विद्यार्थियों के शिक्षण को सुगम बनाया जा सकेगा। एमएलसी अंगद सिंह ने कहा कि योजना का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ मुहैया कराया जाएगा।जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने एक वर्ष के भीतर योजना के क्रियान्वयन का भरोसा जताया।उन्होंने बैठक में मौजूद विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में कुल 321 माध्यमिक विद्यालय हैं।जिनमे से 12 विद्यालयों में पहले से ही सौर ऊर्जा कनेक्शन है जबकि शेष अन्य विद्यालयों में योजना के तहत सौर ऊर्जा कनेक्शन मुहैया कराया जाएगा। इस मौके पर अशोक त्रिपाठी, नन्हे सिंह, पूनम सिंह, विपिन सिंह राठौर, दिनेश पांडे,शैलेंद्र सिंह, एके पांडे, अंशुमान सिंह, इंद्र कुमार वर्मा, संजय कुमार, वीरेश वर्मा, वीरेंद्र शर्मा, श्रवण श्रीवास्तव, बीएन मिश्रा, डीसी मिश्रा सहित सैकड़ों विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## खंड विकास अधिकारी ने चौपाल लगाकर दी योजनाओ की जानकारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विकासखंड हैदरगढ़ क्षेत्र ग्राम पंचायत रौली के पंचायत भवन में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने चौपाल में बड़ी संख्या में आए हुए ग्रामीणों को समस्याएं सुनी और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई । चौपाल कार्यक्रम के समापन के बाद खंड विकास अधिकारी ने सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया इस दौरान नियमित तरीके से संचालन करने एवं साफ सफाई रखने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इसी दौरान खंड विकास अधिकारी ने पंचायत भवन का भी नियमित तरीके से संचालन कर ग्रामीणों की समस्याओ का निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया।लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करने की हिदायत दी गई। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी कृषि, सचिव पवन कुमार,महिला ग्राम प्रधान मंगेश सिंह सहित बड़ी संख्या में संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे ।चौपाल कार्यक्रम में पहुंचे खंड विकास अधिकारी का महिला प्रधान द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया।

## मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों को ही मिलेगा लाभ

**मसौली बाराबंकी।** निषाद राज बोट योजना के तहत मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों एवं जन सामान्य के लोगो को 40 प्रतिशत के अनुदान पर मिलेगी बोट जिसके लिए आवेदन प्रकिया शुरु हो गयी है। अयोध्या मंडल के उपनिदेशक मत्स्य राजेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि नौकायन में लगे हुए मछुआ समुदाय के व्यक्ति तथा 0.400 हेक्टेयर क्षेत्रफल के निजी मत्स्य पालक तथा तालाब पट्टा धारक इस योजना के पात्र होंगे योजना अंतर्गत रू 0.737 लाख की अधिकतम सीमा की वुडन फिशिंग बोट अथवा फाइबर रेनफ़ोर्सड प्लास्टिक बोट, लाइफ जैकेट, जाल, आइस बॉक्स आज पर 40त्न अनुदान मत्स्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा आवेदन प्रक्रिया 1 जुलाई से खोल दी गई है 21 जुलाई तक इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया उसमें लगने वाले अभिलेख विभागीय पोर्टल की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं अथवा क्षेत्रीय मत्स्य प्रभारी एवं जिला मुख्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण सत्य प्रेमी नगर बाराबंकी स्थित मत्स्य विभाग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## बलगम और टीबी मरीजों की ओपीडी बढ़ाने के निर्देश

**अयोध्या।** जिला स्वास्थ्य समिति ने जिले के सभी चिकित्सालयों को अधिक से अधिक बलगम परीक्षण व ओपीडी बढ़ा पीटीआर में इजाफा करने के लिए निर्देशित किया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने बताया कि समिति की तरफ से जिला चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, 100 शैय्या चिकित्सालय कुमारगंज, श्रीराम चिकित्सालय एवं समस्त अधीक्षक को इसका आदेश दिया गया है। टीबी नोटीफिकेशन स्टेट द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप पाया गया कि स्टेट द्वारा निर्धारित मानक 100 प्रतिशत के सापेक्ष जनपद की उपलब्धि 100 प्रतिशत है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन, खंडासा, हैरिंग्टनगंज, मिल्कीपुर व अन्य टीबी यूनिट को मानक से बहुत कम पाया गया है।

# अपराध गोष्ठी के दौरान थाना प्रभारियों को वांछित, वारंटी व इनामिया अभियुक्तो की गिरफ्तारी

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों के साथ सैनिक सम्मेलन/अपराध गोष्ठी की गई, जिसका मुख्य विषय आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रावण मास के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी, वांछित, वारंटी व इनामिया अभियुक्तो की गिरफ्तारी, शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा/गैंगस्टर की कार्यवाही, अपराधियों के सत्यापन तथा महिला सम्बन्धी अपराध की रोकथाम, कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण रहा । महोदय द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात थाना प्रभारियों से उनके थाना क्षेत्र में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अब तक की गयी तैयारियों के सम्बन्ध जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात आगामी त्यौहार श्रावण मास व मोहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत निर्देश दिए की संवेदनशील स्थलों पर दंगा निरोधक उपकरणों के



साथ अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार, कस्बा, चौराहों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता रखते हुए सुरक्षा हेतु प्रभावी प्रबन्ध किया जाये तथा वहाँ पर लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरों की क्रियाशीलता को चेक कर ठीक करा लिया जाये । त्यौहारों पर विशेष सतर्कता रखी जाये तथा पोस्टर पार्टी को प्रतिदिन ब्रीफ कर समय से रवाना किया जाये । आगामी त्यौहार श्रावण मास के दृष्टिगत रूट डायवर्जन/रूट चार्ट तैयार कर लिया जाये और उसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। 01 जुलाई से लागू नए 03 कानून (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023) व उसके तहत जीरो एफआईआर लिखने का शत् प्रतिशत सभी थानो द्वारा पालन किया जाए ।अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों को और अधिक सक्रिय कर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए । सोशल मीडिया सेल विशेष निगरानी रखेगें किसी के द्वारा सोशल मीडिया पर यदि कोई विद्धेषपूर्ण, आपत्तिजनक, समाज विरोधी, अराजक, धार्मिक रूप से भड़काऊ, हिंसा / धरना-प्रदर्शन के लिए उकसाने वाली पोस्ट की जाती है तो तत्काल अवगत करायेगे तथा पोस्ट करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कराई जाए। बैंको/एटीएम की सघन चेकिंग, रात्रि गस्त/पिकेट बढ़ाकर सतर्कता से ड्यूटी करने व मा0 न्यायालय से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित व गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने व विवेचकों को समयबद्ध विवेचना निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

## यूपीनेडा में इम्पैनल्ड सभी वेन्डर्स की क्षमता संवर्धन हेतु वर्कशाप का हुआ आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सोलर एनर्जी को दे रही बढ़ावा अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के तौर पर विकसित करने की प्रक्रिया जारी है। लगातार बढ़ते बिजली के बोझ को कम किया जा सके इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में यूपीनेडा में इम्पैनल्ड सभी वेन्डर्स की क्षमता संवर्धन हेतु वर्कशाप का आयोजन किया गया है। जिसमें वसुधा फाउण्डेशन के जयदीप सारस्वत एसोसिएट डायरेक्टर तथा निखिल सीनियर मैनेजर के द्वारा कार्यशाला का आयोजन वसुधा फाउण्डेशन एवं यूपीनेडा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जनपद में पंजीकृत फर्मों की कार्य कुशलता एवं दक्षता संवर्धन हेतु आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता जयदीप सारस्वत द्वारा अवगत कराया गया। कि पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर रूफ टॉप की स्थापना में उच्च तकनीकी गुणवत्ता लाने हेतु वेन्डरों को प्रशिक्षण दिया गया है। जिससे सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना में आने वाली समस्याओं का निवारण कैसे किया जाय। जिससे सोलर पॉवर प्लान्ट की उच्च गुणवत्ता बनी रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या सोलर सिटी योजना के अन्तर्गत पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में अधिक रूफटॉप सोलर पॉवर प्लान्ट गुणवत्ता पूर्वक लगाने हेतु निदेर्शित किया गया।

## टिकरी रेंज पर विधायक ने किया पौधरोपण बांटे पौधे विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दुबे दी जानकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज गोंडा।** वनमहोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया है वनविभाग द्वारा टिकरी रेंज पर मुख्य अतिथि मनकापुर भाजपा विधायक रमापति शास्त्री के द्वारा पौधरोपण किया गया वही परसापुर थनवा गांव मे वीडीओ व प्रधान ने किया पौधरोपण। मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र के टिकरी रेंज पर भाजपा मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री ने वनविभाग द्वारा आयोजित वनमहोत्सव अन्तर्गत पौधरोपण किया और उपस्थित लोगों को अपने अपने घरो आसपास लगाने के लिये पौधे भी बांटे इस मौके पर विधायक का टिकरी रेंज अधिकारी विनोद कुमार नायक ने बुके देकर स्वागत किया। वही परसापुर थनवा गांव मे वीडीओ विजयकांत मिश्रा प्रधान वीपतराम एडीओ पंचायत मनोज गुप्ता सहित अन्य लोगों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण किया। इस मौके पर भाजपा मनकापुर विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दुबे जनार्दन प्रसाद तिवारी बाबूलाल शास्त्री रामगोपाल तिवारी विजय उपाध्याय संतोष कुमार उर्फ थुल्लू शुक्ला रज्जन पांडेय रामबहादुर चौहान सुनील कुमार अंकित चौहान पिंकू सिंह आज्ञाराम मौर्या बालक राम विवेक सिंह नंदगोपाल श्रीवास्तव वनदरोगा, वनरक्षक मनीष सिंह योगेश मिश्रा रामपाल रामकेश रामसेवक पशुपतिनाथ शुक्ला रामकुमार सुरेन्द्र यादव मंगल रामकुमार रजनीश मिश्रा राजू यादव मुकेश वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ऑटो रिक्शा पर बैठ रही बुजुर्ग महिला को मोटरसाइकिल सवार युवक ने मारी टक्कर , हुई मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा थाना अंतर्गत हैदरगढ़ सुबेहा मार्ग पर इस्माइलपुर गांव के समीप शुक्रवार सुबह ई रिक्शा पर बैठ रही वृद्धा को मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी।इस जोरदार टक्कर में दोनो घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाई गई वृद्धा को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर किया गया,परन्तु जब तक परिजन ले जाते महिला ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर हैदरगढ़ पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के लिए रवाना कर



दिया है। मृतका के पुत्र ने बाइक सवार पर लपरावही का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत सुबेहा पुलिस से की है। जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के नूर अली का पुरवा गांव निवासनी बुजुर्ग महिला राजरानी पत्नी रामदेव 60 वर्ष शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे पेंशन निकालने के लिए घर से कमेला बैंक जा रही थी तभी इस्माइलपुर गांव के समीप बाबू लाल के होटल के पास सवारी ऑटो रिक्शा को रोककर बैठने लगी की तभी सुबेहा की ओर से आए मोटरसाइकल सवार युवक ने बुजुर्ग महिला को जोरदार टक्कर मार दी।इस दुर्घटना के दौरान बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगो की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने एबुलेंस की मदद से घायल बुजुर्ग महिला को सी एच सी हैदरगढ़ भेज दिया।

## अविवि: वोकेशनल व पीजी डिप्लोमा की सेमेस्टर परीक्षा 12 जुलाई से

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित स्नातक एवं परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से शुरू होकर 19 जुलाई तक चलेगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02 बजे से सायं 05 बजे तक चलेगी। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्नातक, वोकेशनल स्नातक, परास्नातक, पीजी डिप्लोमा की सम सेमेस्टर की परीक्षा दो पालियों में 12 से शुरू हो रही है।

## नवागत तहसीलदार ने बाढ़ ग्रस्त इलाके का किया मुवायना

*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर।** नवागत तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह ने बाढ़ संभावित पंहुचे। वंहा बाढ़ के समय होने वाली विभीषिका व नुकसान के बारे में लोगो से जान भौगोलिक रास्ते, रास्ते, सरयू पुल आदि देखा। ग्रामीणों से



इलाके तपेसिपाह,सिसौड़ा व कोरिन पुरवा का निरीक्षण कर ग्रामीणों से बात चीत की।उन्होंने बाढ़ के समय पानी कंहा तक आता है तथा कैसे आवागमन रहता है आदि की जानकारी ली। शुक्रवार को तहसीलदार ने तहसील का कार्यभार संभाला और दोपहर बाद वे रामनगर के सरयू नदी किनारे बसे गाँवों में कहा कि कोई बात हो तो लेखपाल को सूचित करें।प्रशाशन सदैव तत्पर है।बता दे कि नदी का पानी पहले की तुलना में बढ़ा है और कोरिन पुरवा के किनारे बह रहा है। पानी का फैलाव भी बढ़ा है जिससे अफसर एलर्ट हैं। उनके साथ लेखपाल नूर मोहम्मद, प्रधान राजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद - सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 331(2)/न0पं0 कपि0सि0नगर/2024-25 दिनांक : 05/07/2024

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-384/2024/नौ-5-2024/001- Com.No.-1801003 नगर विकास अनुभाग-5 दिनांक 16 मार्च, 2024 के क्रम में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि से नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद-सिद्धार्थनगर में पेयजल हेतु व्यवस्था योजना/राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड की धनराशि से नगर पंचायत कपिलवस्तु निम्नलिखित वार्डो में पाइप लाइन विस्तार एवं हाउस कनेक्शन का कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। पाइपलाइन से सम्बन्धित कार्य कराये जाने हेतु निविदा दिनांक 05.07.2024 से दिनांक 25.07.2024 तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपरान्ह 04.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा व अन्य के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं। उक्त निविदा दिनांक 25.07.2024 को सायं 05.00 बजे खोली जायेगी, जिसे संबंधित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता हैं। जिसका विवरण निम्नवत है-

| | | |
|---|---|---|
| (A) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 05.07.2024 अपरान्ह 04.00 बजे तक |
| (B) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि/समय | 05.07.2024 अपरान्ह 04:00 बजे से |
| (C) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा/बिड अपलोड की तिथि/समय | 05.07.2024 अपरान्ह 04:30 बजे से |
| (D) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा/बिड अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 25.07.2024 अपरान्ह 04.00 बजे तक |
| (E) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समय | 25.07.2024 सायं: 05.00 बजे |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**

# संपूर्णता अभियान का शुभारंभ बैठक कर बनाई गई रणनीति

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज ब्लॉक सभागार में संपूर्णता अभियान को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। शुक्रवार को डुमरियागंज ब्लॉक सभागार में नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) व आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) अंतर्गत संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया गया। बैठक में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के सफल क्रियान्वन हेतु रणनीति बनाकर सभी को जिम्मेदारियां बांटी गई।

खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि 4 जुलाई से 30 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान की सफलता सभी कर्मचारियों के सहयोग से ही होगा। सम्पूर्णता अभियान का मुख्य उद्देश्य 6 प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता अर्जित करने के लिए निरंतर प्रयास करना है। संपूर्णता अभियान के मुख्य बिंदु स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास हैं। प्रथम बिंदु स्वास्थ्य के अंतर्गत पहली तिमाही के भीतर प्रसवपूर्व देखभाल(एएनसी) के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं संख्या और प्रतिशत में वृद्धि व परिपूर्णता अर्जित करना, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले मधुमेह की जांच किए गए व्यक्तियों की संख्या और प्रतिशत में वृद्धि व परिपूर्णता अर्जित करना, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले उच्च रक्तचाप के लिए जांच किए गए व्यक्तियों की संख्या और प्रतिशत में वृद्धि व परिपूर्णता अर्जित करना। दूसरे बिंदु पोषण के अंतर्गत आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या और प्रतिशत में वृद्धि व परिपूर्णता अर्जित करना है। तीसरे बिंदु कृषि के अंतर्गत मृदा नमूना संग्रहण लक्ष्य के विरूद्ध तैयार किये गये मृदा स्वास्थ्य कार्डों की संख्या और प्रतिशत में वृद्धि व परिपूर्णता अर्जित करना। चौथे बिंदु सामाजिक विकास के अंतर्गत ब्लॉक में कुल स्वयं सहायता समूह के मुकाबले रिवॉल्विंग फंड प्राप्त करने वाले स्वयं सहायता समूह की संख्या और प्रतिशत में वृद्धि व परिपूर्णता करना है। उन्होंने बताया कि सभी किसान मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवा लें, इसके लिए सभी कर्मचारी आवश्यक प्रचार प्रसार करें। उन्होंने बताया कि डुमरियागंज विकास खंड में

**सभी कर्मचारियों के सहयोग से होगा संपूर्णता अभियान सफल : अमित**

कुल 1100 समूह कार्य कर रहे हैं, इन समूहों को आवश्यकतानुसार कार्य करने के लिए धन उपलब्ध करा दिया जायेगा। इस दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों से सम्पूर्णता अभियान का मुख्य उद्देश्य 6 प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता अर्जित करने के लिए आवश्यक प्रयास कर कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। इस दौरान सीडीपीओ अभय सिंह, बीईओ संजय कुमार, मानसी पटेल, जितेंद्रनाथ तिवारी, अभिनव सिंह, अंकित त्रिपाठी, विनीत सिंह, पंकज सिंह, हरीशंकर सिंह, शिवअजोर, विनय कुमार, धर्मराज दुबे, राहुल सिंह, अभिषेक तिवारी, अनीश सिंह, अवनीश सिंह, राजदेव मिश्रा, लवकुश प्रसाद, अखिलेश पाण्डेय, श्रीष कुमार, प्रहलाद पाण्डेय, गणेश गौड़, नसीम अहमद आदि उपस्थित रहे।

## बीडीओ भनवापुर ने क्षेत्र के गोशालाओं का निरीक्षण कर दिया दिशा निर्देश

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** गोशालाओं में पशुओं के लिए हरा चारा का इंतजाम करने के साथ ही भूसा को बारिश के दौरान सुरक्षित रखना सुनिश्चित करें पशु सेवक। यह बातें शुक्रवार को ब्लाक क्षेत्र के गोशालाओं का निरीक्षण के दौरान बीडीओ आलोक दत्त उपाध्याय ने उपस्थित पशु सेवकों व ग्राम प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के बिजौरा, नावडीह व परसोहिया तिवारी स्थित गोआश्रय केंद्रों का निरीक्षण के दौरान आलोक दत्त उपाध्याय ने कहा कि बारिश का मौसम चल रहा है। गोशाला के आस पास जल निकासी की व्यवस्था करें, जल जमाव न होने दें, गोशाला में पशुओं को मच्छर व मक्खियों से बचाव के लिए धुआं करने के साथ ही फिनायल का छिड़काव कराएं, जिससे पशुओं में होने वाले बीमारियों से बचाया जा सके। किसी भी दशा में बीमार पशुओं की सूचना तत्काल हमें, सचिव या फिर प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी भनवापुर को दें, जिससे सही समय पर उक्त पशुओं का इलाज किया जा सके।

# हाथरस हादसे को लेकर कांग्रेस ने जताया दुख : श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** हाथरस में आयोजित सत्संग में मची भगदड़ से सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौत के बाद बांसी नगर के कांग्रेसियों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए एक श्रद्धांजलि सभा रखी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन रखा और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं थे-** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अभिनव राय ने हाथरस की घटना को बड़ी और हृदय को झकझोर देने वाली घटना बताया है। उन्होंने कहा है कि इस घटना ने कई परिवारों से उनके सदस्यों को छीन लिया, जो कि बेहद दुःखद है। अभिनय राय ने सरकार से पूछा कि जब हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में 2.5 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ जुटाई जा रही थी, इतने बड़े सत्संग कार्यक्रम की जानकारी कैसे नहीं मिली और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के लिए क्या पुख्ता इंतजाम किए। **दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग-** शहर नगर अध्यक्ष पप्पू खांन ने हाथरस घटना पर अपना दुख व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा शांति और घायलों के स्वस्थ होने की कामना की है। साथ ही घायल श्रद्धालुओं के लिए बेहतर उपचार और उन्हें आर्थिक मुआवजा दिलाने की मांग की हैं।जिला महा सचिव राजन श्रीवास्तव ने हाथरस प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग भी की है। इस दौरान नगर अध्यक्ष पप्पू खान जिला उपाध्यक्ष अभिनव राय ,जिला महासचिव राजन श्रीवास्तव जिला महासचिव सतीश चंद्र त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया विक्की रिजवी जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग हरिशंकर चौरसिया, जिला सचिव मोबीन खान, प्रदेश महासचिव युवक कांग्रेस अश्विनी सिंह सोलंकी, जिला प्रवक्ता यूथ कांग्रेस कृष्ण बिहारी बोस कृष्ण बिहारी वैश्य, विशाल, रवि,नीरज मुस्ताक, गुफरान, वरिष्ठ नेता संतराम शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेसरहा ब्लॉक परिसर से संपूर्णता अभियान का शुभारंभ



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** खेसरहा ब्लॉक क्षेत्र को संपूर्णता प्रदान करने के लिए विकास से संबंधित विभागाध्यक्षों व कर्मचारियों के सहयोग से ब्लॉक परिसर से रैली निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि केशभान राय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खण्ड विकास अधिकारी बिजय सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित संपूर्णता अभियान कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी ( पंचायत) बांकेलाल, स0वि0अ0 कृषि शिवपूजन, स्वा0 विभाग से एमवाईसी संजय पाण्डेय, शिक्षा से खंड शि0अ0 नीरज सिंह, एन.आर.एल.एम. से संदीप गौड, बाल विकास से सीडिपिओ आनन्द श्रीवास्तव, विभागीय कर्मचारियों के साथ मौजूद रहे। खण्ड विकास अधिकारी बिजय सिंह ने जानकारी दिया कि नीति आयोग भारत सरकार के निर्देश के क्रम में उ0प्र0 शासन द्वारा वृहद अभियान चलाया जा रहा है। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम/ आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के अन्तर्गत 05 जुलाई 2024 से सितम्बर 2024 तक संपूर्णता अभियान के माध्यम से हर एक गांवों को संपूर्ण विकास के निर्धारित मानक के अनुसार संतृप्त किया जाना है। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी विजय सिंह ने सभी संबंधित विभागों के जिम्मेदारों से गांव गांव तक चलाई जाने वाली सरकार की महत्वपूर्ण संपूर्णता अभियान को शतप्रतिशत सफल बनाने का आह्वान किया है। कार्यक्रम का संचालन सफाई कर्मचारी ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

## गर्भवती महिलाओं का समय से हो प्रसव और समय से हो जांच की गई बैठक



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में शुक्रवार को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख की उपस्थिति में खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्णता अभियान को लेकर गोष्ठी सपथ और रैली का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं का समय पर प्रसव पूर्व देखभाल हो और उनकी सभी जांच समय समय से हो सके साथ ही साथ तीन माह के अंदर गर्भवती महिलाओं को खोजने के लिए भी अभियान चलेगा ।दूसरा गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण प्राप्त हो सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो और हर व्यक्ति के लिए मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच हो हेल्थ कार्ड का वितरण हो स्वयं सहायता समूह को रिवाल्विंग फंड मिल सके इसी उद्देश्य को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन पर बैठक आयोजन किया गया। बैठक में अधीक्षक डॉक्टर अमित कुमार चौधरी एडीओ कापरेटिव युनुस अंसारी, सचिव विनोद कुमार चौधरी, मनोज कुमार, ईश्वर देव, रविन्द्र कुमार जाटव, सीडीपीओ बलराम सिंह बी सी पी एम रमाकांत चतुर्वेदी बी एम सी शिखर श्रीवास्तव, प्रधान धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, बालजीत जायसवाल, आशा और आशा संगिनी उपस्थिति रही।

# अच्छे जीवन के लिए स्वास्थ्य जरूरीः सुजीत जायसवाल

## आकांक्षी ब्लाक खुनियांव में संपूर्णता अभियान का किया शुभारंभ

एजाज़ सिद्दीक़ी




**इटवा सिद्धार्थनगर।** नीति आयोग के छह इंडिकेटर्स पर भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को कैसे मिले इस पर कार्य करना है। बच्चे स्वस्थ रहें। पढ़ाई भी अच्छी रहे। आर्थिक स्थिति पर सुधार हो।

उक्त बातें शुक्रवार को खुनियाव ब्लाक के सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान के तहत विकास खंड खुनियांव में खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में गोष्ठी के दौरान प्रभारी सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकी सुजीत कुमार जायसवाल व कार्यक्रम प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ पी.एन.यादव ने कही अन्होंने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को प्रचार प्रसार कर लाभ दिलाए। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ पी.एन.यादव ने कहा कि अच्छे जीवन के लिए स्वास्थ्य जरूरी है। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। गर्भवती महिलाएं अपनी जांच अवश्य कराएं। ताकि बच्चा स्वस्थ पैदा हो। बच्चों को पैदा होने के बाद पांच साल तक टीकाकरण अवश्य कराएं। जो लोग अपने बच्चों को टीकाकरण नहीं कराते हैं उनको भी प्रेरित करके टीकाकरण कराए। प्रभारी सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकी सुजीत कुमार जायसवाल ने बताया कि संपूर्णता अभियान जो 04 जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा जिसमें चिकित्सा स्वास्थ्य, कृषि, बाल विकास एवं पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा कार्ययोजना प्रस्तुत की गई तथा जनपद को 30 सितंबर 2024 तक आकांक्षात्मक जनपद की श्रेणी से मुक्त करने के लिए खंड विकास अधिकारी द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजेन्द्र दूबे, खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा, बाल विकास परियोजना अधिकारी अरशद, कृषि विशेषज्ञ संजीव कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत आशुतोष मिश्र, एडीओ महिला कुंतकली आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम में हरेंद्र नाथ पांडेय, पीयूष कुमार पाण्डेय, मुकेश कुमार, सर्वजीत यादव, राकेश पाठक, मोईदुर्रहमान, तारिक खान, वीरेन्द्र कुमार, शिव कुमार दूबे, अजय यादव सहित अन्य ग्राम प्रधान गण तथा कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## भनवापुर ब्लाक मुख्यालय पर सम्पूर्णता अभियान के प्रचार प्रसार हेतु निकाली गई रैली




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लाक सभागार में बीडीओ आलोक दत्त उपाध्याय के अध्यक्षता में शुक्रवार सम्पूर्णता अभियान को लेकर गोष्ठी व जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि पात्र समूहों को रिवॉल्विंग फंड का शत् प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करें जिम्मेदार, जिसमे किसी तरह की लापरवाही अक्षम्य है। बीडीओ आलोक दत्त उपाध्याय ने बताया कि नीति आयोग के पहल पर आकांक्षी जिला कार्यक्रम(एडीपी) व आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम(एबीपी) अंतर्गत एक जुलाई से 30 सितम्बर तक सम्पूर्णता अभियान चलाया जाएगा। छ- जुलाई से सभी ग्राम पंचायतों में इसका शुभारंभ होगा। 90 दिनों तक चलने वाले सम्पूर्णता अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं का चिन्हीकरण, 30 साल से अधिक व्यक्तियों का रक्तचाप व मधुमेह की जांच, मृदा परीक्षंण, गर्भवती महिलाओ को पोषाहार वितरण आदि किया जाएगा। अंत में सम्पूर्णता अभियान के रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नंदलाल, लवकेश, सुनील कुमार, रविशंकर पाण्डेय, मनमोहन पांण्डेय, अब्दुल क्यूम, संजय गुप्ता, शिखा मिश्रा, सकुंतला, मंजू देवी, मोहित पांण्डेय, सीमा गुप्ता, लक्ष्मी पांण्डेय आदि मौजूद रही।

# प्रदेश के वन मंत्री अरूण सक्सेना ने जूम मीटिंग के जरिए पौधरोपण को लेकर किया संवाद

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश में 20 जुलाई को एक साथ शुरू हो रहे पौधरोपण अभियान की सफलता को लेकर वन विभाग की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को प्रदेश के वन मंत्री अरूण सक्सेना ने जूम मीटिंग के जरिए विभागीय अफसरों समेत सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद किया। अभियान के तहत जिले में 41 लाख पौधों को रोपित करने का लक्ष्य है। जिसमें अकेले 13.97 लाख पौधे वन विभाग रोपित कराएगा। शुक्रवार को डीएफओ कार्यालय में जूम मीटिंग के दौरान प्रदेश के वन मंत्री अरूण सक्सेना ने कहा कि प्रदेश की आबादी के अनुसार हर व्यक्ति %वृक्षारोपण महाभियान% का हिस्सा बनकर 20 जुलाई को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाए। इसके लिए प्रदेश की नर्सरियों में हमने 54 करोड़ पौधे भी तैयार किए हैं। इनमें पर्यावरण के लिए उपयोगी हर प्रकार के पौधे (पीपल, पाकड़, नीम, देशी आम, जामुन, अमरुद, शीशम, सागौन) आदि हैं। बताया कि अलग-अलग वैरायटी के पौधे पूरे प्रदेश में लगाए जाएंगे। इसके तहत व्यापक अभियान चलाकर ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, पार्कों, सड़क के किनारे,



**पौधरोपण अभियान की सफलता को लेकर वन विभाग की तैयारियां शुरू**

खाली स्थान पर पौधरोपण किया जाएगा। प्रदेशवासी वन महोत्सव के साथ-साथ वृक्षारोपण महाभियान का हिस्सा बनकर पर्यावरण की चुनौती का सामना करने के लिए आगे आएं। इस मौके पर विभिन्न जनपदों से विभागीय अधिकारियों समेत सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से मिले अहम सुझावों का जिले में पालन करने का संकल्प लिया गया। जूम मीटिंग में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार समेत जिले की मीटिंग में उप संभागीय वनाधिकारी (एसडीओ) वीना तिवारी के अलावा रतनसेन डिग्री कॉलेज बांसी के पूर्व प्राचार्य प्रो. केपी त्रिपाठी, बुद्ध विद्यपीठ पीजी कॉलेज सिद्धार्थनगर के प्रो. दीपक देव तिवारी, निखिल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अरूण कुमार प्रजापति, संतोष श्रीवास्तव, अमित त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कसौंधन, राणा प्रताप सिंह, नितेश पांडेय, सिद्धार्थ शंकर पांडेय आदि उपस्थित थे।

# हार्टअटैक से अधिवक्ता की मौत, अधिवक्ताओं में शोक की लहर

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील में अधिवक्ता रविशंकर पांडेय करीब 46 साल का हार्ट अटैक से बीते शुक्रवार की रात करीब 2 बजे मौत हो गई। सुबह जब वह देर तक नहीं उठे तो परिजन उन्हें जगाने लगे मगर वह नहीं उठे। इसके बाद स्थानीय चिकित्सक को बुलाकर चेकअप करवाया गया, जिससे उनके मौत की पुष्टि हुई। उनकी मौत से अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को बार भवन में शोकसभा आयोजित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। शोकसभा में बार एसोसिएशन के महामंत्री राम बहादुर यादव ने कहा कि अधिवक्ता साथी रविशंकर पांडेय की आकस्मिक मौत से सभी अधिवक्ता परिवार का शोकाकुल है। सभी अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से 5 जुलाई से लेकर 8 जुलाई तक सभी न्यायालय में न्यायिक कार्य से विरोध रहने का निर्णय लिया। इस दौरान अध्यक्ष इंद्रमणि पांडेय,

**शोक सभा का आयोजन, सभी अधिवक्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की**

उदय सिंह, राकेश श्रीवास्तव, मुनिस हैदर रिजवी, आशीष श्रीवास्तव, मिथिलेश कुमार मिश्रा, श्रीकृष्णा यादव, शैलेंद्र कुमार रावत, शिव शंकर चतुर्वेदी, नदीम अहमद, रूपेंद्र कुमार मोदनवाल, सरस श्रीवास्तव, मनोज मौर्य, शक्ति प्रकाश, राजीव कुमार, अवध बिहारी सिंह, प्रिंस सिंह, राहुल सिंह, रमन श्रीवास्तव, विपुल, मिथलेश, अनिल आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं और उनका संरक्षण योजना के संबंध में दी गई जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देश तथा जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनोज कुमार तिवारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं और उनका संरक्षण योजना के संबंध में जानकारी दिये जाने हेतु शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय इण्टर कालेज नौगढ में किया गया। उक्त विशेष जागरूकता शिविर में चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल अश्वनी कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज नौगढ दयाशंकर यादव, प्रवक्ता रामनवल सिंह एवं प्रवक्ता डॉ अशोक कुमार, पुलिस विभाग की और से इंस्पेक्टर श्रीप्रकाश यादव, पैरालीगल वॉलिंटियर रमानाथ मिश्र तथा राजकीय इण्टर कालेज नौगढ के अनेकों छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे। मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/ पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर में बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं और उनका संरक्षण योजना के बावत विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें बालिकाओं के साथ अक्सर घटित होने वाली सामान्य घटनाएं जैसे-किसी के द्वारा घूरना, पीछा करना, फब्बियां कसना, किसी के द्वारा बहलाना-फुसलाना आदि के बारे में जागरूक किया गया एवं पाक्सो एक्ट के माध्यम से प्राप्त संरक्षण के बारे में भी जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता अश्वनी कुमार मिश्र चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल द्वारा विस्तृत रूप से छात्र/छात्राओं के अधिकार, उनके कर्तव्य तथा पाक्सो एक्ट एवं किशोर न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों का उल्लेख करते हुए छात्र व छात्राओं के साथ घटित होने वाली अपराधों के बारे में जागरूक किया गया। एक जुलाई से लागू नये अधिनियम में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के साक्ष्य में ग्राह्य होने की जानकारी देते हुए बताया गया कि छात्र/छात्राओं के साथ यदि कोई घटना घटित होती है तो उसकी रिकार्डिंग प्रस्तुत की जा सकती है।

## मुख्यमंत्री की जनप्रतिनिधियों के साथ मंत्रणा हर पहलू पर हुई चर्चा

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के एक महीने बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहली बार यहां पहुंचे। पुलिस लाइन में हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद वह सीधे सर्किट हाउस आए। यहां बिना देर किए मंडल भर के जनप्रतिनिधियों के साथ उनकी मंत्रणा शुरू हो गई। इसमें अधिकारियों की मौजूदगी नहीं रही। इस रायशुमारी में मंडल के बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर जनपद से आए ज्यादातर पार्टी के विधायक, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष शामिल रहे। सर्किट हाउस के बाहर सुरक्षा ऐसी कि परिंदा भी पर न मार सकें। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से हर पहलू पर खुलकर चर्चा की। लोकसभा चुनाव के दौरान बस्ती और संतकबीरनगर में हुई पार्टी प्रत्याशियों के हार की असल वजह जानने के लिए एक- एक कर सभी की नब्ज टटोली।

# इमाम की बारगाह में आने वाला अजादार कहलाता हैः मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी

अवधनामा संवाददाता





**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जिस तरह से अल्लाह की बारगाह काबा में जाने वाला हाजी कहलाता है उसी तरह इमाम की बारगाह में आने वाला अजादार कहलाता है। उक्त उदगार गुरुवार रात क्षेत्र के हल्लौर स्थित हुसैनिया वजीह अहमद अलमारूफ़ बैतुल इमाम में इं0 मोहम्मद अहमद उर्फ गुलरेज रिज़्वी की जानिब से इफ्तेताह के मौके पर आयोजित महफ़िल को सम्बोधित करते हुए इमाम जुमा व जमात हल्लौर मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कही।

उन्होंने कहा कि परवर दिगार ने सबसे पहला घर जो मक्के में बनाया यानी खाने काबा। उसकी पहली खासियत यह है कि उस घर को लोगो के लिए बनाया है दूसरी खासियत यह है कि मुबारकन यानी हुकमे परवर दिगार ने बरकत रखी। तीसरी सिफ़त यह है कि आलमीन के लिए हिदायत है। महफ़िल की शुरुआत तिलावते कलाम पाक से हुई। ततपश्चात हिंदुस्तान और बैनुल अक्वामी शोहरतयाफ्ता शोरा नायाब हल्लौरी, बेताब, शमशाद, नफीस, हसन जमाल, अफसर, कौसर, अज़ीम, आलम आदि ने अपने अपने कलाम पेशकर खूब दाद बटोरी। महफ़िल का संचालन अज़ीम हल्लौरी ने किया। अंत में ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने कहा कि जो लोग अपने बुजुर्गों के बनाए हुए अज़ाखानों को आबाद रखते है उनकी रूह सुकून पाती है। आखिर में महफ़िल आयोजक इं0 मोहम्मद अहमद उर्फ गुलरेज रिज़्वी ने आये हुए सभी सामईन का शुक्रिया अदा करते हुए बताया कि सन 1994 में अल्हाज वजीह अहमद इब्ने अज़ीज़ हसन उर्फ मॉक बाबा ने अपने घर मे इमामबाड़ा कायम किया था जो वक्त के साथ पुराना होता गया इस इमामबाड़ा को नया रूप देने के बाद यह महफ़िल आयोजित की गई। महफ़िल के दौरान ताशबीब हसन, शबीह अहमद, डब्लू, बबलू, शम्स हैदर,गुलाम मेंहदी, रेयाज, खुशनेहाल मेंहदी, ज़ेबू, अज़ीज़ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## लोकतंत्र की धड़कन

पक्ष और विपक्ष का टकराव लोकतन्त्र की धड़कन है। इस बार विपक्ष का मनोबल उसकी बढ़ती संख्या को लेकर बढ़ा हुआ है। वहीं सत्तापक्ष अपने बहुमत को लेकर अश्वस्त है। विपक्ष विरोध की धार लोकसभा के पहले दिन संविधान हाथ में लेकर बाहर लहराते हुये दिखायी सत्तापक्ष बहुमत से अश्वस्त विरोध के संविधान नष्ट करने का आरोप लोकतन्त्र हत्या के आरोप के बदले कांग्रेस काल में कांग्रेसी सरकार ने परिवारवाद को बचाने के लिये इमरजेन्सी लेकर सदस्यों और जनता की आजादी को कुचलने के प्रयासों को गिना रही है, देश को जेल बना डालने का आरोप लगा रही है। राजीव गांधी का इमरजेन्सी का सही ठहराने की बात और उनका कथन जो प्रधानमंत्री इमरजेन्सी नहीं लगा सकता उसे प्रधानमंत्री बनने का अधिकार नहीं है सबको याद दिला रही है। मतलब पक्ष विपक्ष दोनो इस बार संघर्ष के मूड में है। लोकतन्त्र के लिये यह स्वागत योग्य है। पिछले लोकसभा में विपक्ष धरना प्रदर्शन करती रही, वाकअउट करती रही सदस्य निलम्बित होते रहे। पर विपक्ष के प्रदर्शन में धार नहीं था सत्तापक्ष अश्वस्थ रहता था। विपक्ष की कमजोरी ही जाहिर होती रही। उदाहरण के लिये पिछले 10 साल से सदन में नेता प्रतिपक्ष की जगह खाली रही है। पिछली लोकसभा में तो डिप्टी स्पीकर भी नहीं बनाया गया था। जाहिर है विपक्ष सरकार पर इसके लिये दबाव डालने में नाकाम रही। इस बार बढ़े मनोबल के साथ विपक्ष क्या कर पाता है देखने की चींज होगी। हाल में होने वाले विधानसभाओं के चुनाव में विपक्ष के प्रयासों की झलक मिलेगी। विपक्ष को विरोध को प्रभावी बनाने के लिये सही मुद्दो को उठाना चाहिये। मुद्दों की कमी नही है। विपक्ष मुद्दों को कितनी प्रभावी ढंग से उठा पाती है जनता देखेगी। मीडिया अपने मत रक्खेगा लोग अपनी धारणायें बनायेगे। अभी अग्निवीर, जाति जनगणना, महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, असरदार मुद्दे है। विपक्ष के दलीलों और सत्तापक्ष के वाकपटुता के प्रदर्शन पर लोगों का ध्यान केन्द्रित रहेगा। क्योंकि सभी मुद्दे जनहित के है। सबसे अधिक निराशा विद्यार्थियों में है जो पेपर लीक के शिकार है। बेरोजगारी के चपेट में है। इस समय समीकरण बदले हुये है विपक्ष की संख्या में वृद्धि हुई है पर बहुमत तो सत्तापक्ष के पास ही है। पर विपक्ष अपनी बढ़ी शक्ति का कितनी कुशलता और रचनात्मकता के साथ इस्तेमाल कर पाता है। अगर विपक्ष सही योगदान दे पायेगा तो सत्तापक्ष उनकी ऊर्जा का इस्तेमाल कर विकास के गति को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंचाने में आसानी से सफ्ल हो जायेगा। पक्ष और विपक्ष जनता से उनके जनहित का वास्ता देकर ही चुनाव जीत कर आये है। पक्ष विपक्ष दोनो की राजनैतिक और दैनिक जिम्मेदारी है जनता का जीवनस्तर ऊपर उठाये।

## घरेलू हिंसा के विरुद्ध समाज को जागरूक होने की जरूरत



भावना

मेरी शादी 30 साल पहले हुई थी। शादी के कुछ दिन तो अच्छे रहे लेकिन उसके बाद मारपीट और घरेलू हिंसा का कहर इस कदर मेरे उपर बरपा कि मुझे कुछ भी समझ में नहीं आया. पहले दिन जब मेरे पति ने मेरे ऊपर हाथ उठाया तो मुझे नहीं पता था कि अब ये रोज़ का सिलसिला बन जायेगा और मैं इसका शिकार हुआ करुंगी. कुछ दिनों बाद मैं गर्भवती हो गई, तो लगा कि अब यह सब कुछ बंद हो जायेगा। लेकिन उसने इस दौरान भी मारना नहीं छोड़ा, एक दिन उसने मुझे इतना मारा कि मेरा मिसकैरेज होने की नौबत आ गई थी. आज मैं दो बच्चो का मां हूं और पति से अलग रहती हूँ. मुझे नहीं मालूम कि घरेलू हिंसा के खिलाफ सरकार के क्या कानून हैं? अन्यथा जब पहली बार उसने हाथ उठाया था, उसी दिन उसे पुलिस के हवाले कर देती.÷यह कहना है राजस्थान के लूणकरणसर स्थित घड़सीसर गांव की 42 वर्षीय पूजा (बदला हुआ नाम) का।

यह विडंबना है कि हमारे देश में महिलाएं सबसे अधिक घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं. घर की चारदीवारी के अंदर न केवल उन्हें शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया जाता है और फिर घर की इज़्ज़त के नाम पर महिला को ही चुप रहने की नसीहत दी जाती है। हालांकि महिलाओं, किशोरियों और बच्चों पर किसी भी प्रकार की हिंसा करने वालों के खिलाफ कई प्रकार के सख्त कानून बने हुए है. आईपीसी की धारा के तहत जहां पहले से इस संबंध में कानून थे, वहीं 1 जुलाई से पूरे देश में तीन नए आपराधिक कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गए हैं जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे. इन नए आपराधिक कानून में महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा करने वालों के विरुद्ध कानून को और भी अधिक सख्त बनाया गया है। घरेलू हिंसा के ज़्यादातर मामले शहरों की अपेक्षा घड़सीसर जैसे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में नज़र आते हैं. यह गांव राजस्थान की राजधानी जयपुर से करीब 254 किमी दूर और चुरु जिला के सरदारशहर ब्लॉक से 50 किमी की दूरी पर है. 2011 की जनगणना के अनुसार यहां की आबादी करीब 3900 है. गांव की एक अन्य महिला 40 वर्षीय कमला (नाम परिवर्तित) बताती है कि मेरी शादी 22 साल की उम्र में हो गई थी. मेरा पति किसान है. जितनी मेहनत वो खेतों में करता था, उतना ही मेरे साथ घर आकर मारपीट करता था. यह उसकी रोज़ की आदत हो गई थी. ऐसा करने में उसने बच्चों को भी नहीं छोड़ा. घर के सारे फैसले भी वह खुद लेता था. यहां तक कि उसने कम उम्र में ही बेटी की शादी करवा दी. हालांकि मैंने इसका काफी विरोध किया। कमला कहती है कि हर बार उसके द्वारा की गई हिंसा के बाद ससुराल वाले मुझे घर की इज़्ज़त का हवाला देकर चुप रहने को कहते रहे. लेकिन अब मैं चुप नहीं रहती हूं और खुलकर उसके गलत फैसले का विरोध करती हूं. यदि मैं पढ़ी लिखी होती तो पहले दिन ही उसकी हिंसा का जवाब पुलिस बुला कर देती। राजपूत बहुल इस घड़सीसर गांव में महिला और पुरुषों के बीच साक्षरता की दर में बहुत बड़ा अंतर नज़र आता है. जहां पुरुषों में साक्षरता की दर 62.73 प्रतिशत के करीब है वहीं महिलाओं में यह मात्र 38.8 प्रतिशत दर्ज की गई है. यहां लड़कियों को पढ़ाने की सोच बहुत कम है. अधिकतर लड़कियों की शिक्षा आठवीं के बाद छुड़ा दी जाती है. साक्षरता दर में यही कमी यहां महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित कर देता है. ज़्यादातर घरों में पति द्वारा शराब पीकर मारपीट करना आम बात है. इस संबंध में ललिता (बदला हुआ नाम) का कहना है कि ÷मेरी शादी 23 साल पहले हुई थी. मेरे पति जूता बनाने का काम करते हैं. इसी से ही हमारे घर का गुज़ारा हुआ करता था. परंतु ज़्यादातर वह कमाए हुए पैसों को शराब में खर्च कर दिया करता था. जब मैं घर खर्च के लिए उससे पैसे मांगती तो वह मेरे साथ मारपीट किया करता था. एक दिन वो नशे में धुत होकर मुझे मार रहा था तो मेरी बेटी बीच बचाव में आ गई, लेकिन इस पर भी वह नहीं रुका और हिंसा जारी रखा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# पुलों का ढहना शासन-तंत्र की भ्रष्टता का प्रमाण



ललित गर्ग

**बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों के ध्वस्त होने की घटनाएं हैरान करने के साथ-साथ चिंतित करने वाली हैं। जैसी खबरें हैं, अकेले बुधवार, यानी 3 जुलाई को ही राज्य के विभिन्न हिस्सों में पांच पुल-पुलिया धराशायी हो गए। इनमें सिवान में छाड़ी नदी पर बने दो पुल शामिल हैं। इससे पहले दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 पर छत गिरने की घटना से भी हर कोई हैरान है। इस हादसे के कारण अनेक वाहन क्षतिग्रस्त हुए एवं एक व्यक्ति की मौत हो गई और 8 लोग घायल हुए थे। सभी को इस बात की हैरानी हो रही है कि देश के सबसे प्रमुख हवाईअड्डे पर इस तरह का हादसा कैसे हो सकता है? मुंबई में भी घाटकोपर का होर्डिंग गिरना 14 लोगों की मौत का कारण बना था।**

इन पुलों के गिरने एवं अन्य सरकारी निर्माणों के ध्वस्त होने की घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है, दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलते हैं कि ईमानदारी बहुत पीछे रह जाती है। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। पुल के गिरने से जितने पैसों की बर्बादी हुई, उसकी भरपाई आखिर किससे कराई जाएगी? बिहार में पुल गिरने की ताजा घटनाएं कोई पहली नहीं है। इससे पहले पिछले साल भर में सात पुलों के ढह जाने की खबरें आई थी। जाहिर है, इन पुलों के ढहने एवं गिरने से कई गांवों का आपस में सीधा संपर्क टूट गया है और मानसून के मौसम में उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं।



बरसात के मौसम में जर्जर ढांचों के गिरने की घटनाएं ज्यादा घटती हैं और इसीलिए सभी राज्यों में स्थानीय प्रशासन मानसून आने से पहले ही उनकी पहचान कर उनका इस्तेमाल प्रतिबंधित कर देता है। मगर पुल कोई रिहाइशी इमारत नहीं, जिसमें चंद परिवार या कुछ लोग रहते हों, और जिसे एहतियातन खाली करा लिया जाए। ये पुल ग्रामीण लोगों के जीवन की अनिवार्यता एवं जीवनरेखाएं हैं। उच्च तकनीक और प्रौद्योगिकी के मौजूदा समय में उच्च लागत के बावजूद छोटी नदियों और नहरों पर बनने वाले पुल भी यदि चंद वर्षों में या बनते ही धराशायी हो जाएं, तो इसको कुदरती कहर का नतीजा नहीं, आपराधिक मानवीय लापरवाही, भ्रष्टाचार एवं सरकारी धन का दुरुपयोग ही मानना चाहिए। बिहार में सिवान की जिस नदी पर दो पुलों के ढहने की घटना घटी है, वह मृत हो चुकी थी और उसे जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत पुनर्जीवित किया गया था। निस्संदेह, इसके लिए राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन सराहना के पात्र हैं। आखिर इस नदी के जिंदा होने से हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई को बल मिला है। मगर क्या उसी तंत्र को यह भी नहीं सुनिश्चित करना चाहिए था कि जो पुल जर्जर अवस्था में हैं, उनका विकल्प भी साथ-साथ तैयार किया जाए? इस तरह बार-बार पुलों का गिरना एवं ध्वस्त होना सरकार में गहरे पैठ चुके भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं रिश्वतखोरी को उजागर करता है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। ये पुल हादसें एवं ध्वस्त होने की घटनाएं बिहार में सरकारी भ्रष्टाचार के चरम पर होने को ही बल देती है। ऐसा नहीं है कि बिहार में ही ऐसे हादसें हो रहे हैं। गुजरात के मोरबी पुल हादसे को लोग अब भी नहीं भूले हैं। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। सात साल पहले कोलकाता में विवेकानंद पुल के ढहने से 26 लोगों की मौत की घटना भी सबको याद होगी। सिर्फ बिहार में पुलों का यूं ढहते जाना ही चिंता की बात नहीं है, दूसरे तमाम राज्यों से भी चमचम सड़कों पर बनते गड्ढें और नए निर्माण के दरकने की खबरें लगभग रोजाना सुर्खियां बटोर रही हैं। इसलिए बेहतर होगा कि तमाम सार्वजनिक निर्माण में पारदर्शिता, ईमानदारी एवं आधुनिक स्थापित मानकों की गारंटी सुनिश्चित की जाए और इसमें किसी किस्म की कोताही बरतने वाले की जिम्मेदारी तय हो। देश भर में तमाम पुराने पुलों की समीक्षा के साथ-साथ उनके रखरखाव या वैकल्पिक पुल के निर्माण को लेकर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

इतना तय है कि ये सभी पुल अगर भरभरा कर गिर रहे हैं तो इनकी डिजाइन गलत होने से लेकर उसमें उपयोग होने वाली सामग्री के घटिया होने का भी साफ संकेत है। लेकिन जिस तरह सरकार इन एवं ऐसे पुलों की गुणवत्ता और जोखिम का अध्ययन करा रही थी, क्या उसके निर्माण के दौरान या उससे पहले डिजाइन सहित उसके हर कसौटी पर बेहतर होने के लिए जांच कराना सुनिश्चित नहीं कर सकती थी? यह तय है कि इन पुलों के निर्माण में व्यापक खामियां थीं और वे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये। सवाल है कि जब सरकार किसी कंपनी को पुल निर्माण की जिम्मेदारी सौंपती हैं, उससे पहले क्या गुणवत्ता की कसौटी पर पूरी निर्माण योजना, डिजाइन, प्रक्रिया, सामग्री, समय-सीमा और संपूर्णता को सुनिश्चित किया जाना जरूरी समझा जाता? देश में भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है, विशेषतः राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को अवरूद्ध कर रखा है। यही कारण है कि पुल या दूसरे निर्माण-कार्यों के लिए रखे गए बजट का बड़ा हिस्सा कमीशन-रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। इसका सीधा असर निर्माण की गुणवत्ता पर पड़ता है। निर्माण घटिया होगा तो फिर उसके धराशायी होने की आशंका भी बनी रहती है। हादसों का एक बड़ा कारण जांच में दोषी और जिम्मेदार ठहराए गए अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का न होना भी है। बिहार, दिल्ली, मुम्बई, गुजरात हादसों के दोषियों को बचाने के प्रयास भी सबके सामने हुए हैं। हर हादसे के बाद लीपापोती के प्रयास खूब होते हैं।

# मंडराने लगे हैं जल संकट के बादल



तनवीर जाफ़री

इसी वर्ष मई माह के मध्य में दक्षिण अफ़्रीक़ा से आई इस ख़बर ने पूरे विश्व को हिला कर रख दिया कि राजधानी केपटाउन को विश्व का पहला जलविहीन शहर घोषित किया गया है। 2018 की शुरुआत में ही कैपटाउन के लोगों को इस आशय की चेतावनी दे दी गयी थी। दरअसल यहां तीन वर्षों से लगातार पड़ने वाला सूखा इस ख़तरनाक स्तर तक पहुंच गया था कि फ़रवरी 2018 में ही डे -ज़ीरो के तहत सारे नलों से पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई थी। उसी समय हालात ऐसे हो गए थे कि नागरिकों को सप्ताह में केवल दो बार नहाने का आदेश दिया गया था साथ ही शौचालय में फ़्लश के लिए टंकी के पानी का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।



आख़िरकार मई 2024 में इसी कैपटाउन को विश्व का पहला जलविहीन शहर घोषित कर दिया गया। अब यहाँ पुलिस व सेना की सुरक्षा में संचालित 200 जल आपूर्ति केंद्रों से केवल 25 लीटर पानी प्रति परिवार को दिया जा रहा है। भीषण जल संकट और इससे उपजी अराजकता के कारण सरकार ने यहां पानी के निजी इस्तेमाल की सीमा 87 से घटाकर 50 लीटर प्रतिदिन कर दी है। अब डे-ज़ीरो के तहत कैपटाउन में 75 फ़ीसदी घरों की पानी सप्लाई काट दी गयी है। यानी 10 लाख से ज़्यादा घरों को पानी मिलना बंद हो चुका है। यहां सिंचाई में भी पानी का उपयोग नाममात्र कर दिया गया है। इसी संकट के बीच समुद्र के पानी को साफ़ करने की कोशिशें भी की जा रही हैं और अब यहां नालों व नालियों के गंदे पानी को भी रिसाइकल किया जाना शुरू हो गया है। तो क्या पूरा विश्व कैपटाउन जैसे जलसंकट का सामना करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है ? यदि कुछ दिन पहले जारी की गयी संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी पर नज़र डालें तो संयुक्त राष्ट्र ने आगाह कर दिया था कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। और इस संकट की शुरुआत हो चुकी है। कुछ समय पूर्व सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर बेंगलुरु में जल संकट का समाचार मिला। 1 करोड़ 30 लाख आबादी वाले बेंगलुरु में अमीरों ग़रीबों को एक साथ हाथों में बाल्टियां लिये सूखे पड़े नलों व टैंकर्स के पास लम्बी क़तार लगाये देखा गया। यहाँ तक कि सरकारी अस्पतालों में हवा से पानी बनाने की मशीन लगानी पड़ी। परन्तु ऐसा लगता है कि यदि पृथ्वी वासी हम आम जनों ने पानी की बर्बादी करने वाली अपनी दिनचर्या न तो बदली और न ही जलसंरक्षण पर ध्यान न दिया। नतीजतन संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी यह चेतावनी कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, यह सही साबित होने में अब ज़्यादा वक़्त लगता नज़र नहीं आता। जल संकट मंडराने का दृश्य मैंने अपनी आँखों से पिछले दिनों अपनी सांगला (हिमाचल प्रदेश ) की यात्रा के दौरान स्वयं महसूस किया। मैंने केवल बरसात के मौसम में ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष पहाड़ों पर तेज़ धार से बहने वाले शीतल जल के अनगिनत झरने / चश्मे बहते देखे हैं। उन झरनों पर लगने वाली भीड़,लोगों को वहां खड़े होकर अपने वाहनों की धुलाई करते,नहाते,कपड़े धोते, मस्ती करते,फ़ोटो सेशन कराते और कहीं कहीं तो फ़िल्में शूट होते भी देखा है। इन्हीं जगहों पर कुछ ग़रीबों को मक्के की छल्ली बेचते,चिप्स,चाय कोल्डड्रिंक्स गोली टॉफ़ी बेचते भी देखा है। परन्तु अत्यंत दुखद है कि गत दो दशकों से झरनों के सूखने का यह सिलसिला आज यहाँ तक आ पहुंचा है कि वही अनगिनत झरने पूरी तरह सूखे पड़े हैं। ऊँची पर्वत श्रंख्लाओं पर इकट्ठी बर्फ़ पिघल चुकी है। ग्लेशियर सूखे पड़े हैं। गोया नदी जल का मुख्य स्रोत समझे जाने वाले अधिकांश पहाड़ी चश्मे सूख चुके हैं। झरना स्थलों पर सन्नाटा पसरा पड़ा है। पहाड़ों की हरियाली ख़त्म होती जा रही है। इसी संकट के परिणामस्वरूप देश की तमाम नदियां सूखती जा रही हैं। मीठे पानी की कमी का दुष्प्रभाव हिमाचल प्रदेश जैसे जल स्रोत वाले प्रमुख राज्य में क्या देखना पड़ा यह मेरी आपबीती से समझ सकते हैं। शिमला के आगे फ़ागू घाटी के एक होटल में रुकने के लिये कमरा बुक करने के समय होटल मालिक ने साफ़ कह दिया कि %पानी की कमी है। सुबह को केवल फ़्रेश होने के लिये टंकी से पानी थोड़ी देर के लिये चलेगा परन्तु नहाने धोने के लिये पानी नहीं है। पीने के लिये बोतल का पानी उपलब्ध है%। इसके बाद नारकंडा में स्थित एकमात्र सुलभ शौचालय जलरहित थाऔर बदबू फैली हुई थी। रामपुर के निकट कार में तेल डलवाने के बाद जब पम्प कर्मचारी से शौचालय के बारे में पता किया तो वह बोला कि शौचालय तो ज़रूर है परन्तु पानी नहीं है। और इंतेहा तो तब हुई जब सांगला में जहाँ ठहरे थे वहाँ भी पानी का काल पड़ा हुआ था। जबकि सामने कलकल करती बसपा नदी बह रही थी। अपने जीवन के किसी पहाड़ी दौरे में पानी के काल का व्यक्तिगत अनुभव हासिल करने का यह पहला मौक़ा था जिसने भविष्य के संभावित जलसंकट की याद दिलाकर अत्यंत विचलित व चिंतित कर दिया।

## ग़ज़ल



सय्यद इक़बाल रिज़वी शारिब

हल्की फुल्की वर्ज़िश अच्छी लगती है
थोड़ी देर यह काविश अच्छी लगती है
मूसला धारी मेह भी इक तोहफा है मगर
धीमी धीमी बारिश अच्छी लगती है
काना फूसी चुहल से कौन बिदकता है।
छोटी मोटी लग़ज़िश अच्छी लगती है
लहजा सख्त किसी का किसको भाता है
प्यार में डूबी पुर्सिश अच्छी लगती है
ताज़ह हों तो अंगूरों का, कहना
खुश्क हुए पर किशमिश अच्छी लगती है
दिल में हो मालिश तो दिल घबराता है
जिस्म को हलकी मालिश अच्छी लगती है
बातिल पर ख़ामोशी से दम घुटता है
हक़ पर लब की जुंबिश अच्छी लगती है
रखता हूँ आज़ाद तबीयत शारिब मैं
फिर भी धर्म की बंदिश अच्छी लगती है।

काविश : कोशिश
लग़ज़िश : भूल /ग़लती
पुर्सिश : पूछताछ
मालिश (1) : जी मतलाना, nausea
मालिश (2) : Massage
बातिल : झूट / अधर्म
जुंबिश : हरकत

# हाथरस के गुनहगारों पर सख्त कार्रवाई की दरकार



रोहित माहेश्वरी

**उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में कथित 'भोले बाबा' का सत्संग सामूहिक मौत में तब्दील हो गया। सत्संग एक स्वयंभू बाबा का था, जिनके श्रद्धालुओं में मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, अफसर भी शामिल हैं। हाथरस जिले के सत्संग में तब भगदड़ मच गई, जब गरीब, आम आदमी, महिलाएं आदि भक्त 'भोले बाबा' के पांव छूना चाहते थे। सत्संग की भीड़ में बाबा का आशीर्वाद लेने की होड़ लगी थी। वह होड़ ही भगदड़ में तबदील हो गई। वहां कुछ फिसलन थी, गड्ढा था, लिहाजा लोग फिसल कर एक के ऊपर एक गिरने लगे। वे आपस में रौंद भी रहे थे। भीड़ में इतनी हड़बड़ी थी कि लोगों ने इनसानों को ही कुचल दिया। अंततः सत्संग 121 मौतों के साथ त्रासदी में बदल गया। करीब 35 घायल हो गए। ये आंकड़े ज्यादा भी हो सकते हैं। कितने घर अनाथ हो गए। कितने घरों की 'देवियां' नहीं रहीं। बताया गया है कि 108 महिलाओं की मौत हुई है। सवाल यह है कि क्या कथित 'भोले बाबा' और उनके सेवादार आयोजकों के खिलाफ 'गैर इरादतन हत्या' का केस दर्ज किया गया है अथवा कोई संभावना है? मुख्य सेवादार और कुछ अन्य पर प्राथमिकी तो दर्ज की गई है।**

प्राथमिकी में 'भोले बाबा' का नाम क्यों नहीं है? बताया जाता है कि करीब 1.25 लाख की भीड़ सत्संग में आई थी। दूसरा पक्ष 2.5 लाख की भीड़ का दावा कर रहा है। संख्या को लेकर राज्य के मुख्य सचिव, इलाके के आईजी, डीएम और एसडीएम आदि के अलग-अलग बयान हैं। सवाल हैं कि यदि स्थानीय प्रशासन ने सत्संग की अनुमति दी थी, तो क्या पर्याप्त बंदोबस्त देखे गए थे? जल, चिकित्सा, दवाई, डॉक्टर, एम्बुलेंस और प्रवेश-निकास दरवाजों आदि की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया था? क्या पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था? एडीजी ने दावा किया है कि मौके पर 40 पुलिस वाले थे। क्या इतनी भीड़ के लिए 40 पुलिस वाले पर्याप्त थे? क्या छोटे से गांव में भीड़ का सैलाब देखकर प्रशासन और पुलिस सतर्क नहीं हुए, लिहाजा बंदोबस्त नहीं किए जा सके।



एसडीएम दफ्तर का कहना है कि 50 हजार की भीड़ बताई गई थी, लेकिन 80 हजार से ज्यादा लोग पहुंच गए। स्थानीय पुलिस का कहना है कि हमें कार्यक्रम का जो पत्र मिला था, उसमें भीड़ का कॉलम खाली था। राज्य के सर्वोच्च अधिकारी मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के बयान कुछ और ही हैं। प्रशासन के स्तर पर ये विरोधाभास क्यों हैं? आखिर किसकी जवाबदेही और जिम्मेदारी है? ऐसे धार्मिक और बाबाओं के आयोजनों में लोग आस्था और कष्ट निवारण की भावना से आते हैं। बेशक धर्मगुरु हों, सामाजिक नेता हों, प्रभावी लोग या आयोजक, हजारों-लाखों की भीड़ जुटा कर उन्हें उनके ही हाल पर छोड़ देते हैं। सरकारें और प्रशासन भी इन कथित बाबाओं पर हाथ नहीं डालते। कोरोना महामारी के दौरान इसी 'भोले बाबा' ने उप्र के फर्रुखाबाद में सत्संग किया था। उसमें भी खूब भीड़ जुटाई गई थी। सरकार और प्रशासन ने उस सत्संग की इजाजत कैसे दे दी थी? घटनास्थल का दृश्य इतना भयावह, हृदयविदारक, विचलित करने वाला था कि एक पुलिस कर्मी रवि यादव को दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। हम कथित 'भोले बाबा' को बुनियादी गुनहगार मानते हैं। वह और उनके सेवादार तो अस्पताल तक नहीं पहुंचे कि उनके श्रद्धालु जीवित हैं अथवा दिवंगत हो चुके हैं। बहरहाल आने वाले दिनों में जांच के बाद किसी के सिर पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ा जाएगा। मगर इन मौतों का कसूरवार कौन है? जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनकी कमी कैसे पूरी होगी? बताते हैं कि प्रवचन करने वाले बाबा नदारद हैं। कहा जा रहा है कि यह एक निजी कार्यक्रम था, कानून व्यवस्था के लिये प्रशासन की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन आयोजन स्थल पर भीतरी व्यवस्था आयोजकों के द्वारा की जानी थी। बड़े अधिकारियों का घटना स्थल पर जाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। लेकिन हकीकत है कि हम पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखते। हाल के दिनों में भीड़भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में भगदड़ में लोगों के मरने के मामले लगातार बढ़े हैं। सवाल उठना स्वाभाविक है कि भीड़ के बीच होने वाले हादसों को कैसे रोका जाए। दो साल पहले माता वैष्णो देवी परिसर में भगदड़ में बारह श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। अप्रैल 23 में बनारस की भगदड़ में 24 लोग मरे थे। इंदौर में पिछले साल रामनवमी के दिन बावड़ी की छत गिरने से पैंतीस लोग मर गये थे। इसी तरह 2016 में केरल के कोल्लम के एक मंदिर में आग लगने से 108 लोगों की मौत हुई और दो से अधिक घायल हुए थे। पंजाब के अमृतसर में दशहरे के मौके पर रावण दहन देख रहे साठ लोगों के ट्रेन से कुचलकर मरने की घटना को नहीं भूले हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 24 घंटे में हादसे की रपट मांगी थी। वह उन्हें मिल चुकी होगी! वह खुद घटनास्थल पर पहुंचे और अस्पताल में घायलों का हाल-चाल पूछा। हाथरस में भगदड़ के मामले में यूपी पुलिस ने सत्संग के आयोजन में शामिल 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं। जबकि, एक लाख का इनामी मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर फरार है। योगी सरकार ने हादसे की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया है। इसकी अध्यक्षता इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस बृजेश कुमार श्रीवास्तव करेंगे। रिटायर्ड आईएएस हेमंत राव और रिटायर्ड आईपीएस भवेश कुमार सिंह आयोग के सदस्य हैं। टीम 2 महीने में जांच पूरी कर रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के सुझाव भी देगी। बाबा कहां हैं, किसी को कोई जानकारी नहीं। वह कब तक भूमिगत रहेंगे? आखिर प्राथमिकी में उनका नाम क्यों नहीं है? एक इनसान और देश के नागरिक की कीमत 2-4 लाख रुपए नहीं है। मुद्दा और सवाल समुचित व्यवस्था और संवेदनशीलता का है। अंधविश्वास को लेकर हम किसी को कुछ भी राय नहीं दे सकते। आखिर बाबा के पांव की धूल में कौनसा कल्याण निहित है? वर्तमान युग विज्ञान का है। बच्चों को शुरू से ही चमत्कार और अंधविश्वास से दूर करना होगा।

# प्रत्येक दशा में जरूरतमंद एवं गरीबों को मिलना चाहिए न्यायः सीएम

अवधनामा संवाददाता



- मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया मंडलीय समीक्षा, सम्बन्धित को दिया आवश्यक निर्देश

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुक्रवार को जनपद बस्ती में आयुक्त सभागार बस्ती से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलीय समीक्षा बैठक की गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मंडलीय समीक्षा बैठक में जनपद सिद्धार्थनगर के विकास कार्यों, विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं में प्रगति एवं गुणवत्ता सहित जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के सुचारू संचालन की विस्तृत समीक्षा की गयी।

इस दौरान जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 व पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार एवंसंबधित विभाग के अधिकारीगण एनआईसी कक्ष में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री द्वारा मंण्डलीय समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास (ग्रामीण एवं शहरी) योजना, जल जीवन मिशन (हर घर जल), आपरेशन कायाकल्प, गो-आश्रय स्थल, पशु टीकाकरण, उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना निवेश मित्र पोर्टल, वृक्षारोपड़, सड़को का निर्माण सहित अन्य निर्माण परियोजनाए, रामजानकी मार्ग एवं नई रेल लाइन के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रगति, कर राजस्व, संचारी रोग नियंत्रण अभियान सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं, चिकित्सालयों में चिकित्सकों एवं दवाओं की उपलब्धता सहित मरीजो के इलाज हेतु उपलब्ध मुफ्त सरकारी सेवाओ को सुनिश्चित किया जाना, कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की गुणवत्ता एवं प्रगति के साथ-साथ जनपद में कृषि वैज्ञानिकों की उपलब्धता एवं कृषि में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल एवं किसानों को जागरूक करते हुए उनके खेतों तक तकनीक का प्रयोग, महिला सशक्तिकरण की दिशा में किये जा रहे प्रयास, आपरेशन त्रिनेत्र, आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर संदर्भो का निस्तारण सहित जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के सुचारू संचालन एवं शांति व्यवस्था मुकम्मल रखने के दृष्टिगत पुलिस विभाग की सतर्कता एवं निरोधात्मक कार्यवाहियां आदि के सम्बन्ध में आकड़ेवार जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश व मार्गदर्शन किया।

मुख्यमंत्री ने मण्डलीय समीक्षा के दौरान जनपदों के जनप्रतिनिधिगणों से उनके क्षेत्र में शासन-प्रशासन द्वारा चलायी जा रही/लागू की जा रही योजनाओं सहित सड़क निर्माण, गो-संरक्षण, बाढ़ की आशंका सहित विकास के समस्त पहलुओं पर उनका फीड बैक लेते हुए निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधिगण भी स्वंय मौके का स्थलीय निरीक्षण करते रहें।

## मंडलायुक्त ने निर्माणधीन कार्यों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** मंडलायुक्त अमित गुप्ता द्वारा निर्माणाधीन इंटररसेप्शन, डायवर्सन एवं एसटीपी व पुलिस लाइन में निर्माणाधीन ट्रांजिट हॉस्टल व एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रवंधन केंद्र कुटरा का निरीक्षण किया गया द्य मंडलायुक्त ने उप्र जल निगम (ग्रामीण) इकाई कानपुर को एसटीपी सयंत्र को जल्द से जल्द कार्य पूरा कर शुरू करने के निर्देश दिये, पुलिस ट्रांजिट हॉस्टल का कार्य जल्द पूर्ण कर हस्तांतरित करने के निर्देश मंडलायुक्त ने कार्यदायी संस्था को दिए हैं द्य इसके बाद मंडलायुक्त द्वारा कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया गया, मंडलायुक्त द्वारा आयुध अनुभाग, राजस्व अनुभाग, अभिलेखागार व अन्य पटलों का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के बाद मंडलायुक्त द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियो की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, मंडलायुक्त द्वारा सभी राजस्व न्यायालयों में विचाराधीन वादों की जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान पर जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह, मुख्य विकास अधिकारी व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सीडीओ ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत कराये गये कार्य का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहे कार्य की एरिया ऑफिसर एप के माध्यम निरीक्षण किये जाने हेतु विकास खण्ड-बैतालपुर के ग्राम पंचायत बलियहवा, बलटिकरा, सेखैना एवं बांसपार बुजुर्ग में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत कराये गये कार्य का निरीक्षण किया।निरीक्षण के समय उपायुक्त श्रम रोजगार, देवरिया, अतिरिक्त कार्यकम अधिकारी, ग्राम रोजगार सेवक एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत बलियहवां, विकास खण्ड बैतालपुर मे जल संरक्षण हेतु तालाब की खुदाई कार्य के निरीक्षण के दौरान कुल 56 श्रमिक कार्य करते हुए पाये गये। कार्य स्थल पर एक भी महिला मेट का नियोजन नही किया गया था जबकि निर्देश दिए गए हैं कि 20 से अधिक श्रमिकों के नियोजन पर एक महिला मेट को नियोजित किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि तत्काल महिला मेट का चयन करते हुए चल रहे कार्य पर नियोजित करे। साथ ही कार्य स्थल पर सी0आई0बी0 स्थापित नही पाया गया। उक्त के सम्बन्ध में कार्यकम अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिया कि सम्बन्धित सचिव एवं तकनीकी सहायक से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत-बलटिकरां, विकास खण्ड-बैतालपुर मे बनाये जा रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। उक्त कार्य पर कुल 65 श्रमिक कार्य करते हुए पाये गये। कार्य स्थल पर एक भी महिला नेट का नियोजन नहीं किया गया था जबकि ग्राम पंचायत में महिला मेट का चयन किया गया था। साथ ही कार्य स्थल पर सी0आई0बी0 स्थापित्त नही पाया गया। उक्त के सम्बन्ध मे उन्होंने कार्यकम अधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि सी0आई0बी0 स्थापित नही किये जाने पर सम्बन्धित सचिव एवं तकनीकी सहायक से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत-सेखौना, विकास खण्ड-बैतालपुर मे मनरेगा/कन्वर्जेन्स के अन्तर्गत बनाये जा रहे पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया कराये जा रहे कार्य संतोषजनक पाया गया।

## सफाई न होने से सब्जी मंडी में लगा गंदगी का अंबार



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कृषि उत्पादन मंडी में सफाई व्यवस्था खराब रहने से जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर, इसके अलावा नाली भी बज बजाई तो वहीं आवारा पशुओं से किसान तथा व्यापारी भी परेशान है। उक्त समस्या के निस्तारण किए जाने की मांग बागवान सेवा समिति ने उप जिला अधिकारी से करते हुए ज्ञापन सौंपा। बागवान सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक रायन में उप जिलाधिकारी अतुल कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि कृषि उत्पादन मंडी समिति में ठेकेदार की हठ धर्मता के चलते गंदगी का अंबार लगा हुआ है, साफ सफाई न होने से जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं नालियां गंदगी से पटी हुई है पूरी मंडी में बदबू के चलते किसान और व्यापारी परेशान हैं इसके अलावा आवारा पशुओं से भी किसान परेशान हैं।

## बच्चों का वजन लेते रहें : सीडीपीओ कपिल शर्मा

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बाल विकास परियोजना अधिकारी ने आधा दर्जन से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण ,जिसमें सभी केंद्र खुले मिले इस दौरान उपस्थित सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को केंद्र पर बच्चों की संख्या बढ़ाए जाने तथा संचारी रोग की रोकथाम के लिए आशा बहुओं का सहयोग करने के अलावा, बच्चों का नियमित वजन लेने के निर्देश दिए। बाल विकास परियोजना अधिकारी कपिल शर्मा ने ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम उदोत ,पूरा , देवरी रनूवा आदि गांव में स्थित आधा दर्जन आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जिसमें सभी केंद्र खुले पाए गए, लेकिन केंद्रों पर बच्चों की संख्या कम मिलि। जिस पर उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर तैनात कार्यकत्रियों को निर्देशित करते हुए कहा की केंद्रों पर बच्चों की संख्या बढ़ाए तथा साफ सफ़ाई का विशेष ध्यान दें बच्चों का वजन लेते रहें, संचारी अभियान में आंगनवाड़ी आशा बहू के साथ गांव में भ्रमण करें।

## मानदेय को लेकर बीसी सखियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद।** बीसी सखी महिला जन कल्याण समिति की जिलाध्यक्ष अंजुली शाक्य के नेतृत्व में दर्जनों सखियों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित अपनी मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। बीसी सखी बहनों का प्रदेश सरकार के एनआरएलएम विभाग दुवारा चयनित किया गया है इसलिए सखी बहनों ने मांगों की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया है। हम सभी बीसी बहनों का रुका हुआ मानदेय शीघ्र भेजा जाए और सभी को परमानेंट किया जाए। जिलों की सखी बहनों को राष्ट्रीयकृत बैंकों को जोड़ा जाए ताकि वह अपनी आजीविका चला सके सभी बहनों को दिया गया 75000 का सपोर्ट फंड माफ किया जाए। बी सी बहने जो आरो सर्वे चला रही है और सरकार के द्वारा बंद कर दी जाएगी। यह जानकारी सुपरवाइजर के द्वारा सूचना मिली है कि यह सर्विस 31 जुलाई को बंद कर दिया जाएगा। कार्य को सुचारूरूप से करने के लिए सभी को डिवाइस लेनी होगी।

# केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी का हुआ भव्य स्वागत व सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** राष्ट्रीय सेवा परिषद एवं डॉ अशोक कुमार श्रीवास्तव फैंस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आज भारत सरकार में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री बनने के उपरांत श्री पंकज चौधरी के प्रथम आगमन पर उनके आवास परिसर में प्रख्यात उद्यमी व समाजसेवी इंजी. संजीत कुमार श्रीवास्तव, मंजीत कुमार ( बाबु) व इंजी.अनुभव कुमार श्रीवास्तव (पुत्र स्व डा. अशोक कुमार श्रीवास्तव) द्वारा प्रख्यात समाजसेवी सत्य प्रकाश प्रधान के सानिध्य में अंगवस्त्र ,पुष्प गुच्छ व स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया गया। ई संजीत कुमार व प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता मंजीत कुमार (बाबु) ने कहा कि श्री चौधरी जी का गोरखपुर, महराजगंज सहित पूरे पूर्वांचल के विकास में अच्छी भूमिका रही है, उसी क्रम में यह सम्मान परिषद व फैंस क्लब के द्वारा किया गया। इसी क्रम में श्री पंकज चौधरी ने कहा की मौजूदा लोकप्रिय सरकार जिस तरह से हर क्षेत्र में विकास कर रही है व् काबिले तारीफ है, इससे हर वर्ग, हर तबका खुश और सुरक्षित मेहसूस कर रहा है । तत्पश्चात उन्होंने लोकप्रिय समाजसेवी और राजनेता रहे स्व. डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक सच्चे राजनेता व समाजसेवी थे, उनकी कमी हमेशा हमको व समाज को खलती रहेगी। इस सम्मान का संचालन कृष्ण कुमार चौधरी ने किया। सभी आभार अनिल मिश्र व धन्यवाद ई. अनुभव ने किया। आज इस अवसर पर सर्वप्रथम तुषार प्रधान, अमूल्य श्रीवास्तव, हरेंद्र मिश्र, दीपक पांडे, संजय अग्रवाल निरंजन अग्रवाल, अमन सिंह, रवि गुप्ता, कलाकार ओमप्रकाश गुप्ता, अजय शर्मा इत्यादि गण लोग उपस्थित रहे।

## मोहर्रम पर्व पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना मुख्यालय पर आने वाले मोहर्रम पर्व के मद्देनजर गीडा एस एच ओ योगेंद्र कुमार राय की अध्यक्षता में एक पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न धर्म के धर्मावलंबियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जुलूस परंपरागत तरीके से ही निकले जाएं, कोई भी नया कार्य न किया जाए जो गाइडलाइन के विरुद्ध हो। डीजे इत्यादि के संबंध में ध्यान रखा जाए कि जो माननीय सुप्रीम कोर्ट का जो आदेश है उससे ज्यादा आवाज न होने पाए। अराजकता की स्थिति में सदैव पुलिस तत्पर रहेगी। अराजकता किसी भी किस्म में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर पिपरौली चौकी इंचार्ज रुपेश पाल सिंह, उमा शंकर यादव, ग्राम प्रधान पिपरौली अब्दुल खालिक, आलम, रईस, शकील, नसीम, जावेद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बीआईटी ने प्राप्त किया शैक्षिक गुणवत्ता का सर्वोच्च मानक एनबीए



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** बुद्धा इंस्टिट्युट आफ टेक्नालाजी गीडा गोरखपुर ने शैक्षिक गुणवत्ता का सर्वोच्च मानक एनबीए को सीएसई विभाग में प्राप्त कर लिया है। विगत 10 से 12 मई 2024 को तीन सदस्यीय एनबीए कमेटी द्वारा बुद्धा इंन्सिटीट्युट आफ टेक्नालाजी संस्थान का निरीक्षण किया था। जहां निरीक्षण कमेटी द्वारा शिक्षा, परीक्षा परिणाम, प्लेसमेंट, छात्रावास सहित छात्रों को उपलब्ध होने वाली समस्त व्यवस्था एवं सुविधाओं का बारीकी से मूल्यांकन कर ए बी ए ने दिल्ली मुख्यालय को रिपोर्ट सबमिट करने के बाद मुख्यालय ने रिपोर्ट का अवलोकन कर बुद्धा इंस्टिट्युट आफ टेक्नालाजी संस्थान की सीएसई विभाग को एनबीए प्रदान किया। इस सुखद पल को साझा करते हुए संस्थान के चेयरमैन डॉ0 आर0 ए0 अग्रवाल एवं सचिव डॉ0 रजत अग्रवाल ने कहा कि बुद्धा इंस्टिट्युट आफ टेक्नालाजी संस्थान प्रारंभ से ही शिक्षा, प्रयोगशाला एवं प्लेसमेंट हेतु अत्यंत संजीदा एवं गंभीर रहा है। इस अवसर पर सस्थान के निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल, डा0 आषीष सिंह, डा0 अभिषेक त्रिपाठी, अभिनव श्रीवास्तव, प्रो0 एच0 एन0 सिह, ई0 अंकुर कुमार, ई0 उज्जवल श्रीवास्तव, डा0 अभिन्नदन त्रिपाठी, डा0 शषांक श्रीवास्तव, डा0 डी0के0 द्विवेदी, डा0 विनय श्रीवास्तव सहित सभी विभागाध्यक्ष अधिष्ठाता शिक्षको ने छात्र को बधाई दी।

## रमन्ना गुलजार बाग में डीएम ने किया वृक्षारोपण बच्चों को पेड़ लगाने के लिए किया प्रेरित

**फर्रूखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह द्वारा सामाजिक वानिकी वन प्रभाग द्वारा रमन्ना गुलजारबाग में आयोजित वन महोत्सव के अंतर्गत 01 से 07 जुलाई तक चलने बाले जन जागरूकता अभियान में वृक्षारोपण किया गया व आये हुये स्कूली बच्चों व उपस्थित जन समूह को वृक्षारोपण के लिये प्रोत्साहित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चो व आये हुये जनसमूह को संबोधित करते हुऐ कहा गया कि अधिक से अधिक संख्या मे वृक्षारोपण करे, जो भी पौधे लगाये वह सुव्यवस्थित तरीके से लगाये,जिसके पास जितनी जगह है उतने पौधे लगाये, बड़ी हाइट के पौधे लगाये, लगाये गये पौधों की जिम्मेदारी खुद उठाये, ध्यान रखे कि लगाये गये पौधे मरे नही पौधों की नियमित रूप से देखभाल हो,पौधे लगाकर पर्यावरण बचाये, किस क्षेत्र में कौन पौधा लगाना उपयुक्त है इसकी जानकारी आम लोगो को वन विभाग उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि वन विभाग सभी को निशुल्क पौधे उपलब्ध कराएगा,पेड़ लगाना एक सामाजिक जिम्मेदारी है इसका सभी लोग निर्वहन करे। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण किया गया व आये हुये स्कूली बच्चों व उपस्थित जनसमूह को पौधों का वितरण किया गया, उक्त कार्यक्रम में डीएफओ, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक, संवंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# जल-भराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर जल निकासी के उचित प्रबंध किए जाएं: द्विवेदी

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** उ. प्र. विधान परिषद की देवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के मा. सभापति उमेश द्विवेदी की अध्यक्षता में सर्किट हाउस आगरा में जनपद मैनपुरी के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मा. सभापति ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर आम-जन को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाने की दिशा में कार्य करें, जल-भराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर जल निकासी के उचित प्रबंध किए जाएं, नियमित रूप से एंटी-लार्वा का छिड़काव कराया जाए, शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक साफ-सफाई के बेहतर इंतजाम रहे, झाड़ियों का कटान प्राथमिकता पर हो, आमजन को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक करने के साथ ही उन्हें साप्ताहिक रूप से जलपात्रों की सफाई करने के लिए प्रेरित किया जाए, आमजन को बताया जाए की डेंगू का मच्छर साफ पानी में पैदा होता है, इसलिए घर, घरों के आस-पास कहीं भी पानी एकत्र न होने दें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनकर रहे, मच्छरों से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग करें। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी से कहा कि चूहा-छछूंदर की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाए, पशुपालकों को पशु बाड़ों की सफाई रखने हेतु जागरूक किया जाए। सभापति, समिति के सदस्यों ने मुख्य चिकित्साधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि सर्पदंश से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु न हो, सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर एंटी-वेनम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें यदि कोई सर्पदशं का मरीज आए तो उसे तत्काल एंटी-वेनम देकर उसका बेहतर उपचार किया जाए, सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध रहें, उपलब्ध दबाओं का डिस्प्ले नियमित हो, किसी भी मरीज को बाहर की दवा न लिखी जाए, स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीज, उनके तीमारदारों के साथ बेहतर व्यवहार किया जाए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को निर्वाध विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, उपभोक्ताओं का शोषण किसी भी स्तर पर न हो, वर्षा के मौसम में किसी व्यक्ति, संविदा कर्मी की मृत्यु करंट लगने से न हो सुनिश्चित किया जाए।

## किसान मेला राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया

**उरई (जालौन)।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं एक दिवसीय किसान मेला राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।मेले का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक की ईरज राजा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके उपरांत विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान कृषि विविधीकरण अपनाते हुए कृषक उत्पादक संगठन के माध्यम से आधुनिक कृषि यंत्रों, पशुपालन मत्स्य पालन, श्री अन्न मिलेट्स के प्रयोग से मृदा स्वास्थ्य बिना रासायनिक खाद का प्रयोग करते हुए अन्न उत्पादन बढ़ाने पर बल दिया।

## विश्व साकार हरि का अजमतपुर गांव में चार बीघा में बना है सत्संग आश्रम



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** बाबा विश्व साकार हरि का थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के ग्राम अजमतपुर चार बीघा में बाबा का आश्रम बना हुआ है जो किसी फाइव स्टार से कम नहीं है अंदर लगे कलर और बाबा के आश्रम को फूलों से सजाया गया है यही नहीं बाबा के आश्रम को रंगोली से सजाया गया है जबकि हाथरस में 121 लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन अभी तक बाबा की गिरफ्तारी नहीं हुई है ग्राम अजमतपुर में चार बीघा में बना बाबा का आश्रम बाबा के सेवादार ने बताया करोना काल में आवास विकास में सत्संग हुआ था। सेवादार ने वमुश्किल मीडिया कर्मी को गेट खोल कर बताया और अंदर जाने के लिए मना किया और कहा कि ताला लगा हुआ है जबकि आश्रम के अंदर रोशनी आ रही थी आश्रम के आसपास सुरक्षा के तौर पर कोई भी सुरक्षा कर्मी तैनात नहीं था जान जोखिम में डालकर मीडिया कर्मियों ने बाबा के आश्रम की चित्रों को अपने कमरे में कैद किया है।

## इन्दिरा व जवाहर भवन प्रांगण में वृक्षारोपण अभियान

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** 05.07.24 से प्रारंभ हो रहे वृक्षारोपण अभियान के दृष्टिगत जवाहर भवन स्थित नेहरू वाटिका में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयुक्त निदेशक संतोष कुमार, राज्य संपत्ति निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ ने वृक्षारोपण कर अभियान को दिखाई हरी झंड़ी तथा वृक्षों की उपयोगिता व महत्व पर प्रकाश डाला। व्यवस्थाधिकारी प्रदीप यादव ने कार्यालय में कार्यरत कर्मियों के साथ वृक्षारोपण किया तथा उद्यान के सौंदर्यीकरण हेतु प्रतिबद्धता दर्शाई। उद्यान विभाग के साथ मिलकर इस उद्यान को सुंदर और दर्शनीय बनाया जायेगा। वाटिका के रख रखाव के भी सतत प्रयत्न किए जायेंगे जिससे कि आने वाले समय में यह उद्यान लोगों के आकर्षण का केंद्र बनें। इस अवसर पर व्यवस्थाधिकारी इंदिरा भवन राजेन्द्र कुमार सिंह, प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक रोहित बाजपेई एवं अन्य जवाहर भवन, इंदिरा भवन में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें एवं वृक्षारोपण में प्रतिभाग किया।



## त्योहारों को लेकर की गई पीस कमेटी की बैठक

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली परिसर में जुलाई माह में पड़ने वाले मोहर्रम तथा गुरु पूर्णिमा, कांवड़ यात्रा तथा के त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक की उपजिलाधिकारी अतुल कुमार की अध्यक्षता की गयी जिसमें उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियो को त्योहारों पर साफ सफाई बिजली पानी की व्यवस्था दुरुस्त किये जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान मंदिर के पुजारी एवं मुस्लिम धर्म के धर्मगुरुओं तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने बैठक में उपस्थित होकर अपनी अपनी समस्याओं को रखा। जिसमें समाजसेवी अशफाक राइन ने कहा कि जिस समय पर छड़ें निकलती ओर समाप्त होती है उसी समय निकले तथा समाप्त हों। पूरी रात छड़ें निकालने के नाम से आम जनमानस को परेशान न किया जाये। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय व निर्धारित प्रशासनिक नियमावली के आधार पर मुहर्रम का जुलूस निकाला जाना चाहिए।

# साजिश के तहत पीपल का पेड़ गिराने के आरोप में कार्यवाही हेतु उपजिलाधिकारी को दिया शिकायती पत्र

### ग्राम पंचायत भटंगवा का मामला, प्राचीन पीपल के पेड़ को सुरक्षित, संरक्षित करने हेतु चबूतरा भी नही बनाने दिए थे कब्जेधारी

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भटंगवा में एक व्यक्ति द्वारा साजिश के तहत प्राचीन पीपल का पेड़ गिराने का आरोप लगाकर ग्रामवासियों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की।

शुक्रवार को भटंगवा ग्राम के निवासी हरी प्रकाश, दुर्गेश, शिवपूजन, आदित्य, रंजीत, गौतम, धर्म प्रकाश गौतम, संतोष कुमार, शिवपूजन आदि ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में स्थित समस्त हिन्दू जनमानस के आस्था का प्रतीक प्राचीन पीपल का पेड़ जिसकी पूजा समस्त सनातन समाज के लोग करते थे, को साजिश के तहत गिराया गया। शिकायती पत्र में ग्राम वासियों ने बताया कि गांव में जो प्राचीन पीपल का वृक्ष स्थित था के बचाव, संरक्षण एवं अतिक्रमण मुक्त के लिए एक शिकायती पत्र 16 मार्च को दिया गया था, शिकायती पत्र के क्रम में गांव के ही एक व्यक्ति से उक्त पेड़ को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था, पीपल के पेड़ को अतिक्रमण मुक्त हो जाने के उपरांत ग्राम वासियों द्वारा पेड़ को सुरक्षित, संरक्षित करने हेतु चारों तरफ चबूतरे के निर्माण की बात की गई तो उक्त व्यक्ति द्वारा चबूतरा निर्माण से मना किया गया और कहां गया की जब तक पेड़ है तब तक पूजा करिए। ग्राम वासियों ने यह आशंका जाहिर करते हुए बताया कि उक्त पीपल के वृक्ष को साजिश के तहत गिरने का प्रयास कब्जाधारी द्वारा किया गया हैं। ग्रामवासियों ने रोष व्यक्त करते हुए उक्त कब्जेधारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने का आग्रह किया हैं। उपजिलाधिकारी डॉ. संजीव दीक्षित ने प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज को जांचकर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।

## बीजेपी नेता को फिलस्तीन समर्थक ने दी जान से मारने की धमकी

अवधनामा संवाददाता

**महमूदाबाद सीतापुर।** फेसबुक मैसेंजर के जरिये भाजपा के एक हिंदूवादी नेता को जान से मारने की धमकी मिली है, धमकी देने वाला खुद को फिलिस्तीन समर्थक बता रहा है, उसकी फेसबुक प्रोफाइल के हवाले से पता चलता है कि वो गालिबन इंडोनेशिया का रहने वाला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रामपुर मथुरा इलाके के ग्राम कोठवल निवासी हिंदूवादी भाजपा नेता जो कि किसी फ़िल्म का निर्माण भी कर रहे है उनकी फेसबुक मैसेंजर पर किसी अरविरा रिबॉर्न नामक फेसबुक यूजर के जरिये मैसेंजर पर धमकी आयी है धमकी में कहा गया है कि मै भारत में रुका हू तुमको और तुम्हारे परिवार को मार दूंगा इजराइल के समर्थन में पोस्ट डालना बंद करो धमकी देने वाले अरविरा रेबॉर्न के विरुद्ध रामपुर मथुरा थाने में गुरुनाम वर्मा द्वारा लिखित तहरीर दी गयी है। इस संबंध में उन्हीने बताया कि वे बीजेपी कार्यकर्ता हैं और मंडल उपाध्यक्ष रह चुके है साथ ही आरएसएस धर्म जागरण के कार्यकारिणी सदस्य भी है, गुरनाम सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव भी रहते हैं।

# स्वर्ग रामविलास पासवान की मनाई जयंती गई

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** पूर्वांचल जन मोर्च कार्यालय स्थित पर गरीबों, वंचितो, शोषितों, कमजोर वर्गो, के मसीहा, देश के दूसरे अंबेडकर भारत के गौरवशाली नेता ओजस्वी तेजस्वी कर्तव्य निष्ठा प्रति समर्पित रहने वाले देश के कैबिनेट मंत्री रहे रामविलास पासवान साहब का जन्म 5 जुलाई 1946 बिहार के खगड़िया जिला ग्राम शहरबननी मे पिता जमुना माता सिया देवी के घर हुआ था देश के भारतीय राजनीति में 1969 में पहली बार विधानसभा पहुंचे पासवान के आदर्श जयप्रकाश नारायण जननायक कर्पूरी ठाकुर के साथ लोहिया जी के विचारों में आस्था रखते थे देश में इमरजेंसी के दौरान काफी दिनों तक जेल में रहना पड़ा 1977 में हाजीपुर लोकसभा से रिकॉर्ड मतो से चुनाव जीता और आगे वाले दिनों में कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवमोहन शिल्पकार ने सबसे पहले उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जितनी भी वर्णन किया जाए उतना ही काम है इनकी सोच सदा कमजोर वर्गो के साथ रही देश के राजनीति में अपनी स्थिति को सदा एक निष्पक्ष नेता के रूप में स्थापित करते हुए सन 2000 में लोक जनशक्ति पार्टी की स्थापना किया और देश में अपनी हिस्सेदारी को सुनिश्चित किया और आने वाले दिनों में अनेक कार्य किया इन्होंने देश के प्रति सदा समर्पित रहे और अपने जीवनकाल में ही अपने हाजीपुर लोकसभा को अपने छोटे भाई पशुपति कुमार पारस जी को समर्पित कर उन्हें विजई बनवाया 8 अक्टूबर 2020 को उनकी मृत्यु के उपरांत एनडीए गठबंधन के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा पारस जी को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनाया गया।

# नवागत डीआईओएस ने दिखाए तेवर

- 24 माध्यमिक विद्यालय को मान्यता समाप्त का भेजा नोटिस

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सरकार की मंशा के अनुरूप फर्जी छात्र संख्या पर रोक लगाने के लिए यू डायस पोर्टल पर पढ़ने वाले बच्चों का विवरण दर्ज न करने वाले 24विद्यालय को मान्यता समाप्त करने का नोटिस जारी किया है यदि उन्होंने 5 जुलाई तक विवरण दर्ज नहीं किया तो मान्यता समाप्त करने के लिए बोर्ड को सूचना भेज दी जाएगी। जिला विधालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने कल ही कार्यभार ग्रहण किया और ऑफिस में कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उनकी जानकारी में आया कि 24 कॉलेज ने पढ़ने वाले बच्चों का विवरण यू डायस पोर्टल पर दर्ज नहीं कराया है उन्होंने 24 कॉलेज को मान्यता समाप्त करने का नोटिस जारी किया है यदि उन्होंने 5 जुलाई आज शाम तक विवरण दर्ज नहीं कराया तो मान्यता समाप्त करने के लिए बोर्ड और शासन को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया जाएगा।

### जिन विद्यालयों को नोटिस दिया गया है उनकी सूची

सीसी सिंह इंटर कॉलेज गोवर्धन मथुरा, शिव चरण इंटर कॉलेज पाली डुंगरा गोवर्धन, बाबू दौड़ दयाल एडवोकेट सरस्वती विद्या मंदिर सलेमपुर मथुरा, चौधरी नत्थी सिंह इंटर कॉलेज मुरैसी चौधरी पी एस एंड जे एच एस स्कूल मथुरा, चंदन वन पब्लिक स्कूल भरतपुर रोड मथुरा, गोविंद सरस्वती इंटर कॉलेज वाकलपुर, गोविंद सरस्वती विद्या निकेतन बाकलपुर , मां रामादेवी पब्लिक स्कूल माया कॉलोनी सोंख रोड मथुरा, महर्षि गौतम सीनियर सेकेंडरी स्कूल मथुरा, पंडित टी एन एच एस स्कूल सलेमपुर मथुरा, रामवती देवी रामनरेश गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा, सत्या देवी गर्ग सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कैलाश नगर वृंदावन, श्री कृष्ण वैदिक कन्या इंटर कॉलेज मथुरा, श्रीमन नारायण आदर्श बल विद्यालय रामकृष्ण नगर बाकलपुर, श्री सद्गुरु इंटर कॉलेज जोनाई मथुरा, श्रीमन नारायण आदर्श बाल विद्यालय रामकिशन नगर बाकलपुर, श्री बालकृष्ण शांति हाई स्कूल कौन्हाई, श्रीमन नारायण इंटर कॉलेज तोष, श्री राम सिंह हाई स्कूल राल, तपस्थली इंटर कॉलेज ऊँचागाऊँ, चौधरी राम सिंह महिला इंटर कॉलेज अनोडा, श्री ब्रह्मचर्य शर्मा संस्कृत विद्यालय वृंदावन, श्री धर्म संघ संस्कृत विद्यालय रमन रेती ,वृंदावन श्री राधाकृष्ण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वृंदावन।

## दिव्यांग सहायता शिविर 7 जुलाई को

**मथुरा।** 418वां निःशुल्क दिव्यांग सहायता त्रिदिवसीय मासिक चिकित्सा शिविर विकलांग सहायता संस्था मथुरा के तत्वाधान मे ब्रजवासी हाईटेक उद्योग परिसर, (आगरा - दिल्ली -हाइवे, हाइवे प्लाजा के सामने ) हंसराज कॉलोनी रोड, जसवंत टेलीकॉम के पास, मथुरा पर रामबाबू कपूरचंद बजाज की स्मृति मे दिव्यांग सेवा चेरिटेबिल ट्रस्ट,आगरा के सहयोग से दिनांक 07जुलाई 2024 रविवार को प्रात 10:00बजे से दोपहर 2:00बजे तक किया जा रहा है ,शिविर में पंजीकृत दिव्यांगों का निःशुल्क परीक्षण भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवा संघ, नई दिल्ली की शाखा लेडी हार्डीन हॉस्पीटल की भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विशेषज्ञ डॉ. निधि नेगी जी एवं ,भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति कोटा के टेक्निशियन देव किशन एवं उनकी टीम द्वारा किया जायेगा। संस्था सचिव प्रेमशंकर अग्रवाल ने बताया कि शिविर उपयुक्त पाये गये सभी दिव्यांग भाई बहिनों को आगामी तीन दिन के अंदर निशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किये जाएंगे साथ सभी दिव्यांग जनो से अनुरोध है कि वह आधार कार्ड, विकलांग प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ अवश्य लावे।

# वन महोत्सव: एक पेड़ मां के नाम

- राजकीय इंटर कॉलेज में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** वन महोत्सव÷एक पेड़ मां के नाम÷पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान 2024 के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज में शुक्रवार को जन जागरूकता रैली का आयोजन सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति के तत्वाधान में किया गया। रैली का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में बच्चों ने जन जागरूकता पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ एक पेड़ मां के नाम के नारे, पटिकाये लेकर शहर की सड़कों पर आम जनमानस को वृक्षों के प्रति जागरूक करने हेतु नारे लगाते हुए निकले। कार्यक्रम का समापन राजकीय इंटर कॉलेज में किया गया। प्रधानाचार्य डॉ.दीपक सक्सैना ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण कर पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ की पहल करनी चाहिए तो हमारे देश में प्राकृतिक परिवर्तन देखने को जरूर मिलेगा। क्योंकि वृक्ष ही हैं जो बारिश को धरती पर लाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं ये वृक्ष प्रत्येक व्यक्ति को प्राण वायु देने में भी सहायक होते हैं। उप प्रभागीय वनाधिकारी विमल कुमार सिंह ने बताया कि पेड़-पौधे हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारे पूरे ग्रह की जैव विविधता पेड़ों द्वारा कायम है। प्रत्येक जीवित प्राणी को अपने अस्तित्व के लिए भोजन, पानी और हवा की आवश्यकता होती है। जिला समन्वयक डॉ.मुकेश यादव ने कहा कि वृक्षारोपण को प्रोत्साहन देने के लिए आमजनों को वृक्षों से होने वाले लाभ एवं उनके संरक्षण से अवगत कराकर वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करना होगा। जीआईसी सैफई प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह, वन क्षेत्रीय वनाधिकारी वढपुरा अशोक कुमार शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कर्नल एस.पी.सिंह, एन.सी.सी, सूबेदार मेजर साहब सिंह, उप वन क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रबल प्रताप सिंह, शिव प्रसाद, डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान, वन दरोगा ताबिश अहमद, सुनील कुमार, रविंद्र मिश्रा, अनिल चौहान एवं संतोष कुमार सिंह आदि का योगदान रहा।

## पानी की टंकी गिरना भ्रष्टाचार के घड़े का फूटना है:

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा ने कृष्णा नगर में सरकार और प्रशासन की भ्रष्टाचार व पानी की टंकी निर्माण में हुई धांधली के खिलाफ जमकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। दिनांक 30 जून 2024 को कृष्ण विहार बीएसए कॉलेज थाना कोतवाली मथुरा क्षेत्र में जल निगम एवं अन्य एजेंसियों के द्वारा करीब 35 करोड़ की लागत से बनी पेयजल आपूर्ति हेतु पानी की टंकी सरकार और प्रशासनिक भ्रष्टाचार के गठ -जोड़ के कारण भर -भरा कर गिर गई ,जिसमें तीन निर्दोष लोगों की जान चली गई सैकड़ो मकान क्षतिग्रस्त हो गए, बे-कुसूर दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। इस प्रकार 30 साल के लिए बनी पानी की टंकी 3 साल में धराशाई होकर जमी दोज हो गई। इस मौके पर समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी एवं आजाद समाज पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार और प्रशासन के भ्रष्टाचार और टंकी निर्माण से जुड़े लोगों की संपत्ति जप्त करने की मांग की ,साथ ही 6 सूत्रीय ज्ञापन महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम एलआईयू के माध्यम से प्रदर्शन के दौरान लुकेश कुमार राही ने कहा यह पानी की टंकी नहीं, सरकार और प्रशासन के भ्रष्टाचार का घड़ा फूटा है, जिसने जनता के जान -माल को लूटा है।

# यात्रियों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं धर्मशाला मलिक

- 100 से अधिक पुरानी धर्मशालाओं का नगर निगम नहीं ले रहा है पीडब्ल्यूडी से नहीं ले रहा हैं धर्मशालाओं के दिवार की रिपोर्ट!
- बड़ा हादसा होने के बाद क्या होती रहेगी जांच!

**वृंदावन (मथुरा)।** जनपद के तीर्थ नगरी वृंदावन क्षेत्र में इन दोनों तीर्थ यात्रियों की भारी तादाद देखी जा रही है वर्तमान समय में बरसात का मौसम चल रहा है जिसको लेकर वृंदावन क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बनी 100 साल से भी अधिक पुरानी धर्मशालाओं में बाहर से आने वाले तीर्थ यात्रियों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है धर्मशाला मालिक रुपयों के लालच में यात्रियों को तो रख लेते हैं लेकिन तेज बारिश होने की आशंका को देखते हुए क्योंकि धर्मशाला 100 साल से भी ज्यादा पुरानी एवं खराब हालत में हो चुकी हैं जो रहने लायक नहीं हैं धर्मशाला मलिक धर्मशाला में मरम्मत का भी कार्य समय समय पर मालिकों द्वारा नहीं कराया जाता जिससे धर्मशालाओं की हालत और भी खराब हो गए चुकी है मथुरा वृन्दावन नगर निगम को अपने हाउस टैक्स ,वॉटर टैक्स, एवं सीवर टैक्स से ही मतलब रह गया है धर्मशालाओं की स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है की कभी भी कोई भी बड़ा हादसा कभी भी घटित हो सकता है जिससे जनहानि एवं आर्थिक हानि होने की संभावना बनी हुई है नगर निगम प्रशासन ऐसी धर्मशाला का रिकॉड इकट्ठा नहीं कर रहा है साथ ही पीडब्ल्यूडी से इन धर्मशालाओं के निष्प्रयोजन की भी रिपोर्ट नहीं मंगा रहा है जिससे नगर निगम पर भी सवालिया निशान लगा हुआ है यदि इस बरसात के मौसम में किसी धर्मशाला में जनहानि होती है तो उसे दिन हनी की नुकसान की भरपाई किस प्रकार की जाएगी नगर निगम के नीति के कारण न जाने कितने लोग काल के गाल में जा सकते हैं साथ ही जनहानि होने पर दिए जाने वाले मुआबजे की भरपाई कौन करेगा! यह भी बड़ा सवाल बना हुआ है? क्योंकि धर्मशाला मलिक जब यात्री से रुकने का रुपया लेते हैं तो सारी सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए जिसमें उनकी जान की सुरक्षा भी है अब देखना होगा कि मथुरा वृंदावन नगर निगम प्रशासन इस मामले में कब तक कुंभकरण नींद में सोता रहेगा या मथुरा में हुई पानी की टंकी हादसे से सबक लेकर ऐसे धर्मशालाओं की रिपोर्ट पीडब्ल्यूडी से मांगेगा जो धर्मशालाएं अत्यंत खराब हालत में है और उनका निष्प्रयोग घोषित कर राज्य सरकार को होने वाली आर्थिक क्षति से बचा पाएगा?

# तुलसी शाखा द्वारा स्वामी जी की पुण्यतिथि श्रद्धा भाव से मनाई गई



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** समाज सेवा को समर्पित भारत विकास परिषद तुलसी द्वारा गुरुवार देर शाम पक्का तालाब स्थित साँई मंदिर पर शाखा अध्यक्ष डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव के निर्देशन में विश्व विख्यात आध्यात्मिक गुरु, युवाओं के प्रेरणास्रोत एवं परिषद सदस्यों के कुशल मार्गदर्शक स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए साथ ही उपस्थित लोगों के मध्य स्वामी जी के बताएं आदर्श विचारों की चर्चा कर उनके द्वारा दिखाये गए मार्ग पर चलने का जन सामान्य लोगों को संदेश भी दिया। सभी सदस्यों ने परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ मिलकर हाल ही में हाथरस में हुई दुखद व्यापक जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया, सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रभु से कामना की एवं मृतक परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुए सभी नागरिकों को इस घटना से सीख लेने को प्रेरित किया ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना होने पाए। इस अवसर पर संतोष कुमार वर्मा, श्याम किशोर गुप्ता, डॉ ध्रुव कुमार गुप्ता, प्रीतम खन्ना, अनीता सिंह, नीलिमा चौधरी, अर्चना चौबे, डॉ अनुराग श्रीवास्तव, मंजू सिंह, अंजू चौधरी एवं पंकज कुमार सिंह चौहान सहित अन्य तुलसी सदस्य एवं अनेकों जन सामान्य नागरिकों की गरिमामई उपस्थित रही।

## 10 जुलाई से करे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन

**हरदोई।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाकान्त ने बताया है कि शैक्षिक सत्र 2024-25 मे दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा-09-10) की कक्षाओं से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन लॉक एवं आवेदन से लेकर वितरण तक की समस्त प्रक्रियात्मक कार्यवाही निर्धारित तिथियों मे की जायेगी।

उन्होंने बताया कि 10 जुलाई से 02 सितम्बर 2024 तक शिक्षण संस्थान द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की कार्यवाही की जायेगी। 12 जुलाई से 06 सितम्बर 2024 तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन आदि की कार्यवाही की जायेगी। 10 जुलाई से 31 अक्टूबर 2024 तक छात्रों द्वारा आर्नलाइन आवेदन की कार्यवाही की जायेगी। 04 नवम्बर 2024 तक हार्डकापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा। 11 जुलाई से 18 नवम्बर 2024 तक विद्यालयों द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की कार्यवाही की जायेगी, तथा 19 नवम्बर से 06 दिसम्बर 2024 तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन की कार्यवाही की जायेगी।

# नगर के नालों में निर्बाध जल प्रवाह को लेकर जिलाधिकारी गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** नगर पालिका हरदोई में जल भराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज नगर के सबसे लम्बे नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने छुईया ड्रेन के पास नाले का निरीक्षण किया तथा नाले में गंदगी देखकर नगर पालिका के अधिकारियों से नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश



दिए कि नाले की सफाई तत्काल करायी जाये। रास्ते में नाले में गिरते हुए कचरे को देखकर उन्होंने सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को नाले में कचरा फेकने से मना किया जाये, जिसके लिए लोगों को जागरूक किया जाये। न मानने वालों का चालान काटा जाये। एक स्थान पर नाले के किनारे गोबर का ढेर देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। आरटीओ कार्यालय के पास नाले में जल प्रवाह धीमा देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि नालों में विभिन्न स्थानों पर जाली लगवाई जाये ताकि कचरे को उसी स्थान पर पृथक कर बाहर निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि नालों के दोनों ओर दीवार बनवायी जाये। अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर माननीय नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## फर्जी आईडी बनाकर प्रयोग किया जा रहा मोबाइल

**इटावा।** सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी इटावा का नाम व फोटो लगाकर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इस मोबाइल नम्बर 7354340866 से फर्जी आईडी बनाकर प्रयोग की जा रही हैं। जिस पर विधिक कार्यवाई की जा रही है। कृपया ऐसे किसी फर्जी आईडी पर ध्यान न दे। जिलाधिकारी इटावा का अधिकारिक मोबाइल नम्बर 9454417551 व आईडी डीएम इटावा के नाम से संचालित है।

# जेनेसिस हॉस्पिटल में जय भोले सेवा समिति के पदाधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जिले में जय भोले सेवा समिति के सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा जेनेसिस हॉस्पिटल में वृक्षारोपण किया गया। अस्पताल के मालिक डॉ. अजय प्रताप सिंह तथा डॉक्टर शालिनी सिंह चौहान को वृक्ष देकर सम्मानित किया गया। डॉक्टर अजय प्रताप सिंह ने कहा की जय भोले सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों की टीम हमारे हॉस्पिटल में आई और हम डॉक्टरों की टीम को वृक्ष देकर सम्मानित किया और वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया। समिति के पदाधिकारियों द्वारा बहुत ही अच्छी पहल व बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है।जय भोले सेवा समिति की राष्ट्रीय सचिव पूजा गुप्ता ने कहा कि अस्पताल के आसपास का क्षेत्र तो अत्यंत सुखद अनुभूत करने वाला होना चाहिए ताकि मरीज अस्पताल में आकर यह न अनुभव करें कि हम अस्पताल में हैं बल्कि



यह अनुभव करें कि हम किसी हरियाली युक्त जगह में है जिसके लिए चारों तरफ हरियाली होनी चाहिए इसलिए हमें अस्पतालों और मंदिरों के आसपास तो अधिक से अधिक संख्या में पेड़ पौधे लगाकर वातावरण को शुद्ध करने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि वृक्षों के द्वारा हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिश्रित हवा प्राप्त होती है जो हमारे लिए प्राण दायनी होती है इसके बिना हमारा जीवन संभव नहीं है इसलिए हमें अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने चाहिए। डॉक्टर शालिनी सिंह चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय सचिव पूजा गुप्ता की टीम बहुत ही पुनीत कार्य कर रही है। अमृता सिंह ने कहा कि हमारी समिति लगातार वृक्षों का रोपण कर रही है। इस मौके पर मुस्कान सिंह, गीता गुप्ता ,प्रांशु सिंह, अमृता सिंह, अर्वंतिका तिवारी, कमल किशोर गुप्ता व हॉस्पिटल का स्टाफ ,मरीज व उनके परिजन आदि लोग मौजूद रहे।

16

# हाथरस में 125 से ज्यादा लोगों की मौत और हजारों लोगों के घायल होने पर कौन ज़िम्मेदार है: शिवा

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** गौ रक्षा दल के जिलाध्यक्ष शिवा ठाकुर ने कहा हाथरस में 125 से ज्यादा लोगो की मौत और हजारों लोगों के घायल होने पर कौन जिम्मेदार है?

पुलिस प्रशासन ने इतने बड़े आयोजन की अनुमति क्यों दी? और अगर दी तो वहा सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी भी तो सरकार की थी। 80 हजार लोगो की अनुमति प्रशासन द्वारा दी गई थी, जब की सूत्रों के हिसाब से 2.5 लाख से ज्यादा लोग उसे उस सम्मेलन में उपस्थित थे।

बाबा जी सरकारी संरक्षण में अपना फर्जी साम्राज्य स्थापित कर रहे है और खुद को नारायण हरि बता रहे है।



उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी FIR में भी बाबा जी का नाम नही लिया गया, माना जा रहा है की वे अपने मैनपुरी वाले आश्रम में है, या वे किसी नेता के संरक्षण में कही भाग गए है। घायलों और मृतकों के परिजनों के अनुसार जब वे अपने प्रियजनों को सरकारी अस्पतालों में लेकर पहुंचे तो वहा पर अपर्याप्त व्यवथा के कारण कई घायलों की भी जान चली गई, उत्तर प्रदेश की स्वास्थ व्यवस्था और कानून व्यवस्था की पोल इस हादसे ने खोल कर रख दी है। ये विषय आम जनमानस के लिए भी सोचने का विषय है, की किसी व्यक्ति विशेष या ÷बाबा÷को भगवान का दर्जा देकर उसके पीछे पागल हो कर दौड़ना कहा तक सही।

## झगड़े का बीच-बचाव कराने मै गई महिला की जान

**मथुरा।** थाना नोहझील क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार की सुबह खेत में पानी लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इसमें बीच-बचाव करते समय महिला की गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना नौहझील थाना क्षेत्र के चांदपुर कलां गांव की है। गांव में खेत पर लगी ट्यूबवेल से खेतों में पहले पानी लगाने को लेकर पुष्पेंद्र पक्ष व अशोक पक्ष में विवाद हो गया। देखते-ही-देखते दोनों पक्षों गाली-गलौज करते हुए हाथापाई पर उतर आये दोनों ओर से लात घूंसे चलने लगे। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। दोनों पक्षों में विवाद बढ़ता देख पुष्पेंद्र की 45 वर्षीय चाची विजय मौके पर पहुंची और बीच-बचाव कराने लगीं। बीच-बचाव करते वक्त वह सड़क पर गिर गई और दम तोड़ दिया।

## पीड़ित लोगों की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त से की मुलाकात

**मथुरा।** पानी टंकी हादसे से पीड़ितों की समस्याओं को लेकर मथुरा वृंदावन नगर निगम के आयुक्त से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात करते हुए लोगों की समस्याओं को नगर आयुक्त को मांग पत्र सौंपा 7 प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व करते हुए पूर्व पार्षद तिलकवीर चौधरी ने पानी की टंकी गिरने से नगर आयुक्त लोगों को स्थानीय लोगों की समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया बहुत सारे लोगों के मकान टूट गए हैं साथ ही घर के बाहर बनी सिड्ढी और स्लैब के साथ नाली टूटने के बाद नालियों का पानी लोगों के घरों दोबारा से जा रहा है इसे दोबारा बड़ा हादसा हो सकता है साथ ही टंकी टूट जाने से पेयजल की समस्या वार्ड 47 में हो गई है इन समस्याओं को सुनते हुए नगर आयुक्त ने टीम को तुरंत घटनास्थल पर लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए टीम को भेजने का अनुरोध किया।

# फांसी के फंदे पर झूली सरकारी विद्यालय की अध्यापिका, मौत

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौसी(सम्भल)।** बिसौली गेट तिराहा छोटेलाल कॉलोनी में रहने वाली किराएदार फांसी के फंदे पर लटकी मकान मालिक ने खिड़की से देखा तो फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी महिला ।मौके पर पहुंची पुलिस प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चंदौसी अतर सिंह ने फॉरेंसिक की टीम पहुंच कर जांच पड़ताल की जा रही है , खबर लिखने तक कि जानकारी। पुलिस ने बताया पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा मौत का कारण। टीचर ने फंदा लगाकर किया सुसाइड ये भी चर्चा सुनने में आ रही है। दूसरे किराएदार ने मकान मालिक ने



खिड़की से देखा तो लटकी हुई थी महिला। महिला टीचर नगर में छोटेलाल कॉलोनी में किराए के मकान में रह रही थी। टीचर अभी डेढ़ माह पहले ही किराए का कमरा लिया था। बुलंदशहर की रहने वाली बताई जा रही है और नगर के रामप्यारी इंटर कॉलेज टीचर थी। गुरुवार की शाम काफी देर तक वह घर से बाहर नहीं निकली अचानक पड़ोस के कमरे में रह रहे दूसरे किराएदार की नजर पड़ी और उन्होंने खिड़की से अंदर देखा तो टीचर फंदे से झूलती हुई नजर आयी। मकान मालिक ने अपने पति राज राजू शर्मा को सूचना दी । वह बाहर थे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और अस्पताल पहुंचाया जहां पोस्टमॉर्टम के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा।

# बहमन पब्लिक स्कूल में मनाया गया वन महोत्सव

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल/सिरसी।** शुक्रवार को वन महोत्सव बहमन पब्लिक स्कूल सिरसी जिला संभल में उत्साह पूर्वक मनाया गया। जिसमें वन क्षेत्रीय अधिकारी अंकिता किशोर व 23 यूपी एनसीसी बटालियन मुरादाबाद से ट्रेनिंग जेसीओ राजेंद्र सोलंकी व बहमन पब्लिक स्कूल सिरसी के प्रधानाचार्य शोभित कुमार रस्तोगी जी द्वारा संयुक्त रूप से मां के नाम से वृक्ष लगाया गया। इस अवसर पर वन क्षेत्रीय उपअधिकारी उस्मान अली, वन दरोगा यादव चंद्र देलवाल, 23 यूपी एनसीसी बटालियन से ष्टाारू योगेश कुमार व ष्टाारू एल एन मौर्य, बहमन पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर ताहिर उज जमा ,प्रशासक असगर अली शाह उप प्रधानाचार्य मोहम्मद




ऑन नकवी एनसीसी अधिकारीव मोहम्मद फरमान आदि अध्यापक गण उपस्थित रहे।

इस वन महोत्सव कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स व स्टूडेंट को संबोधित करते हुए वन क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती अंकिता किशोर ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर अपने संबोधन में कहा कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में वृक्ष बहुत आवश्यक है, इनके बिना जीवन की कल्पना करना संभव नही है। प्रधानाचार्य शोभित कुमार रस्तोगी जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए, ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए उच्च स्तर पर वृक्षारोपण तथा उनके संरक्षण को आवश्यक बताया। एनसीसी अधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि हमारे जीवन में वृक्ष का इतना महत्व की, वृक्ष के बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। स्कूल के प्रशासक असगर अली शाह ने कहा, कि जीवन जीने के लिए, वृक्ष का हमारे जीवन में होना बहुत ही जरूरी है, जिससे हमारे जीवन में संतुलन बना रहे। क्कह साहिब अली उर्फ लॉजी ने कहा, कि वृक्षरोपण, मानव के अस्तित्व की रक्षा करने के लिए आवश्यक है। स्कूल के उप प्रधानाचार्य मोहम्मद ऑन नकवी ने कहा कि स्वस्थ जीवन के निर्माण में वृक्षों का अपना एक अलग ही महत्व होता है इसलिए अधिक से अधिक मात्रा में वृक्षारोपण करना चाहिए बाद में वन क्षेत्रीय उपअधिकारी उस्मान अली ने कहा कि वृक्षारोपण के माध्यम से बनाए गए वन, पौधों और जानवरों की अलग-अलग प्रजातियों का आवास है।

# प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है कि उसे पौधारोपण करना चाहिए: सुबोध गौतम

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पौधारोपण अभियान के तहत गुरुवार को पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में फलदार एवं छायादार वृक्ष आरोपित किए गए। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी क्राइम सुबोध गौतम ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है कि उसे पौधारोपण करना चाहिए तथा उसे पौधे के बड़े होने तक उसकी देखरेख एवं संरक्षण करना चाहिए। आज के समय में पौधारोपण करना बहुत ही अनिवार्य हो गया है क्योंकि प्रकृति में जो असंतुलन पैदा हुआ



है उसे वृक्ष ही संतुलित कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में आए डीआईओएस मनोज कुमार ने कहा कि हम सभी को पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। यह एक ऐसी चीज है जो ना जल कर खत्म होती है और ना गल कर तथा पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचाती है। इस अवसर पर डॉक्टर मुकेश ने कहा कि पौधारोपण केवल अभियान के तहत ही नहीं कराया जाना चाहिए बल्कि इसे हमें अपने जीवन में समाहित कर लेना चाहिए तथा जब भी हमें अवसर मिले हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि पौधारोपण हम सब मिलकर के करते रहें तो हमारी प्रकृति अच्छी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में किसी भी खुशी के अवसर पर छात्र-छात्राएं एवं अध्यापक पौधा लगाकर खुशी मनाते हैं। साथ ही उनके बड़े होने तक उनकी देखरेख करते हैं। आज के समय में ऑक्सीजन को बढ़ाने के लिए तथा कार्बन डाइऑक्साइड के प्रकोप को कम करने के लिए अधिक से अधिक पौधों का लगाया जाना अति आवश्यक है। इस अवसर पर एच एन स्कूल के प्रबंधक पवन कुमार भी उपस्थित रहे।

# दिल संबंधी बीमारियों में फायदेमंद होता है फिश ऑयल, मिलते हैं कई सारे लाभ





हर व्यक्ति का सबसे बड़ा खाजना उसकी सेहत होती है। सेहतमंद बने रहने के लिए अच्छी और हेल्दी डाइट के साथ सही लाइफस्टाइल का होना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि अगर आप हेल्दी लाइफस्टाइल और पोषणयुक्त डाइट नहीं लेते हैं, तो आप कई गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। वहीं गलत डाइट लेने पर व्यक्ति को दिल संबंधी बीमारी का भी खतरा बना रहता है। ऐसे में दिल संबंधी बीमारी के खतरे को न के बराबर करने के लिए फिश ऑयल का सेवन करने का सुझाव दिया जाता है। बता दें कि फिश ऑयल दिल से लेकर दिमाग तक हर अंग के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि फिश ऑयल को अपनी डाइट में शामिल करने से यह आपको किस तरह से फायदा पहुंचाता है।

### फिश ऑयल

फिश ऑयल एक तरह का तेल होता है, जोकि फैटी फिश में पाया जाता है। फिश ऑयल में फैटी एसिड और ओमेगा-3 जैसे कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए जरूरी माने जाते हैं। इस ऑयल में पाया जाने वाला फैटी एसिड शरीर के अलग-अलग जरूरी कामों में सहायक होता है और कई तरह से सेहत को लाभ पहुंचाता है। मैकेरल, सार्डिन , हेरिंग, साल्मन, एंकोवी और ट्राउट जैसी मछलियों में फिश ऑयल मिलता है। इस तेल से मिलने वाले फायदे सेहत के लिए एक जरूरी सप्लीमेंट बनाते हैं। हालांकि इसका सेवन करने से पहले एक बार डॉक्टर की परामर्श जरूर ले लेनी चाहिए।

### फिश ऑयल खाने के फायदे दिल के मरीजों के लिए फायदेमंद

दिल संबंधी बीमारी से पीड़ित मरीज दवाओं के सेवन के साथ ही फिश ऑयल भी ले सकते हैं। इससे उनको कई फायदे मिल सकते हैं। फिश ऑयल ब्लड फ्लो को कंट्रोल करने के अलावा ट्राइग्लिसराइड्स के लेवल को भी कम करने में मदद करता है। साथ ही इसके तेल के सेवन से दिल की धड़कन को नियमित करने में सहायता मिलती है।

### मेंटल हेल्थ

यह ऑयल ब्रेन के काम को सुधारने में मदद करता है और याददाश्त को बढ़ाने का काम करते है। इसके अलावा डिप्रेशन और एंग्जायटी के लक्षणों को भी कम करने में फिश ऑयल मददगार साबित हो सकता है।

### सूजन

फिश ऑयल का सेवन करने से शरीर में सूजन कम होती है और यदि आपको सूजन संबंधी कोई बीमारी है, तो यह तेल उसमें भी राहत देता है।

### आंखों की रोशनी

फिश ऑयल डीएचए मौजूद होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छा माना जाता है। इस तेल का सेवन करने से आंखों की रोशनी तेज होती है।

### ग्लोइंग स्किन

इसके साथ ही फिश ऑयल त्वचा के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। यह स्किन को मॉइश्चाराइज करता है और स्किन को अंदर से ग्लोइंग बनाने का काम करता है। यह आपकी त्वचा को पोषण देता है।

# एक्सपर्ट से जानें किस समय वॉक करना सही होता है सुबह या शाम? तनाव होता है दूर



आज के समय में बिजी लाइफस्टाइल में खुद के लिए समय निकाल पाना काफी मुश्किल होता है। आलास के चक्कर में एक्सरसाइज न करने से से मोटापा बढ़ने लगता है और कई खतरनाक बीमारियां तक होने लगती है। अगर आपके पास एक्सरसाइज और योग करने का समय नहीं तो सबसे आसान है कि आप वॉक कर सकते हैं। वॉक को सबसे बेस्ट एक्सरसाइज माना गया है लेकिन क्या आपको पता है कि वॉकिंग के लिए बेस्ट टाइम क्या है? सबुह या शाम कब टहलें या किस टाइम तक टहला चाहिए, आइए जानते हैं।

### सुबह की वॉक हेल्दी

एक पॉडकास्ट में सेलेब्स फिजियोथेरेपी और स्पोर्ट्स मेडिसन स्पेशलिस्ट डाक्टर अली ईरानी ने बताया है कि शाम की वॉक की तुलना में सुबह वॉक करने वाले ज्यादा हेल्दी होते हैं। यह वीडियो आपको डॉक्टक के इंस्टाग्राम अकाउंट पर मिल जाएगी।

### सुबह की वॉक से मेंटल हेल्थ ठीक होती है

उन्होंने इस पॉडकास्ट में आगे बताया है कि सूरज उगने से डेढ़ घंटे पहले जो यूनिवर्स से ओजोन लेयर की एनर्जी शरीर को मिलती है वह फिजिकल से लेकर मेंटल हेल्थ तक के लिए अच्छी होती है। सूरज उगने के डेढ़ घंटे से लेकर सूरज की पहली किरण पड़ने तक का समय एक्सरसाइज के लिए सबसे बेहतरीन होता है।

### सुबह की वॉक के फायदे

अगर आप सुबह वॉक करते हैं तो कई फायदे मिलते हैं। इससे हृदय रोग और विशिष्ट तरह कैंसर के जोखिम को कम होता है, इसके साथ ही एनर्जी भरपूर मिलती है, ब्लड प्रेशर कम होता है और मेटाबॉलिज्म हाई होता है जिससे वेट कम होता है।

# जिद्दी से जिद्दी पेट की चर्बी को पिघला देगा घी, एसपर्ट ने बताया कैसे करें इस्तेमाल



**बड़े-बुजुर्गों ने हमेशा से ही घी खाने सलाह देते आए हैं। घी के सेवन से कई फायदे मिलते हैं। घी को सबसे सेहतमंद नेचुरल हेल्थ सप्लीमेंट माना जाता है। घी खाने से सेहत दुरुस्त रहती है। आइए आपको घी के फायदे बताते हैं।**

घी शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। रोजाना देसी घी खाना सेहत के लिए बहुत अच्छा मना जाता है। बड़े-बुजुर्ग लोग हमेशा से ही शुद्ध देसी घी खाने की सलाह देते हैं। दरअसल घी के अनगिनत फायदे है इसीलिए घी का महत्व अधिक है। घी का सेवन हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए बेहद फायेदमंद है। यह शरीर को बीमारियों से लड़ने वाली टी सेल्स का उत्पादन करने में मदद करता है।

### घी खाने के फायदे

- घी में विटामिन ए और ई का सोर्स होता है जो लिवर, हार्मोन बैलेंस और प्रजनन क्षमता को भी बढ़ाता है।

- बता दें कि स्टेनफोर्ड स्कूल ऑफ मेडिसिन से न्यूट्रिशन, गट हेल्थ और एक्सरसाइज में स्टडी करने वाले एजुकेटर और राइटर प्रशांत देसाई ने बताया कि, घी दुनिया का बेस्ट हेल्दी फैट है। मैं जब यूएस गया तो उन्होंने मुझे गले लगाया और कहा कि आप उस धरती से आए हैं जिसने दुनिया को घी दिया।

- उन्होंने आगे कहा कि घी में सबसे कार्बन का डबल बॉन्ड है और यह ऐसा सैचुरेटेड फैट है जो दूसरे सैचरेटेड फैट से अलग है। यह नेचुरल फैट बर्नर की तरह काम करता है।

- आपको बता दें कि घी में ऐसी प्रॉपर्टी होती हैं कि यह स्टबर्न फैट और विसरल फैट को भी कम करता है।

### ऑलिव ऑयल और कोकोनट ऑयल में खासियत

- इसके साथ ही घी और कोकोनट ऑयल के काफी फायदे होते हैं। एक्सपर्ट ने बताया आप घी को रोटी के साथ खाओ, आपका ग्लूकोज कम हो जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि, मैं रोजाना 4 चम्मच घी खाता हूं और मैं ऐसा कुछ नहीं बताता हूं जो साइंटिफिक प्रूवन न हो। मेरा मानना है कि घी बेस्ट है, जिनको खाना है वो खाते हैं, मैं तो खाता हूं।

### घी फैट बर्न करता

क्लेवेंडर क्लिनिक के मुताबिक, घी में मीडियन-चैन फैटी एसिड होते हैं, जिन्हें शरीर आसानी से ऊर्जा में परिवर्तित करता है और इसके साथ ही फैट को बर्न करने में मददगार है। बता दें कि, घी में कंज्युगेटेड लिनोलिक एसिड (सीएलए) अधिक होता है जो शरीर की चर्बी कम करता है और लीन मसल्स को बढ़ाता है। न्यूट्रिशन एक्सपर्ट के मुताबिक, डाइट में रोजाना 2-3 चम्मच घी खाने से हेल्थ में सुधार हो सकता है।

# पीरियड्स में होने वाली तमाम समस्याओं का चुटकियों में इलाज कर देंगे ये आयुर्वेदिक उपाय, आप भी आजमाएं

आजकल की बदलती लाइफस्टाइल और अनहेल्दी फूड्स की वजह से लोगों को कई तरह की सेहत संबंधी समस्याओं का करना पड़ रहा है। वहीं महिलाएं भी इस समस्या से परेशान हैं। पीरियड्स भी इन्हीं समस्याओं में से एक है। अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत खानपान के कारण पीरियड्स के दौरान महिलाओं को ब्लड फ्लो ज्यादा या कम होना, पीरियड क्रैंप्स जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि इन समस्याओं से राहत पाने के लिए महिलाएं दवाओं का भी सेवन करती हैं। लेकिन आप चाहें तो पीरियड्स के दौरान होने वाली तमाम समस्याओं के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे भी अपना सकती हैं।

बता दें कि पीरियड्स की समस्या से राहत पाने के लिए आप कुछ आयुर्वेदिक उपायों की मदद ले सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ आयुर्वेदिक घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको अपनाकर आप पीरियड के दौरान होने वाली समस्याओं से निजात पा सकती हैं।

### पीरियड्स पेट में दर्द और ऐंठन होना

पीरियड्स के दौरान पेट में ऐंठन व दर्द होना एक आम समस्या है। हालांकि कई बार यह दर्द इतना अधिक बढ़ जाता है कि इसको सहन करना मुश्किल हो जाता है। आमतौर पर पीरियड का दर्द 1 से 3 दिन तक रहता है।

### आयुर्वेदिक उपाय

पीरियड्स के दर्द से राहत पाने के लिए पीरियड शुरू होने के करीब एक सप्ताह पहले से अपनी डेली रूटीन में एक्सरसाइज जरूर शामिल करें। इसके अलावा गर्म अजवाइन पानी का सेवन करें।

### कम ब्लीडिंग होना

कुछ महिलाओं व लड़कियों को पीरियड्स के दौरान कम ब्लीडिंग होती है। जिसकी वजह से क्रैंप्स की समस्या बढ़ने लगती है। आमतौर पर हार्मोनल इंबैलेंस के कारण ऐसा होता है। जिसको संतुलित करना बेहद जरूरी होता है।

### आयुर्वेदिक उपाय

पीरियड के दौरान ब्लड फ्लो बेहतर करने के लिए पीरियड शुरू होने से करीब 3 दिन पहले से तिल और गुड़ के लड्डू का सेवन शुरू कर दें।

### पीरियड में ब्रेस्ट में दर्द होना

कुछ महिलाओं को पीरियड्स से पहले या दौरान ब्रेस्ट में दर्द महसूस होता है, जोकि आम बात है। बता दें कि पीरियड चक्र के दौरान लड़की या महिला के शरीर में इस तरह की समस्याएं होती हैं।

### आयुर्वेदिक उपाय

पीरियड्स के दौरान ब्रेस्ट में नजर आने वाले बदलाव या दर्द से राहत पाने के लिए आप एक सप्ताह पहले से नारियल के तेल से ब्रेस्ट मसाज कर सकती हैं। इससे आपको दर्द से राहत मिलेगी।

### पीरियड में मूड स्विंग होना

पीरियड्स के दौरान तेज दर्द होता है और हार्मोन्स में बदलाव होता है। जिसके कारण महिलाओं के साथ मूड स्विंग की समस्या बढ़ जाती है।

### आयुर्वेदिक उपाय

मूड स्विंग की समस्या से राहत पाने के लिए सेल्फ जर्नलिंग और ब्रीदिंग एक्सरसाइज कर सकती हैं। इससे आपको मूड स्विंग को कंट्रोल करने में सहायता मिलेगी।

### पीरियड में अपच

अगर आपको भी पीरियड के दौरान अपच व ब्लोटिंग की समस्या होने लगती है, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस दौरान चाय, कॉफ़ी और कोल्ड ड्रिंक आदि से परहेज करें।

### आयुर्वेदिक उपाय

पीरियड्स के समय ब्लोटिंग और अपच जैसी समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप हल्का खाना खाएं और गर्म जीरे के पानी का सेवन करें। इससे आपको आराम मिलेगा।



# खाली पेट मोरिंगा की पत्तियां चबाने से सेहत को मिलते हैं जबरदस्त फायदे, शुगर लेवल होगा कंट्रोल



मोरिंगा लीव्स चबाने से शरीर को अद्भुत फायदे मिलते है। गौरतलब है कि मोरिंगा को सहजन के नाम से भी जाना जाता है। इसके सेवन से ही बड़ी-बड़ी बीमारियां छूमंतर हो जाती है। मोरिंगा के पत्ते शरीर और सेहत ते लिए बेहद चमत्कारिक माने जाते हैं। सहजन के पत्तों में भरपूर पोषक तत्व होते हैं और इनमें स्वास्थ्यवर्धक गुण पाए जाते हैं। खाली पेट मोरिंगा के पत्तों को चबाना सेहत के लिए बेहद लाभकारी होता है। अगर आप रोजाना खाली पेट सुबह-सुबह मोरिंगा के पत्तों को चबाने की आदत डालते हैं, तो आपके लिए काफी फायदा होगा। आइए जानते हैं इसके चमत्कारिक फायदे।

### मोरिंगा के पत्ते चबाने के फायदे

### पोषण की भरपाई

मोरिंगा के पत्तों में कई पोषक तत्व होते हैं। इसमें विटामिन ए, सी, ई और बी-कॉम्प्लेक्स, कैल्शियम, पोटैशियम, प्रोटीन और फाइबर की मात्रा सबसे ज्यादा होती है। इसके सेवन से आपके शरीर को अनगिनत पोषक तत्व मिलते हैं और आप हेल्दी रहते हैं।

### इम्यून सिस्टम मजबूत होगा

मोरिंगा की पत्तियों में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी जैस गुण होते हैं जो आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते है।

### गुड फॉर हार्ट हेल्थ

मोरिंग के पत्ते चबाने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। इसमें मौजूद पोटैशियम और मैग्नीशियम हार्ट की धड़कन को रेगुलेट रखने में मदद करता है। इससे हार्ट रिलेटेड डिजीज का खतरा कम होता है।

### पाचन तंत्र बेहतर रहता

मोरिंगा के पत्तों में फाइबर की मात्रा अधिक होती है। जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। इससे कब्ज और अन्य पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है।

### त्वचा और बालों के लिए लाभदायक

मोरिंगा के पत्ते चबाने से स्किन और हेयर्स हेल्दी रहते हैं। इसमें विटामिन ए और ई की भरपूर मात्रा होती है, जो स्किन और बालों को स्वस्थ और चमकदार बनाता है। वहीं, इसके चमत्कारिक लाभ से त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रकिया को धीमा करता है और बालों को मजबूत बनाता है।

### वजन कम करता

मोरिंगा के पत्ते मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करता हैं, जिससे वजन कंट्रोल करने में सहायता मिलती है। इसके सेवन से भूख कम लगती है और शरीर में उर्जा का स्तर बढ़ता है।

### शुगर लेवल कंट्रोल होता है

रोजाना मोरिंगा के पत्तों को चबाना शुगर लेवल को कंट्रोल में रखता हैं। क्योंकि इसमें मोरिंगा में एंटी-डायबिटीक गुण होते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है। इससे डायबिटीज के मरीजों को लाभ मिलता है।

### मानसिक स्वास्थ्य में सुधार

मोरिंगा के पत्तों का सेवन करने से मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। क्योंकि इसमें मौजूद पोषक तत्व तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। इसके साथ ही मानसिक संतुलन बनाए रखता है।

# रात को कभी भी नहीं सोना चाहिए खाली पेट, होगी ये परेशानियां



अक्सर वजन कम करने के लिए कई बार लोग अपनी डाइट में कुछ ऐसे बदलाव कर देते हैं। जो सेहत के लिए हानिकारक साबित हो जाता है। वहीं, कई लोग ऐसे भी जो रात को बिना खाना खाएं ही सो जाते हैं। लेकिन क्या हेल्थ के लिए बढ़िया है या नहीं? खाली पेट सोने से कई समस्याओं से जूझ सकते हैं आप। आइए जानते हैं रात को खाली पेट सोने से क्या होता है?

### अनिद्रा की समस्या उत्पन्न

अगर आप खाली पेट रात को सोते हैं तो दिमाग आपको खाने के लिए अलर्ट करने लगता है। इस कारण आपको बार-बार भूख लगने लगती है। जिसके चलते आपकी नींद भी खराब होने लगती है। गुड हेल्थ के लिए सही नींद लेना जरुरी होता है।

### मेटाबॉलिज्म स्लो होता है

रोजाना रात को खाना स्किप करते हैं, तो ऐसा करने से मेटाबॉलिज्म स्लो होता है। इससे आपका इंसुलिन लेवल बिगड़ सकता है। रात को भूलकर भी खाना को स्किप न करें। रात के समय थोड़ा बहुत जरुर खाएं। इससे आपकी हेल्थ और वजन भी ठीक रहेगा। इसके साथ ही मेटाबॉलिज्म भी सही रहेगा।

### हार्मोनल बैलेंस बिगड़ता है

रात के समय डिनर किए बिना सो जाने से हार्मोस पर असर पड़ता है, जिससे आपको कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। एक्ने जैसी समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

### मांसपेशियों में कमजोरी होगी

यदि आप रात को बिना खाए सोते हैं, तो मांसपेशियों में कमजोरी की दिक्कत हो सकती है। खाली पेट सोने से प्रोटीन और अमीनो एसिड की कार्यक्षमता प्रभावित होती है।

### एनर्जी की कमी और थकान रहती है

खाली पेट रात को सोने से शरीर के पोषक तत्वों में कमी देखने को मिलती है। इसके वजह से एनर्जी डाउन हो जाती है और आपको कमजोरी महसूस हो सकती है। वहीं, बिना काम किए थकान भी महसूस हो सकती है।

### चिड़चिड़ापन होना

रात को अगर आप बिना खाना खाए सोते हैं तो आपको मूड स्विंग की समस्या देखने को मिल सकती है। वहीं आप खुद को चिड़ाचिड़ापन महसूस करेंगे। आप रात के समय लाइट भोजन कर सकते हैं।

# शरीर में दिखने वाले यह लक्षण हो सकते हैं थायरॉइड का संकेत, न करें अनदेखा



सेहत ही व्यक्ति का असली धन माना जाता है। क्योंकि जब हमारा शरीर स्वस्थ होगा तो हर काम में मन लगता है, लेकिन स्वास्थ्य अच्छा न होने पर कुछ भी अच्छा नहीं लगता है। सेहत खराब होने पर हमारा शरीर कुछ संकेत भी देता है, ऐसे में यदि समय रहते इन संकेतों की पहचान कर ली जाए, तो व्यक्ति कई बीमारियों से खुद का बचाव कर सकता है। इन्हीं संकेतों में एक थायरॉइड के लेवल का बढ़ना और घटना शामिल है। सामान्य से दिखने वाले लक्षणों के लगातार बने रहने पर इनको सामान्य समझने की गलती नहीं करनी चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इसके लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### जानिए क्या है थायरॉइड

बता दें कि हमारे शरीर की बहुत ही अहम और जटिल ग्लैंड थायरॉइड है। यह शरीर की कई प्रक्रियाओं के लिए जिम्मेदार माना जाता है। जैसे शरीर में एनर्जी लेवन बनाए रखना, मेटाबॉलिज्म और गट को संतुलित रूप से संचालित करना और पूरी सेहत का ख्याल रखना आदि शामिल है। महिलाओं में थायरॉइड की समस्या अधिक देखने को मिलती है।

### दो तरीके से हो सकते हैं

### असंतुलित

### हाइपर थायरॉइडिज्म

जब थायरॉइड ग्लैंड अधिक थायरॉइड हार्मोन बनाने लगता है, तो यह समस्या देखने को मिलती है। इस दौरान एनर्जी लेवल बढ़ जाती है, जिसके कारण पाचन क्रिया असंतुलित हो जाती है। इससे व्यक्ति को डायरिया की समस्या हो सकती है और अचानक से आपका वेट कम होने लगता है।

### हाइपो थायरॉइडिज्म

इसके उलट जब थायरॉइड ग्लैंड पर्याप्त मात्रा में थायरॉइड हार्मोन का निर्माण नहीं कर पाता है, तो इस स्थिति को हाइपो थायरॉइडिज्म कहते हैं। इसमें शरीर की एनर्जी कम हो जाती है और पाचन क्रिया भी प्रभावित होती है। इस दौरान व्यक्ति को कब्ज की समस्या अधिक होने लगती है और वजन बढ़ने लगता है।

### अन्य समस्याएं

### ब्रेन फॉग

वैस्कुलर डिमेंशिया होने की वजह से व्यक्ति के सोचने-समझने, निर्णय लेने और फोकस करने की क्षमता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। व्यक्ति छोटी-छोटी बातों को भूलने लगता है, इस स्थिति को ब्रेन फॉग कहा जाता है।

### चेहरे पर सूजन

हाइपोथायरॉइडिज्म की स्थिति में स्किन में शुगर के मॉलिक्यूल एकत्र हो जाती हैं, जो पानी को अपनी तरफ खींचता है। समय के साथ ज्यादा पानी एकत्र होने से फेस पर सूजन दिखने लगती है।

### पलकों का झड़ना

पलकों के झड़ने को मेडेरोसिस भी कहा जाता है। हाइपर हो या हाइपोङ्क्थाइरॉयडिज्म, दोनों ही स्थिति में पलकें और सिर के बाल झड़ना शुरू हो जाते हैं।

### वजन बढ़ना

शरीर में ज्यादा नमक और पानी के एकत्र होने से सूजन की समस्या होने लगती है। जिसके कारण मरीज का वजन भी बढ़ने लगता है।

### अन्य समस्याएं

*विटामिन बी1 की कमी*
*मैग्नीशियम की कमी*
*बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल*
*हाथ पैर ठंडे होना*
*बदन दर्द*
*एंग्जायटी*
*ब्लोटिंग*
*थकान*

इनमें से यदि किसी भी तरह के लक्षणों का रोजाना अनुभव होने पर इसे नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए। बल्कि डॉक्टर से संपर्क कर ब्लड टेस्ट और थायरॉइड की जांच करवानी चाहिए। वहीं डॉक्टर की सलाह पर आप दवाएं लेना शुरू कर सकते हैं और डाइट में भी बदलाव कर सकते हैं। बता दें कि लाइफस्टाइल में थोड़ा बहुत बदलाव कर और दवाओं का सेवन कर आप इस समस्या से आसानी से डील कर सकते हैं।

# झामुमो-कांग्रेस ने झारखंड को अंधकार में धकेला, अब इस कुशासन का होगा अंत : शिवराज




**रामगढ़(हि.स.)।** झारखंड के रामगढ़ जिले के हथमारा गांव स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने पूरे प्रदेश को अंधकार में धकेल दिया है। एक वादा पूरा नहीं हुआ। बेरोजगारों की सुध लेने वाला कोई नहीं। शिवराज ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। छह महीने से पेंशन का भुगतान नहीं हुआ। जिन योजनाओं की घोषणा हुई, इसका लाह्यह्यह्यभ लोगों को नहीं मिल रहा। किसान त्रस्त हैं। बिजली कटौती चरम पर है। अब ऐसे कुशासन का अंत निश्चित है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड में सुशासन लाएगी और यहां की जनता ने भी अब यह मन बना लिया है। चुनाव प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में 14 में नौ सीटें भारतीय जनता पार्टी और उनके गठबंधन की पार्टी ने जीती है जबकि 52 विधानसभा सीटों पर भाजपा और गठबंधन दल को बढ़त मिली है। यहां की जनता अराजकता के बीच जी रही है।

शिवराज ने हेमंत सोरेन को सत्ता का भूखा कहा। उन्होंने कहा कि जिस आदिवासी नेता चम्पाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद पर आसीन किया उन्हें वह कुछ और महीने बर्दाश्त नहीं कर पाए। इससे हेमंत सोरेन ने यह साबित कर दिया कि परिवार के अलावा कोई और इस सत्ता के बीच नहीं आना चाहिए।

शिवराज ने कहा कि भाजपा की विचारधारा इसकी आत्मा है और कार्यकर्ता उसके प्राण हैं। उन्हें सम्मान देना हमारा स्वभाव भी है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा कार्यकर्ताओं के बीच जाता हूं और उनके साथ ही नाश्ता और भोजन करता हूं। मेरा सौभाग्य है कि झारखंड की इस पवित्र धरा पर आने का अवसर मिला। इसी संकल्प के साथ कार्यकर्ताओं के बीच आया हूं। सहज, सरल और परिश्रमी इन्हीं कार्यकर्ताओं के बल पर हम यहां भाजपा की सरकार बनाएंगे।

## नीट पीजी एग्जाम की नई तारीख का ऐलान, 11 अगस्त को होगी परीक्षा

**नई दिल्ली(हि.स.)।** राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा - स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2024 की शुक्रवार को नई परीक्षा तिथि घोषित कर दी गई। इसके मुताबिक अब नीट-पीजी परीक्षा 11 अगस्त को होगी। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएम) ने शुक्रवार को नीट-पीजी 2024 के आयोजन का संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिया। एनबीईएमएम के 22 जून के नोटिस के क्रम में नीट-पीजी परीक्षा के आयोजन को पुनर्निर्धारित किया गया है। नीट-पीजी 2024 अब 11 अगस्त को दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित विसंगतियों को लेकर विवाद के बीच केंद्र ने निर्धारित तिथि से ठीक एक दिन पहले यानी 23 जून को नीट-पीजी परीक्षा भी स्थगित कर दी थी।

# स्वदेशी रक्षा उत्पादन में भारत ने अब तक की सबसे अधिक वृद्धि हासिल की

**नई दिल्ली (हि.स.)।** सरकार ने रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि हासिल की है। पिछले पांच साल में देश का रक्षा उत्पादन का मूल्य 60 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड-उच्च स्तर यानी 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह पिछले वित्तीय वर्ष के रक्षा उत्पादन की तुलना में 16.7 फीसदी ज्यादा है। वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपये था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा उत्पादन केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रक्षा से संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा सामग्रियों का उत्पादन करने वाले अन्य सार्वजनिक उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड ऊंचाई तक बढ़कर यानी 1,26,887 करोड़ रुपये




पर पहुंच गया है। यह पिछले वित्तीय वर्ष के रक्षा उत्पादन की तुलना में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपये था। रक्षा मंत्री ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम साल-दर-साल नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा उत्पादन केन्द्र के रूप में विकसित करने के सरकार के अटूट संकल्प को दोहराया। वर्ष 2023-24 के दौरान उत्पादन के कुल मूल्य में डीपीएसयू ने लगभग 79.2 प्रतिशत और निजी क्षेत्र ने 20.8 प्रतिशत का योगदान दिया है। आंकड़ों से पता चलता है कि पूर्ण मूल्य के संदर्भ में डीपीएसयू, पीएसयू और निजी क्षेत्र ने रक्षा उत्पादन में लगातार वृद्धि दर्ज की है। राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन को सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर ले जाने के लिए डीपीएसयू, रक्षा सामग्रियों का उत्पादन करने वाले अन्य सार्वजनिक उपक्रमों और निजी उद्योग सहित संपूर्ण रक्षा उद्योग को बधाई दी।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पौधा वितरण के जरिये ग्रीन वेव इनीशियेटिव को गति दी



**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने पर्यावरण निरंतरता के प्रति अपनी कटिबद्धता की दिशा में इस साल पर्यावरण माह के उपलक्ष्य में ग्रीन वेव प्रोजेक्ट को और तेज़ कर दिया है। अपनी छठी चुनौती के तहत टीकेएम ने समाज में अपनी प्रकृति संरक्षण गतिविधि को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने कर्मचारियों के बीच पौधे वितरित किए। इसका नाम है प्रकृति के साथ सामंजस्य में एक भावी समाज की स्थापना, जो टोयोटा एनवायरमेंटल चैलेंज (पर्यावरण चुनौती) 2050 में योगदान देता है। यह पर्यावरण अभियान कर्मचारियों की भागीदारी से हरियाली को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना जारी रखता है। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को 7000 से ज़्यादा पौधे सफलतापूर्वक बांटे हैं, जो वृक्षारोपण की इसकी गतिविधि के तहत निर्धारित 8,000-पौधों के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति है। इस दिशा में, टीकेएम कर्मचारियों को अपने आस-पड़ोस में वितरित किए गए पौधों को लगाने और उनकी देखभाल करने तथा पौधों की वृद्धि पर समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वे उत्साहपूर्वक अपने स्थानीय समुदायों को वनीकरण गतिविधियों में शामिल कर रहे हैं, जिससे हरित वातावरण बनाने के लिए सामूहिक प्रयास को बढ़ावा मिल रहा है। इस दिशा में, टोयोटा की वृक्षारोपण गतिविधियां उल्लेखनीय हैं जो 2009 से वनरोपण की मियावाकी विधि नामक एक अनूठी अवधारणा को अपनाने से प्रेरित हैं और टीकेएम भारत में इस तरह की वृक्षारोपण पद्धति को लागू करने वाली पहली कॉर्पोरेट थी।

# मप्रः सागर के मेहर गांव में दूषित पानी से बिगड़ी 70 से अधिक लोगों की तबीयत, एक की मौत

**सागर(हि.स.)।** जिले के मेहर गांव में दूषित पानी पीने से 70 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। दूषित पानी के चलते हुई उल्टी-दस्त से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। गुरुवार को रातभर बीएमसी और जिला अस्पताल में बीमार ग्रामीणों के आने का सिलसिला जारी रहा। वहीं, जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज में मरीजों को भर्ती किया गया है। इनमें करीब एक दर्जन से अधिक मरीजों की हालत गंभीर बनी हुई है। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव भेजी गई है। गुरुवार देर रात तक गांव में मरीजों का उपचार किया गया। पीएचई की टीम ने जांच के लिए पानी के सैंपल लिए हैं। शुक्रवार को कलेक्टर दीपक आर्य भी मेहर गांव पहुंचे और उप-स्वास्थ्य केंद्र में बीमार ग्रामीणों का हालचाल जाना। उन्होंने दूषित पानी के ट्यूबवेल को सात दिन के लिए बंद करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि टीम



बुला कर सर्वे कराया जा रहा है। बीमार बच्चों को तत्काल इलाज मुहैया कराया जा रहा है। गांव में दो एंबुलेंस भी बुलवा ली गई हैं। जानकारी के अनुसार, सागर जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर झांसी-सागर रोड पर नरयावली विधानसभा के मेहर में पंचायत के आदिवासी मुहाल नारायणपुरा में लगे बोर का पानी पीने से रविदास मंदिर के पास रहने वाली नेहा बंसल को बुधवार रात में उल्टियां हुई। पहले तो परिवार वालों ने बोर के पानी पर संदेह न करते हुए अन्य कारण माना और नेहा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद दूसरे दिन गुरुवार सुबह नेहा के घर के ही सात लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। देखते ही देखते गांवभर के लोग बीमार होने लगे। हालत यह हो गई कि स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए, जिसके बाद परिवार के लोग मरीजों को बांदरी अस्पताल लेकर पहुंचे। कुछ मरीजों को जिला अस्पताल और बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। गुरुवार दोपहर तक उल्टी-दस्त से पीड़ित मरीजों संख्या 70 तक पहुंच गई थी। इधर, गुरुवार देर रात मेहर निवासी 40 वर्षीय लल्लन बंसल की बीएमसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। सीएचएमओ डॉ. ममता तिमोरी शुक्रवार सुबह ही स्वास्थ्य टीम के साथ गांव पहुंची, जहां उन्होंने गांव भर के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। घर-घर ओआरएस के घोल वितरित किए जा रहे हैं। लोगो को उबला पानी पीने की सलाह दी जा रही है।

## मरीन ड्राइव पर टीम इंडिया के विजय जुलूस में मची भगदड़, 11 लोग घायल

**मुंबई(हि.स.)।** मरीन ड्राइव पर गुरुवार को टीम इंडिया के विजयी जुलूस में मची भगदड़ में 11 लोग घायल हो गए हैं। इन सभी का इलाज जीटी, सेंट जार्ज, नायर और कामा अस्पतालों में चल रहा है। घायलों में एक गर्भवती महिला भी है, जिसका इलाज कामा अस्पताल के आईसीयू में हो रहा है। टीम इंडिया के विश्व विजेता खिलाड़ी गुरुवार को मुंबई पहुंचे थे।



इन खिलाड़ियों का स्वागत मुंबई एयरपोर्ट से नरीमन प्वाइंट तक सड़कों पर दोनों ओर खड़े प्रशंसकों ने किया। इसके बाद टीम इंडिया के रण बांकुरों ने ओपन बस पर मरीन ड्राइव से वानखेड़े स्टेडियम तक विजय जुलूस निकाला। इस दौरान यहां जमा लाखों प्रशंसकों में भगदड़ मच गई थी, जिससे 11 लोग घायल हो गए। हर्षोल्लास और बारिश के कारण मरीन ड्राइव चौपाटी पर भारी संख्या में चप्पलें छूट गईं, जिसे सफाईकर्मियों ने आज सुबह साफ किया।

## पुणे पोर्शे कार हादसा : नाबालिग ने जुवेनाइल कोर्ट में 300 शब्दों का निबंध जमा किया

**मुंबई (हि.स.)।** पुणे के कल्याणीनगर पोर्शे कार हादसे के नाबालिग आरोपित ने शुक्रवार को जुवेनाइल कोर्ट में 300 शब्दों का निबंध जमा किया है। उसे जमानत देने के लिए पुणे जुवेनाइल कोर्ट ने तीन शर्तों को पूरा करने का आदेश दिया था, जिसमें अन्य दो शर्तें अभी पूरी होनी बाकी हैं। कल्याणीनगर इलाके में नशे में धुत्त नाबालिग आरोपित तेज रफ्तार पोर्शे कार चलाते हुए मोटर साइकिल सवार दो लोगों को टक्कर मार दी थी। इस घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने नाबालिग आरोपित को पुणे जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने रिहा करते समय नाबालिग को 300 शब्दों का निबंध जमा करने, परिवहन विभाग के साथ सड़क सुरक्षा पर काम करने और ससून अस्पताल में मनोवैज्ञानिक से परामर्श लेने का आदेश दिया था।

# ब्रिटेन के आम चुनाव में जीत से लेबर पार्टी गदगद, कीर स्टार्मर ने कहा-बदलाव शुरू



**लंदन,(हि.स.)।** ब्रिटेन के आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत से लेबर पार्टी गदगद है। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कुछ देर पहले एक्स हैंडल पर खुशी का इजहार करते हुए कहा-%%बदलाव का काम आज से शुरू हो रहा है। इससे पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक ने आम चुनाव में अपनी हार मानते हुए उन्हें जीत के लिए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में लेबर पार्टी 14 साल बाद सत्ता में शानदार वापसी करने जा रही है। लेबर पार्टी सरकार बनाने के लिए जरूरी 326 सीटों का आंकड़ा पार कर चुकी है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने पहले बयान में इस्तीफा देने की भी घोषणा की है। चुनाव परिणाम के अब तक के रुझानों में कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी 1997 वाली बड़ी जीत की तरफ बढ़ रही है। लेबर पार्टी अभी तक 352 सीटें जीत चुकी है। मौजूदा प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी 74 सीटें ही अभी तक जीत सकी है। ब्रिटेन का अगला प्रधानमंत्री लेबर पार्टी के स्टार्मर का बनना तय है। स्टार्मर साल 2020 में जर्मी कोर्बिन की जगह लेबर पार्टी के नए नेता चुने गए थे। एग्जिट पोल में ब्रिटेन की कुल 650 सीटों में से 410 सीट लेबर पार्टी को और कंजर्वेटिव पार्टी को 131 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। ब्रिटेन के रक्षामंत्री ग्रांट शैप्स अपनी सीट हार गए हैं। ग्रांट अब तक हारने वाले सबसे वरिष्ठ कंजर्वेटिव कैबिनेट सदस्य बन गए हैं। शैप्स को लेबर के एंड्रयू लेविन ने दक्षिणी इंग्लैंड के वेल्विन हैटफील्ड निर्वाचन क्षेत्र से हराया।

# ऋषि सुनक ने मानी हार, लेबर पार्टी के नेता स्टार्मर को आम चुनाव में जीत के लिए बधाई दी

**लंदन(हि.स.)।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक ने आम चुनाव में अपनी हार मान ली। उन्होंने लेबर



पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को जीत के लिए बधाई दी है। ब्रिटेन में लेबर पार्टी 14 साल बाद सत्ता में वापसी करने जा रही है। लेबर पार्टी सरकार बनाने के लिए जरूरी 326 सीटों का आंकड़ा पार कर चुकी है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने पहले बयान में इस्तीफा देने की भी घोषणा की है।

चुनाव परिणाम के अब तक के रुझानों में कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी 1997 वाली बड़ी जीत की तरफ बढ़ रही है। लेबर पार्टी अभी तक 352 सीटें जीत चुकी है। मौजूदा प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी 74 सीटें ही अभी तक जीत सकी है। ब्रिटेन का नया प्रधानमंत्री लेबर पार्टी के स्टार्मर का बनना तय है। स्टार्मर साल 2020 में जर्मी कोर्बिन की जगह लेबर पार्टी के नए नेता चुने गए थे। ह्यह्यएग्जिट पोल में ब्रिटेन की कुल 650 सीटों में से 410 सीट लेबर पार्टी को और कंजर्वेटिव पार्टी को 131 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। ब्रिटेन के रक्षामंत्री ग्रांट शैप्स अपनी सीट हार गए हैं। ग्रांट अब तक हारने वाले सबसे वरिष्ठ कंजर्वेटिव कैबिनेट सदस्य बन गए हैं।

## ब्रिटेन के रक्षामंत्री ग्रांट शैप्स चुनाव हारे

**लंदन(हि.स.)।** ब्रिटेन के आम चुनाव के अब तक आए नतीजे मौजूदा प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को बेदखल करते नजर आ रहे हैं। लेबर पार्टी अब तक 266 सीटें जीत चुकी है। कंजर्वेटिव पार्टी के खाते में 47 सीट गई हैं। किसी भी पार्टी को बहुमत के लिए कुल 650 सीटों में से 326 सीट चाहिए। ब्रिटेन के रक्षामंत्री ग्रांट शैप्स चुनाव हार गए हैं। अब तक आए नतीजों में ब्रिटेन की जनता सत्ता में बड़ा बदलाव करती दिख रही है। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कहा कि मतदाताओं ने अपना फैसला सुना दिया है। कंजर्वेटिव पार्टी की मंत्री पेनी मोर्डंट भी अपनी संसदीय सीट को नहीं बचा पाईं। ब्रिटेन के रक्षामंत्री ग्रांट शैप्स चुनाव हारने वाले सबसे वरिष्ठ कंजर्वेटिव कैबिनेट सदस्य बन गए हैं।

शैप्स को लेबर पार्टी के एंड्रयू लेविन ने दक्षिणी इंग्लैंड के वेल्विन हैटफील्ड निर्वाचन क्षेत्र से हराया। लेविन को 19,877 और शैप्स को 16,078 वोट मिले। इस चुनाव में ग्रीन पार्टी का खाता खुला है। ग्रीन पार्टी के कार्ली डेनियर ने ब्रिस्टल सेंट्रल सीट पर जीत दर्ज की है। उन्होंने लेबर पार्टी के उम्मीदवार को हराया।

# 10, डाउनिंग स्ट्रीट को कीर स्टार्मर का इंतजार, अभाव में गुजरा कुछ समय, पढ़ाई का खर्च भी दूसरे ने उठाया

**लंदन(हि.स.)।** ब्रिटेन के आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली लेबर पार्टी के अध्यक्ष कीर स्टार्मर के जीवन का कुछ समय अभाव में गुजरा। यहां तक की कि उनकी पढ़ाई का खर्च किसी दूसरे ने उठाया है। इस समय उनकी उम्र 61 वर्ष है। वह ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। 10, डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का आधिकारिक आवास) को उनका इंतजार है। कीर स्टार्मर ने कहा है कि वह उन लोगों के लिए भी काम करेंगे, जिन्होंने उन्हें वोट नहीं दिया है। उन्होंने कहा, मैं हर शख्स के हितों के लिए काम करूंगा। स्टार्मर ने मतदाताओं से कहा, मैं आपके लिए बोलूंगा। हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। बदलाव के लिए तैयार हूं। बदलाव अब शुरू हो रहा है। ये आपका लोकतंत्र है। आपका समुदाय और आपका भविष्य है। आपने वोट दिया है और अब नतीजे देने का समय हमारा है।सनद है कि कीर स्टार्मर विपक्ष का नेता बनने से पहले 2008 से 2013 के बीच इंग्लैंड और वेल्स में वकील रह चुके हैं। कीर स्टार्मर चार साल से विपक्ष के नेता हैं और उन्हें अपनी लेबर पार्टी को वामपंथी रुझान से राजनीतिक रूप से मध्य मार्ग पर लाने का श्रेय दिया जाता है। स्टार्मर का संसदीय क्षेत्र साल 2015 से हॉबर्न और सेंट पैनक्रास है। स्टार्मर स्वयं को वर्किंग क्लास की पृष्ठभूमि से बताते हैं। उनके पिता टूलमेकर और उनकी मां नर्स रही हैं। मां को स्टिल्स रोग था। यह एक दुर्लभ ऑटोइम्यून बीमारी है। कीर ने रीगेट ग्रामर स्कूल में पढ़ाई की है। 16 साल की उम्र तक उनकी फीस एक स्थानीय परिषद भरता था। स्कूल के बाद यूनिवर्सिटी जाने वाले वह अपने परिवार के पहले सदस्य बने और लीड्स यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया। उन्होंने ऑक्सफोर्ड



यूनिवर्सिटी में कानून की पढ़ाई की।

वह 1987 में बैरिस्टर बने। मानवाधिकार कानून में उनकी विशेषज्ञता है। अपने काम के सिलसिले में वो कैरिबिया और अफ्रीका में रहे। वहां उन्होंने मौत की सजा का सामना कर रहे कैदियों का केस लड़ा। 1997 में उन्होंने तथाकथित मैक्लिबेल कार्यकर्ताओं का केस मुफ्त में लड़ा। साल 2008 में कीर डॉयरेक्टर ऑफ पब्लिक प्रॉसिक्यूशन चुने गए। यह इंग्लैंड और वेल्स में सबसे वरिष्ठ क्रिमिनल प्रॉसिक्यूटर का पद है। साल 2015 में वो उत्तरी लंदन में हॉबर्न और सेंट पैनक्रास से सांसद बने। उन्होंने पूर्व में लेबर पार्टी के नेता जर्मी कॉर्बिन की फ्रंटबेंच टीम में उनके ब्रेग्जिट सचिव के रूप में काम किया। ब्रेग्जिट यूरोपियन यूनियन से ब्रिटेन को अलग करने की प्रक्रिया थी। वर्ष 2019 के आम चुनाव में पार्टी की भारी पराजय के बाद कीर स्टार्मर 2020 में पार्टी अध्यक्ष बने। अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्होंने कहा था कि वो लेबर को विश्वास और आशा के साथ एक नए युग में ले जाएंगे।

## ब्रिटेन में लेबर पार्टी ने कंजर्वेटिव से छीना राजपाट, प्रधानमंत्री के रूप में कीर स्टार्मर आज करेंगे देश को संबोधित

**लंदन(हि.स.)।** ब्रिटेन के आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर लेबर पार्टी सरकार बनाने जा रही है। लेबर पार्टी के अध्यक्ष कीर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री होंगे। 650 संसदीय सीटों के लिए हुए मतदान में लेबर पार्टी ने अब तक 412 सीट और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी ने 120 सीट हासिल की हैं। बाकी सीटों पर अन्य छोटे दलों के उम्मीदवार विजयी हुए हैं। इस चुनाव में कुल 392 पंजीकृत पार्टियां रहीं लेकिन मुख्य मुकाबला ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव और मुख्य विपक्षी नेता कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी के बीच हुआ। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार अब 17 सीटों के नतीजे आने ही शेष हैं। वर्ष 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर के नेतृत्व में लेबर पार्टी ने कुछ ऐसा ही प्रदर्शन किया था।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, आतंकियों को पनाह देने वाले देशों को बेनकाब किया जाए

**अस्ताना(हि.स.)।** भारत ने आतंकियों को पनाह देने व उनको सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराकर आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को खरी खरी सुनाई है। विदेश मंत्री



एस. जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन की (एससीओ) की बैठक में भारत का प्रतिनिधत्व करते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। इस अवसर पर जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भाषण पढ़ा। इसमें उन्होंने याद दिलाया कि आतंकवाद से लड़ाई एससीओ के मूल उद्देश्यों में से एक है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं अन्य नेताओं की उपस्थिति में उन्होंने कहा, हममें से कई लोगों को ऐसे अनुभव हुए हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे होते हैं। हमें यह स्पष्ट होना चाहिए कि अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह क्षेत्रीय व वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। आतंकवाद को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

एस. जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग व बेनकाब करना चाहिए जो आतंकियों को पनाह देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। उनका इशारा स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और उसके सदाबहार मित्र चीन की ओर था। उन्होंने आगे कहा, सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की जरूरत है और आतंकवाद के वित्तपोषण एवं आतंकियों की भर्ती से दृढ़ता से निपटा जाना चाहिए। एससीओ को अपनी प्रतिबद्धता से पीछे नहीं हटना चाहिए। इस संबंध में हम दोहरे मापदंड नहीं अपना सकते।÷ साथ ही कहा कि पिछले वर्ष भारत की अध्यक्षता के दौरान इस विषय पर जारी संयुक्त बयान नई दिल्ली की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जयशंकर ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को लेकर चीन पर निशाना साधते हुए कहा, आर्थिक विकास के लिए मजबूत कनेक्टिविटी की आवश्यकता होती है। यह हमारे समाजों के बीच सहयोग और विश्वास का मार्ग भी प्रशस्त कर सकती है। कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान आवश्यक है।

# शिक्षक समस्याओं का जल्द हो निराकरणः अरविंद

अवधनामा संवाददाता

**शिक्षक समस्याओं को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन**



**जौनपुर।** शिक्षक समस्याओं के निराकरण हेतु शिक्षको का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला की अध्यक्षता में बीएसए जौनपुर डॉ. गोरखनाथ पटेल को 6 सूत्रीय मांगपत्र का ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से शिक्षको ने मांग की कि अंतः जनपदीय स्थानांतरण/ समायोजन हेतु जारी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा विद्यालयवार यू ड्डाइस पोर्टल पर जो छात्र संख्या प्रदर्शित की गई है उसमे अधिकांश विद्यालय की छात्र संख्या 31 मार्च 2024 की वास्तविक छात्र संख्या से भिन्न है। सर्वर की व्यस्तता एवं तकनीकी कारणों से यू डाइस पोर्टल पर विद्यालयों के 31 मार्च 2024 की वास्तविक छात्र संख्या प्रदर्शित नहीं हो पा रही है, जिसके कारण छात्रढ्ढ शिक्षक समानुपात वाले विद्यालयों से भी शिक्षक हटने को बाध्य होंगे और विद्यालयों में पुनः शिक्षकों की कमी होगी। इसलिए 31मार्च 2024 की वास्तविक छात्र संख्या के आधार पर ही छात्र-शिक्षक अनुपात के अनुसार ही शिक्षक की गणना सुनिश्चित किया जाए। विशिष्ट बीटीसी 2004 बैच के ऐसे शिक्षक एवं शिक्षिकाएं जिनका प्रमोशन 2014 में हो चुका है ,वे चयन वेतनमान हेतु जुलाई माह में अर्ह है। प्रत्येक शिक्षकों की सर्विस बुक और उनके सारे अभिलेख मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध हैं इसलिए शिक्षकों के चयन वेतनमान पत्रावलियों के सत्यापन हेतु जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध सर्विस बुक एवं अभिलेखों के आधार पर चयन वेतनमान पत्रावलियों के ससमय सत्यापन हेतु निर्देशित किया जाए जिससे कि शिक्षक शोषण से बच सके। शासन द्वारा 28 मार्च 2005 से पूर्व प्रकाशित विज्ञापन वाले नियुक्त शिक्षकों को 31अक्टूबर 2024 तक पुरानी पेंशन योजना का विकल्प चुनने हेतु निर्देश दिए गए हैं। अतः ब्लॉकवार ऐसे शिक्षकों की सूची बनवाकर विकल्प पत्र भरने हेतु निर्देश जारी किए जाएं, जिससे कि ससमय शासन के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। 28 मार्च 2005 के पूर्व विज्ञप्ति के आधार पर नियुक्त ऐसे परिषदीय शिक्षक, जो 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत हो गए हैं। उनके संबंध में दिशा निर्देश जारी किया जाय, जिससे वह पुरानी पेंशन योजना से लाभान्वित हो सके। 28 मार्च 2005 से पूर्व मृतक आश्रित के रूप में नियुक्त शिक्षक, शासनादेश के अनुसार पुरानी पेंशन योजना के विकल्प चुनने का अधिकारी है। उनकी प्रथम नियुक्ति ही शिक्षक के रूप में मौलिक नियुक्ति है। अतः 28 मार्च 2005 से पूर्व नियुक्त मृतक आश्रित शिक्षको को पुरानी पेंशन योजना के विकल्प चुनने हेतु निर्देश जारी किये जाए।विगत कई वर्षो से पदोन्नति न होने के कारण विद्यालयों में प्रधानाध्यापक का कार्य प्रभारी प्रधानाध्यापकों द्वारा कराया जा रहा है। जिसका संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय द्वारा निर्णय दिया गया है कि प्रधानाध्यापक पद का कार्य करने वाले शिक्षको को प्रधानाध्यापक पद का वेतन भी दिया जाय।अतः प्रधानाध्यापक पद पर प्रभारी के रूप में कार्य करने वाले शिक्षकों की ब्लॉकवार सूची बनवाकर उच्च न्यायालय के निर्णय/आदेश के समादर में प्रधानाध्यापक पद का वेतन दिया जाय।प्रतिनिधिमंडल में रविचंद यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, लक्ष्मीकांत सिंह, सुनील यादव, मनोज यादव, राजेश पांडेय,धर्मेंद्र यादव, संतोष सिंह, राकेश पांडेय, शैलेंद्र पाल, लालसाहब यादव, मनोज उपाध्याय, रामप्रसाद यादव,दीपक सिंह, संतोष सिंह,विष्णु तिवारी, घनश्याम मौर्य,संजय सिंह, पवन सिंह, राघवेंद्र मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रयास ने किया 53 वां कन्यादान में दिया सहयोग

**आजमगढ़।** प्रयास ने किया 53 वां कन्यादान- प्रयास सामाजिक संगठन तमाम सामाजिक कार्यो को करते हुए समाज के बेहद असहाय कमजोर परिवार की बेटियों की शादियों में भी अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग करता रहता है, आज परसुपुर अमठा दौलताबाद निवासी अशोक मिश्रा को अपनी बेटी का हाथ पीले करने में आ रही कठिनाई में सहयोग स्वरूप एक बोरा आलू,एक बोरी आटा, 400बफर पत्तल, 1000 गिलास, एक साड़ी, एक कैश रोल के साथ सिलाई मशीन प्रदान की गयी। -सिलाई मशीन का सहयोग फरिहा प्रधान अबू बकर जी तथा डॉक्टर इमरान जी के सौजन्य से किया गया।- तथा यह जो भी सहयोग है समाज के लोगों द्वारा ही किया जाता है प्रयास तो एक माध्यम है। - सहयोग पा करके बेटी के पिता अशोक मिश्रा ने भावुक मन से संगठन के साथियों को हृदय से धन्यवाद दिया। आज के इस अवसर पर मनोज मौर्य मंडी, राजीव कुमार शर्मा, डॉ वीरेंद्र पाठक, शिवप्रसाद पाठक, आलोक चौबे आदि लोग उपस्थित रहे।

# सपा के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर किया स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल जी का ईटहरा बॉर्डर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वह जिला पंचायत सदस्य ननकू राम यादव के घर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जा रहे थे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि भाजपा विकास की नहीं, धर्म व जाति की नकारात्मक राजनीति करती है।धर्म के आड़ में विकास के मुद्दों से ध्यान हटा रही है। भाजपा नीट परीक्षा व अग्नि वीर योजना के बारे में बातचीत करने के बजाय सदन में हिंदू मुस्लिम कर रही है। भाजपा की कथनी और करनी में बहुत बड़ा अंतर है। भाजपा सरकार में किसान, व्यापारी,छात्र, युवा परेशान है। इस अवसर पर विधायक पंकज पटेल, जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व मंत्री राज नारायण बिन्द, पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधनारायण, जिला उपाध्यक्ष राहुल यादव, उमाशंकर चौरसिया, राजन यादव, शिव शंकर, डॉ बंगाली , जय सिंह यादव, सोनू यादव, अनुपमा सिंह पटेल, राजमुर्ती सरोज व पवन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# बढ़ते तापमान को कम करते है वृक्ष, इस वर्ष गर्मी ने तोड़े रिकार्डः प्रवीण

**माँ के नाम करे वृक्षारोपण, बचाये प्रकृति, वसेरा ने दिया संदेश**



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इस वर्ष गर्मी ने कई वर्षो का रिकार्ड तोड़ दिया। तापमान 48 डिग्री तक पहुँच गया। बहुत लोगो की गर्मी के कारण मृत्यु तक हो गयी।सैकड़ो लोगो को अस्पतालों में भर्ती होना पड़ा। इसका प्रमुख कारण अन्धाधुंध वृक्षो की कटान है है। जिसके कारण जीव जन्तु सभी प्रभावित हो रहे है। वृक्ष बढ़ते तापमान को कम करते है। सभी बच्चे अपने घरों में एक फलदार पौध जरूर लगावें। अपने पड़ोसियों को भी वृक्षरोपण के लिए प्रेरित करे। यह विचार प्रवीण कुमार , प्रधानाचार्य, अभिराजी बिहार पब्लिक इण्टर कालेज ने विद्यालय में विश्व युयक केंद्र तथा वसेरा के संयुक्त अभियान के अन्तर्गत एक मासीय विश्व पर्यावरण 2024 अभियान परिचर्चा तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्यक्त किया। वसेरा के सचिव देवेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि छोटी नदियों के अस्तित्व की समाप्ति के कारण भूगर्भ जल स्तर घटता जा रहा है। छोटी नदियों से ही बड़ी नदियों की पहिचान बनती है । चारो तरफ हरियाली रहती है। वनों की संख्या बढ़ती है। प्राकृतिक संतुलन बना रहता है। वनों की घटती स्थिति के कारण देश के प्रधनमंत्री ने मां की बात में माँ के नाम वृक्ष लगाने की अपील किया है। वसेरा द्वारा सभी को संदेश दिया जा रहा है कि प्रकृति को बचाने के लिये माँ के नाम एक वृक्ष जरूर लगाये तथा उसकी देख रेख करे। प्रकृति रहेगी तभी जीवन रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय में हमारी धरती हमारा भविष्य विषयक निबन्ध चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। पर्यावरण संरक्षण के लिये वसेरा द्वारा प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार को पर्यावरण प्रहरी सम्मान 2024 से अंगवस्त्र तथा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात प्रवीण कुमार, तथा अध्यापक छात्रों ने विद्यालय परिसर में 101 फलदार, शोभाकारी, छायादार औषधीय पौध लगाए गये।

# शहर भ्रमण पर निकले डीएम नालों व जल जमाव स्थिति का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज जनपद में हो रही बारिश की दृष्टिगत शहर के प्रमुख स्थानों पर नालों की सफाई सिल्ट सफाई,जल जमाव स्थिति का जायजा लेने अचानक प्रातः शहर भ्रमण पर निकले। जिलाधिकारी ने शिब्ली कॉलेज एवं सुखदेव पहलवान स्टेडियम एवं आसपास के नालों का निरीक्षण किया। नालों में सिल्ट सफाई प्रॉपर तरीके से न कराने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को प्रत्येक दशा में आज ही नालों की सिल्ट सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालों के साथ ही नालों से जुड़ने वाली नालियों की भी सिल्ट सफाई/ कचरा/कूड़ा को साफ कराना सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को जल जमाव तथा नाली ओवरफ्लो की स्थिति का सामना न करना पड़े। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मुकेरीगंज (पॉलिटेक्निक के पास) पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सड़कों परध्सड़कों के किनारेध्चौराहाध्तिराहों के कोने पर किसी भी कीमत पर कूड़ा डम्प न होने पाये। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को लगातार सफाई हेतु निर्देशित करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को लगातार निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने रोडवेज, महिला चिकित्सालय, चौक तथा दलाल घाट, जिला चिकित्सालय आदि स्थानों पर भी सफाई/ सल्ट सफाई/ जल जमाव की स्थिति का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शहर भ्रमण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री आजाद भगत सिंह, उप जिलाधिकारी सदर ज्ञानचंद गुप्ता तथा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट/ प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आजमगढ़ श्री रोहित यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव कारोबारी के अपहरण केस में बरी

अवधनामा संवाददाता

**भांजा भी दोषमुक्त, 8 अन्य दोषी, 9 साल पहले हुई थी घटना**

**प्रयागराज।** बहुचर्चित सर्राफा कारोबारी पंकज महिंद्रा अपहरण कांड में डॉन बबलू श्रीवास्व और उसके भांजे संकल्प श्रीवास्तव को कोर्ट ने बरी कर दिया है। जबकि अपहरण, लूट और लूट का माल रखने में 8 लोगों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने 2 जुलाई को साफ किया था कि 5 जुलाई को इस अहम मामले में फैसला सुनाया जाएगा। ऐसे में सभी आरोपी अदालत में मौजूद रहे। अपहरण कांड की सुनवाई जिला न्यायालय इलाहाबाद में गैंगस्टर एक्ट के विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया की अदालत में हो रही है। डॉन बबलू श्रीवास्तव बरेली जेल में है। 2 जुलाई को सुरक्षा कारणों से उसकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई। इस दौरान अन्य आरोपी कोर्ट में ही थे हालांकि किसी कारण से उस दिन फैसला नहीं आ सका था। कोर्ट ने अगली डेट 5 जुलाई तय की थी। ज्ञात हो कि 2015 की रात शहर कोतवाली इलाके के रहने वाले बड़े सराफा कारोबारी पंकज महिंद्रा अपनी आभूषण दुकान बंद कर कार से घर के लिए निकले थे। सशस्त्र बदमाशों ने उन्हें कार समेत अगवा कर लिया था। बाद में पंकज महिंद्रा की कार संगम स्थित बंधवा में लेटे हनुमान मंदिर के पास लावारिस मिली थी। फिर कारोबारी को छोड़ने के एवज में अपहर्ताओं ने 10 करोड़ रुपए मांगे थे। मामले के खुलासे के लिए एसटीएफ को लगाया गया था। टीमों ने फतेहपुर जिले के असोधर थाने के सरकंडी गांव में विनीत परिहार के फार्म हाउस में घेराबंदी कर छापेमारी की थी। पंकज महिंद्रा वहां बंधे हुए मिले थे। पुलिस टीमों ने मौके से माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव के भांजे विकल्प श्रीवास्तव उर्फ गोलू, गोरखपुर निवासी महेंद्र यादव, सच्चिदानंद यादव उर्फ सचिता, बरेठी थाना थरवई निवासी चंद्र मोहन उर्फ बबलू यादव को गिरफ्तार किया था। इनके पास से नौ एमएम व 32 बोर की दो पिस्टल, 315 बोर का तमंचा, अल्टो कार, लैपटॉप, मोबाइल, फर्जी सिम कार्ड बरामद हुए थे। पूछताछ में साफ हुआ था कि अपहरण कांड बबलू श्रीवास्तव ने कराया था। इस अपहरण कांड में 30 सितंबर 2023 को अभियोजन की गवाही पूरी हो गई थी। अभियोजन की ओर से 21 गवाहों को पेश किया गया था। इसके बाद 16 अक्तूबर 2023 को बबलू श्रीवास्तव बरेली सेंट्रल जेल से अदालत में पेश होने के लिए पहली बार प्रयागराज लाया गया था। अदालत में पेश माफिया समेत 10 सह अभियुक्तों ने 313 सीआरपीसी का बयान दर्ज करवाया था।

## संक्षिप्त समाचार

### जगदीश राय ने दी शिक्षाविद को श्रद्धांजलि



**जौनपुर।** बरईपार क्षेत्र के खेमपुर गांव में जिलापंचायत के सदस्य नन्हकू यादव के बड़े भाई रिटायर प्रवक्ता स्व0 भुलेश्वर यादव का हृदय गति रुकने से देहांत हो गया था। सोमवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री,जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय घर पहुंच कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए कहा कि उनके बताये हुए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। लोगों को खान पान में परिवर्तन लाने की जरूरत है नही तो हृदयाघात का मामला बहुत तेजी से चल रहा है। इस अवसर पर कमलेश यादव, प्यारेलाल निषाद जयप्रकाश यादव, अमीत यादव, रमेश, अनिल यादव, जनता यादव जिलापंचायत सदस्य,मेवा यादव सहित काफी लोग मौजूद थे।

### डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा जनपद में चकबंदी प्रक्रिया की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया गया कि चकबन्दी प्रक्रिया के अर्न्तगत आने वाले गावों में निर्धारित समयावधि में चकबंदी कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने धारा 8, 9, 10, प्रकाशन, नयी वार्षिक खतौनी, चक निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी के सम्बन्ध में डीडीसी चकबंदी से जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया गया कि 05 साल से ऊपर के मुकदमे जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए। इस दौरान उन्होंने कब्जा परिवर्तन वाले गांव के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर चकबन्दी अधिकारी, सहायक चकबन्दी अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मारपीट के आरोप में 10 गिरफ्तार

**जौनपुर।** जफराबाद क्षेत्र के विभिन गांवो में मारपीट की घटनाओं में दस लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।सभी का चालान कर दिया गया। क्षेत्र के नगर पंचायत कजगाव के सादात मसौडा वार्ड में गोरख नाथ तथा सुशीला देवी के बीच जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई।जिसमें दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया।नवाबाद जंगल गांव में रामजी निषाद व शिवकुमार के बीच विवादित जमीन पर मड़हा रखने को लेकर मारपीट हुई।दोनो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।क्षेत्र के महरुपुर गांव रमेश चौहान तथा सुनीता देवी के बीच खेत के मेड काटने के विवाद को लेकर जमकर झगड़ा हुआ।गद्दीपुर गांव में अमित यादव व सुखराम यादव के बीच जमीन में जुताई को लेकर मारपीट हुई।जमैथा में हर्षद व रितिक के बीच मारपीट हुई।थानाप्रभारी जेपी यादव ने बताया कि सभी को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया गया है।

### कांस्टेबल ने पेश की ईमानदारी की अनोखी मिसाल

**प्रयागराज।** प्रयागराज में पुलिस कांस्टेबल के पद पर तैनात धर्मेंद्र यादव ने ईमानदारी की एक अनूठी मिसाल पेश की है। धर्मेंद्र यादव को एक व्यक्ति का पर्स मिला जिसमें 10-12 हजार रुपए कैश के साथ ही साथ कई जरूरी डॉक्यूमेंट रखे हुए थे। धर्मेंद्र यादव ने किसी तरह पर्स के मालिक से संपर्क कर उसे बुलाकर पैसे लौटा दिए। खुद का पर्स और उसमें रखे सारे पैसे और सारे डॉक्यूमेंट पद्धकर व्यक्ति पुलिस कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव को खूब सारी दुआएं देने लगा। उसने बताया कि हमेशा पुलिस की छवि लोग अलग तरह से दिखाने की कोशिश करते हैं मगर धर्मेंद्र भैया ने ईमानदारी की एक मिसाल पेश करते हुए मुझ गरीब का पैसा और डॉक्यूमेंट वापस करके एक अलग और अनूठी मिसाल समाज में पेश की है। रुपए और पैसे देखकर पाए हुए व्यक्ति का चेहरा खिल उठा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-चौडरस, विकास खण्ड-छाता, जिला-मथुरा

पत्रांकः /SBM(G)/राज्य वित्त/15वां वित्त/टैण्डर/2024-25 दिनांक- 05.07.2024

**अल्पकालीन निविदा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि SBM(G)/राज्य वित्त/15वां वित्त/के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि एवं धनराशि आने की प्रत्याशा में निर्माण कराये जाने हेतु निम्नांकित सामग्री की कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु मोहर बंद निविदायें दिनांक 19.07.2024 को सायं 03:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सांय 04 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। यदि उक्त निविदा प्राप्त करने एंव खोलने के दिनांक को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा प्राप्त एंव खोलने का अगला कार्य दिवस होगा। निविदा खोलने के स्थल, सयम व वैधता में कोई परिवर्तन नही होगा। निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी। निविदा की शर्ते निम्नवतः निर्धारित की जाती है-

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत चौडरस से कार्यालय दिवस एंव समय में दिनांक 19.07.2024 तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत धरोहर एफ0डी0आर0 जो अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बंधक होगी जमा करनी होगी।
3. निविदा सशर्त अथवा निर्धारित समय के बाद प्रस्तुत निविदायें मान्य नहीं होगी तथा किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. निविदा दरों की वैधता 06 माह अधिकतम होगी। इसके लिये निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100 का नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर, एक रूपये का रिवेन्यू टिकट के साथ होना चाहिये।
5. अनुबन्ध के समय धरोहर राशि को सम्मिलित करते हुये 10 प्रतिशत जमानत राशि जमा करनी होगी तथा कुल जमानत राशि पर नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी।
6. बिलों के भुगतान के समय नियमानुसार आयकर, जी0एस0टी0, सैस एंव रायल्टी आदि करों की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
7. सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए।
8. कोई भी निविदादाता जो राज्य विधिकार कॉसिल में पंजीकृत हो, निविदा देने से प्रतिबंधित होगें।
9. इन्टरलॉकिंग टाईल्स का गुणवत्ता प्रमाण पत्र देना होगा।

| क्रम सं. | सामग्री/वस्तु का नाम | ईकाई | दर | क्रम सं. | सामग्री/वस्तु का नाम | ईकाई | दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | बोरा | 300 | 22 | फ्लोर डोर 35 mm | वर्ग मी0 | 1150 |
| 2 | बालू (फाइन सैण्ड) | घन0मी0 | 1900 | 23 | विंडो पैनल | वर्ग मी0 | मार्केट रेट |
| 3 | बदरपुर (चम्बल सैण्ड) | घन0मी0 | 2700 | 24 | आर्यन और एंगल | कुन्टल | 6200 |
| 4 | पत्थर रोड़ी 20 MM | घन0मी0 | 1920 | 25 | सफेद सीमेन्ट | प्रति बैग | 700 |
| 5 | ईट रोड़ी 40 MM | घन0मी0 | 1300 | 26 | फडस्टेम्पर | 5 कि0ग्रा0 | 470 |
| 6 | ईट-M-150 | संख्या | 6.20 | 27 | पेंट | 1 कि0ग्रा0 | 270 |
| 7 | पत्थर रोड़ी 40 MM | घन0मी0 | 1860 | 28 | आर0ओ0 वाटर | एक | मार्केट रेट |
| 8 | स्टील | कुन्टल | 6200 | 29 | एपेक्स पेन्ट | 20 कि0ग्रा0 | 4700 |
| 9 | बाल पुट्टी | 20 कि0ग्रा0 | 200 | 30 | टॉयलेट सीट फिटिंग सहित | 1 नग | 1310 |
| 10 | जी0आई0 सीट | कुन्टल | 6600 | 31 | यूरिनल सीट फिटिंग सहित | 1 नग | 865 |
| 11 | चूना | प्रतिकिग्रा0 | 130 | 32 | बॉसवेसन फिटिंग सहित | संख्या | 725 |
| 12 | कलर मेटरियल | कि0ग्रा0 | 270 | 33 | 110 MM पी0वी0सी0 पाईप | RM | 240 |
| 13 | स्टील फॉर विन्डो | कुन्टल | 6200 | 34 | 15 MM पी0वी0सी0 पाईप | RM | 49 |
| 14 | ईट-ड-275 | संख्या | 5.80 | 35 | 25 MM पी0वी0सी0 पाईप | RM | 125 |
| 15 | इण्टरलॉकिंग- 80 MM | सख्या | 19 | 36 | सीलिंग टीक बुड टाईल | वर्ग मी0 | मार्केट रेट |
| 16 | इण्टरलॉकिंग- 100 MM | संख्या | 22 | 37 | बाल पैनल | वर्ग मी0 | मार्केट रेट |
| 17 | लोकल सेण्ड | घन0मी0 | 1000 | 38 | भूसा | एक कु0 | मार्केट रेट |
| 18 | साईन बोर्ड | संख्या | 5000 | 39 | हरा चारा | एक कु0 | मार्केट रेट |
| 19 | टाईल 600×600 | वर्गमी0 | 550 | 40 | रातव/चना | एक कु0 | मार्केट रेट |
| 20 | टाईल 300×450 | 1 पीस | 70 | 41 | रील लाईट/सोलर लाईट | एक / एक | मार्केट रेट |
| 21 | 32 MM पी0वी0सी0 पाईप | RM | 165 | 42 | ई-रिक्शा क्रय | एक | मार्केट रेट |

**महेन्द्र सिंह**
**प्रधान/अध्यक्ष**
**ग्राम पंचायत-चौडरस**

**नीरज कुमार**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत-चौडरस**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-अलवाई, विकास खण्ड-छाता, जिला-मथुरा

पत्रांकः /SBM(G)/राज्य वित्त/15वां वित्त/टैण्डर/2024-25 दिनांक- 05.07.2024

**अल्पकालीन निविदा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि SBM(G)/राज्य वित्त/15वां वित्त/के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि एवं धनराशि आने की प्रत्याशा में निर्माण कराये जाने हेतु निम्नांकित सामग्री की कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु मोहर बंद निविदायें दिनांक 19.07.2024 को सायं 03:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सांय 04 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। यदि उक्त निविदा प्राप्त करने एंव खोलने के दिनांक को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा प्राप्त एंव खोलने का अगला कार्य दिवस होगा। निविदा खोलने के स्थल, सयम व वैधता में कोई परिवर्तन नही होगा। निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी। निविदा की शर्ते निम्नवतः निर्धारित की जाती है-

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत अलवाई से कार्यालय दिवस एंव समय में दिनांक 19.07.2024 तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत धरोहर एफ0डी0आर0 जो अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बंधक होगी जमा करनी होगी।
3. निविदा सशर्त अथवा निर्धारित समय के बाद प्रस्तुत निविदायें मान्य नहीं होगी तथा किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. निविदा दरों की वैधता 06 माह अधिकतम होगी। इसके लिये निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100 का नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर, एक रूपये का रिवेन्यू टिकट के साथ होना चाहिये।
5. अनुबन्ध के समय धरोहर राशि को सम्मिलित करते हुये 10 प्रतिशत जमानत राशि जमा करनी होगी तथा कुल जमानत राशि पर नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी।
6. बिलों के भुगतान के समय नियमानुसार आयकर, जी0एस0टी0, सैस एंव रायल्टी आदि करों की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
7. सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए।
8. कोई भी निविदादाता जो राज्य विधिकार कॉसिल में पंजीकृत हो, निविदा देने से प्रतिबंधित होगें।
9. इन्टरलॉकिंग टाईल्स का गुणवत्ता प्रमाण पत्र देना होगा।

| क्रम सं. | सामग्री/वस्तु का नाम | ईकाई | दर | क्रम सं. | सामग्री/वस्तु का नाम | ईकाई | दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | बोरा | 300 | 22 | फ्लोर डोर 35 mm | वर्ग मी0 | 1150 |
| 2 | बालू (फाइन सैण्ड) | घन0मी0 | 1900 | 23 | विंडो पैनल | वर्ग मी0 | मार्केट रेट |
| 3 | बदरपुर (चम्बल सैण्ड) | घन0मी0 | 2700 | 24 | आर्यन और एंगल | कुन्टल | 6200 |
| 4 | पत्थर रोड़ी 20 MM | घन0मी0 | 1920 | 25 | सफेद सीमेन्ट | प्रति बैग | 700 |
| 5 | ईट रोड़ी 40 MM | घन0मी0 | 1300 | 26 | फडस्टेम्पर | 5 कि0ग्रा0 | 470 |
| 6 | ईट-M-150 | संख्या | 6.20 | 27 | पेंट | 1 कि0ग्रा0 | 270 |
| 7 | पत्थर रोड़ी 40 MM | घन0मी0 | 1860 | 28 | आर0ओ0 वाटर | एक | मार्केट रेट |
| 8 | स्टील | कुन्टल | 6200 | 29 | एपेक्स पेन्ट | 20 कि0ग्रा0 | 4700 |
| 9 | बाल पुट्टी | 20 कि0ग्रा0 | 200 | 30 | टॉयलेट सीट फिटिंग सहित | 1 नग | 1310 |
| 10 | जी0आई0 सीट | कुन्टल | 6600 | 31 | यूरिनल सीट फिटिंग सहित | 1 नग | 865 |
| 11 | चूना | प्रतिकिग्रा0 | 130 | 32 | बॉसवेसन फिटिंग सहित | संख्या | 725 |
| 12 | कलर मेटरियल | कि0ग्रा0 | 270 | 33 | 110 MM पी0वी0सी0 पाईप | RM | 240 |
| 13 | स्टील फॉर विन्डो | कुन्टल | 6200 | 34 | 15 MM पी0वी0सी0 पाईप | RM | 49 |
| 14 | ईट-ड-275 | संख्या | 5.80 | 35 | 25 MM पी0वी0सी0 पाईप | RM | 125 |
| 15 | इण्टरलॉकिंग- 80 MM | सख्या | 19 | 36 | सीलिंग टीक बुड टाईल | वर्ग मी0 | मार्केट रेट |
| 16 | इण्टरलॉकिंग- 100 MM | संख्या | 22 | 37 | बाल पैनल | वर्ग मी0 | मार्केट रेट |
| 17 | लोकल सेण्ड | घन0मी0 | 1000 | 38 | भूसा | एक कु0 | मार्केट रेट |
| 18 | साईन बोर्ड | संख्या | 5000 | 39 | हरा चारा | एक कु0 | मार्केट रेट |
| 19 | टाईल 600×600 | वर्गमी0 | 550 | 40 | रातव/चना | एक कु0 | मार्केट रेट |
| 20 | टाईल 300×450 | 1 पीस | 70 | 41 | रील लाईट/सोलर लाईट | एक / एक | मार्केट रेट |
| 21 | 32 MM पी0वी0सी0 पाईप | RM | 165 | 42 | ई-रिक्शा क्रय | एक | मार्केट रेट |

**बृजगोपाल**
**प्रधान/अध्यक्ष**
**ग्राम पंचायत-अलवाई**

**त्रिलोकी**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत-अलवाई**

# रियलमी ने प्रो सीरीज़ में एआई और एडवांस्ड ड्युअल सोनी सेंसर के साथ अल्ट्रा क्लियर कैमरा पेश किया

**नई दिल्ली।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने जुलाई में अपनी रियलमी 13 प्रो सीरीज़ के भारत में लॉन्च के साथ पहला एआई प्रोफेशनल कैमरा स्मार्टफोन पेश किया है।

2024 में रियलमी की ओर से यह दूसरा नंबर सीरीज़ का लॉन्च है। रियलमी 13 प्रो सीरीज़ में पहला एआई प्रोफेशनल कैमरा फोन है, जिसमें डीएसएलआर स्तर के फीचर्स हैं। इस इमेजिंग पॉवरहाउस में ड्युअल सोनी सेंसर लगे हैं, जो मोबाईल फोटोग्राफी का स्तर काफी बढ़ा देते हैं। इस अत्याधुनिक डिवाईस के लिए रियलमी ने सोनी के साथ गठबंधन किया है, जिसके परिणामस्वरूप रियलमी 13 प्रो सीरीज़ में सोनी की उन्नत सेंसर टेक्नोलॉजी दी गई है।

सोनी लाईट-701 सेंसर का उपयोग पहली बार रियलमी 13 प्रो सीरीज़ के मुख्य कैमरा में किया गया है। इस 50 मेगापिक्सल के 1/1.56'' के सेंसर में 24मिमी के बराबर फोकल लैंथ, एफ/1.88 एपर्चर, और ओआईएस है, जो हाई डाईनामिक रेंज के साथ डे-लाईट फोटो और काफी स्पष्ट और ब्राईट नाईट टाईम शॉट्स ले सकता है। मुख्य कैमरा की मदद करने के लिए सोनी लाईट-600 सेंसर के साथ एक और 50 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है, जिसमें 1/1.95'' साईज़ के साथ 73मिमी के बराबर फोकल लैंथ है। यह बेहतरीन टेलीफोटो क्षमताएं प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। ये ड्युअल कैमरा 3एक्स ऑप्टिकल ज़ूम, 6एक्स इन-सेंसर ज़ूम और 120एक्स डिजिटल सुपरज़ूम तक की सपोर्ट प्रदान करते हैं।

ये कैमरा 4-इन-1 पिक्सल फ्यूज़न टेक्नोलॉजी, हाई-ट्रांसपेरेंसी ग्लास लैंस, और लाईटवेट पेरिस्कोप डिज़ाईन जैसी खूबियों के साथ विभिन्न तरह के शूटिंग परिदृश्यों में वाईड एंगल लैंडस्केप से लेकर लंबी दूरी के कैप्चर तक शानदार इमेज क्वालिटी प्रदान करते हैं।

इनमें एक अत्याधुनिक फीचर, एआई अल्ट्रा क्लैरिटी एआई लार्ज स्केल मॉडल्स का उपयोग कर रिज़ॉल्यूशन को बढ़ा देता है और ब्लर दिखने वाली इमेज को भी स्पष्ट बना देता है। यह फीचर लंबी दूरी से शॉट लेने और ज़ूम की गई इमेज कैप्चर करने के लिए बहुत उपयोगी है, और 10 एक्स से 30 एक्स ज़ूम रेंज के साथ इमेज लेने पर उसकी क्वालिटी खराब हो जाने की आम समस्या का समाधान करता है।

आरएडब्लू के डोमेन में एआई क्षमता वाली इमेज प्रोसेसिंग के साथ रियलमी की हाईपरआरएडब्लू एलगोरिद्म द्वारा इमेज की क्लैरिटी और डायनामिक रेंज काफी बढ़ गई है, जो ऑथेंटिक लाईट और शैडो द्वारा बिल्कुल वास्तविक परिणाम प्रदान करती है। एआई अल्ट्रा क्लैरिटी द्वारा भवनों, पौधों, फूलों, और बालों वाले जानवरों जैसे नियमित पैटर्न के साथ दृश्यों की बहुत शानदार प्रोसेसिंग होती है, जिससे इमेज की डिटेल और शार्पनेस में काफी सुधार होता है। यह लो रिज़ॉल्यूशन इमेज को भी काफी अच्छा बना देता है, इसलिए पुराने फोटो, सोशल मीडिया इमेज, या लो रिज़ॉल्यूशन के वीडियो फ्रेम को अपग्रेड करने के लिए उत्तम है।

रियलमी 13 प्रो+ को अपने लॉन्च से पहले ही एक स्वतंत्र थर्ड पार्टी टेस्टिंग, इंस्पेक्शन, और सर्टिफिकेशन संगठन, टीयूवी रीनलैंड सर्टिफिकेशन से हाई रिज़ॉल्यूशन कैमरा सर्टिफिकेशन मिल चुका है।

ये विशेषताएं अपने सेगमेंट में अद्वितीय हैं, जो व्यवहारिकता और उपयोग, दोनों में ही अपने प्रतिस्पर्धियों से काफी बेहतर हैं। इसलिए इस स्मार्टफोन में चुनौतीपूर्ण शॉट्स, जैसे बहुत ज्यादा ज़ूम के साथ लिए गए या अंधेरे में लिए गए शॉट्स को भी काफी स्पष्ट और विस्तृत इमेज में परिवर्तित कर स्मार्टफोन फोटोग्राफी की सीमाएं काफी बढ़ गई हैं।

# आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट स्मार्ट में मिलता है लाइफ कंटिन्यूटी का विकल्प

**मुंबई।** कमाने वाले हर व्यक्ति के अपने वित्तीय लक्ष्य होते हैं, जैसे घर खरीदना, बच्चों की शिक्षा के लिए धन जुटाना या रिटायरमेंट के लिए बचत करना। लेकिन जीवन अप्रत्याशित है और कमाने वाले सदस्य की असामयिक मृत्यु किसी के भी वित्तीय लक्ष्यों को बाधित कर सकती है और परिवार को वित्तीय संकट में डाल सकती है। आम तौर पर यही माना जाता है कि लोगों को एक सामान्य नियम के तौर पर पहले सुरक्षा और फिर बचत के दृष्टिकोण का पालन करना चाहिए। वित्तीय बचत की योजना बनाने के लिए टर्म इंश्योरेंस प्लान खरीदने को सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है। इसका कारण सरल है कि यदि कमाने वाले सदस्य की मृत्यु हो जाती है, तो परिवार बचत योजना को कैसे जारी रखेगा। आदर्श रूप से जीवन बीमा को सभी बकाया देनदारियों को कवर करना चाहिए और परिवार के जीवन को जारी रखने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले टर्म इंश्योरेंस प्रोडक्ट आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट स्मार्ट में लाइफ कंटिन्यूटी का विकल्प भी देता है। यह सुविधा परिवार को मासिक आय के रूप में क्लेम राशि प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। यह उन परिवारों के लिए बहुत उपयोगी है, जो एकमुश्त क्लेम राशि को मैनेज करना नहीं जानते हैं।

एक और मूल्यवान अतिरिक्त लाभ गंभीर बीमारी से जुड़ा नाम है, जिसे लिया जाना चाहिए। अध्ययनों से पता चलता है कि लगभग 10 करोड़ भारतीय परिवार हर साल स्वास्थ्य सेवा खर्च के कारण गरीबी में चले जाते हैं। मामूली अतिरिक्त प्रीमियम के लिए आईप्रोटेक्ट स्मार्ट गंभीर बीमारी लाभ प्रदान करता है, जो कैंसर, किडनी फेलियर, न्यूकेमिया, पार्किंसंस जैसी 34 बीमारियों को कवर करता है। इस प्लान के तहत गंभीर बीमारी लाभ निदान पर दावे का भुगतान किया जाता है। इस तरह यह सुनिश्चित किया जाता है कि व्यक्तियों के पास चिकित्सा उपचार के लिए पर्याप्त फाइनेंस है। दावा निपटान अनुपात और औसत दावा निपटान समय की जाँच करना दो महत्वपूर्ण बिंदु हैं, जिन पर लोगों को टर्म इंश्योरेंस प्लान खरीदने से पहले विचार करना चाहिए। वित्त वर्ष 2024 में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ का दावा निपटान अनुपात (गैर-जाँच) 99.17 प्रतिशत था और औसत निपटान समय केवल 1.27 दिन था।

# पूरे दिन दबाव के बाद शेयर बाजार सपाट स्तर पर बंद

**मुंबई (हि.स.)।** पूरे दिन दबाव में कारोबार करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को आखिरी आधे घंटे के कारोबार के दौरान शानदार रिकवरी नजर आई। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में ये गिरावट लगातार बढ़ती चली गई। दोपहर बाद 3 बजे के करीब बाजार में खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिसकी वजह से शेयर बाजार मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ और निफ्टी 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार में ऑयल एंड गैस, इंफ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी होती रही। इसी तरह फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और एफएमसीजी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए।

# टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश में घर घर सोलर पहल का शुभारंभ किया

**अयोध्या।** स्थायी ऊर्जा समाधानों में अग्रणी टाटा पावर सोलर सिस्टम्स लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश (यूपी) के हर घर को स्वच्छ ऊर्जा से उज्वल करने के उद्देश्य से अपनी परिवर्तनकारी रूफटॉप सोलर पहल शुरू की है।

घर-घर सोलर, टाटा पावर के संग इस महत्वाकांक्षी पहल की शुरूआत वाराणसी से की गयी है। इसमें आधुनिकतम रूफटॉप सोलर समाधानों (आरटीएस) के माध्यम से निवासियों की अच्छी वित्तीय बचत होगी और पर्यावरणीय लाभ भी मिलेंगे।

राज्य में उपभोक्ता रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पर अधिकतम 1,08,000 रुपये तक की सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं। इसमें 3 किलोवाट तक के लिए केंद्र सरकार की 78,000 रुपये की सब्सिडी और राज्य सरकार की ओर से 3 किलोवाट तक के लिए अधिकतम 30,000 रुपये (15,000 रुपये प्रति किलोवाट) की सब्सिडी शामिल होगी, जो केंद्र सरकार की सब्सिडी के अतिरिक्त होगी।

गुणवत्ता और नवाचार के प्रति टाटा पावर सोलर की प्रतिबद्धता की वजह से यह पहल क्षेत्र में ऊर्जा उपलब्धता और स्थिरता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगी। अपने मज़बूत चैनल पार्टनर नेटवर्क के साथ टाटा पावर वाराणसी और उत्तर प्रदेश के निवासियों को तेज़ी से रूफटॉप सोलर कनेक्शन प्रदान करने के लिए सक्षम है।

वाराणसी में शुभारंभ समारोह में, टाटा पावर के सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने कहा, स्थायी ऊर्जा भविष्य को आगे बढ़ाना टाटा पावर सोलर में हमारा मिशन है। उत्तर प्रदेश में हमारे रूफटॉप सोलर समाधानों की शुरूआत करके, हम निवासियों को उनके ऊर्जा बिलों को भारी मात्रा में कम करने और हरित वातावरण के निर्माण में योगदान करने का सर्वोत्तम उपलब्ध अवसर प्रदान करते हैं। हमारी तीन दशकों की विशेषज्ञता, बाइफेसियल मॉड्यूल जैसी उन्नत तकनीक, आसान फाइनेंसिंग, प्रशिक्षित कार्यबल और मजबूत चैनल पार्टनर नेटवर्क सौर ऊर्जा को बिना किसी परेशानी के अपनाए जाने की गारंटी देते हैं।

टाटा पावर के सोलर पैनल आधुनिकतम और भारत में निर्मित हैं, जो बेहतर प्रदर्शन करते हुए लंबे समय तक काम करते हैं। उनके बाइफेसियल पैनल प्रकाश दोनों तरफ अब्सॉर्ब करते हैं, जिससे कम जगह में उच्च दक्षता की गारंटी मिलती है। कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए और सौर ऊर्जा को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए लचीले फाइनेंसिंग विकल्प भी प्रस्तुत किए हैं। कुशल टेक्निशियन्स की टीम इंस्टालेशन प्रक्रिया बहुत ही सहजता से करती है और रखरखाव सहायता भी सुनिश्चित करती है।

इसके अलावा, टाटा पावर सोलर पूछताछ से लेकर इंस्टालेशन तक सब कुछ केवल 7 दिनों में करने की गारंटी देता है, ग्राहकों के लिए बाज़ार में मौजूद दूसरी कंपनियों के मुकाबले डाउनटाइम काफी कम रहता है।

# मोटोरोला ने लॉन्च किया रेजर 50 अल्ट्रा स्मार्टफोन



**नई दिल्ली।** मोबाइल तकनीक और नवाचार में वैश्विक अग्रणी, मोटोरोला ने आज फोल्डेबल स्मार्टफोन तकनीक में एक बार फिर से बदलाव करते हुए अपने रेजर फेंचाइजी के सबसे उन्नत स्मार्टफोन, मोटोरोला रेजर 50 अल्ट्रा को लॉन्च किया है। यह फ्लिप फोन मोटोरोला की विकास और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें विभिन्न उद्योग अग्रणी विशेषताएँ जैसे कि किसी भी फ्लिप फोन की सबसे बड़ी, सबसे इंटेलीजेंट बाहरी डिस्प्ले शामिल हैं। कल्पना कीजिए एक ऐसी दुनिया की जहाँ आपका स्मार्टफोन केवल एक डिवाइस नहीं, बल्कि एक व्यक्तिगत सहायक, क्रिएटिव स्टूडियो और उत्पादकता का पावरहाउस हो। गूगल के साथ मिलकर, मोटोरोला ने नए मोटोरोला रेजर 50 अल्ट्रा में एआई संचालित अनुभव और सुविधाजनक सुविधाएँ लाकर इस विज़न को वास्तविकता में बदल दिया है।

पहली बार, रेजर उपयोगकर्ता बाहरी डिस्प्ले से सीधे जेमिनी वन को एक्सेस कर सकते हैं। गूगल की जेमिनी ऐप एक व्यक्तिगत एआई सहायक है जो आपकी रचनात्मकता और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। चाहे उपयोगकर्ताओं को किसी नए प्रोजेक्ट के लिए चरण-दर-चरण निर्देश चाहिए हों, यात्राओं और गतिविधियों की योजना बनाने में मदद चाहिए, या धन्यवाद पत्र या ईमेल लिखने में सहायता चाहिए हो। जेमिनी दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए विचार मंथन में मदद कर सकती है और जेमिनी ऐप्स और सेवाओं जैसे मैप्स, यूट्यूब, फ्लाइट्स, जीमेल और ड्राइव से आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकती है।

# रम्मी खिलाड़ियों के सहज रुप से आईटीआर फाइल करने और राष्ट्र निर्माण के लिए सशक्त बनाने वास्ते रम्मीटाइम और क्लियरटैक्स ने हाथ मिलाया

**बैंगलोर।** भारत के पहले अग्रणी कौशल-आधारित बहुभाषी गेम विकल्पों की पेशकश करने वाले रम्मी प्लेटफार्मों में से एक, रम्मीटाइम ने हाल ही में भारत के प्रमुख कर और वित्त मंच क्लियरटैक्स के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग का उद्देश्य सभी रम्मी खिलाड़ियों को उनके आयकर रिटर्न (आईटीआर) को सहज रूप से और लागत प्रभावी ढंग से दाखिल करने में सहायता करना है।

सभी रम्मी खिलाड़ी, चाहे वे रम्मीटाइम या अन्य रम्मी ऐप्स के उपयोगकर्ता हों, इस प्लेटफार्म पर पंजीकरण करा कर इस पेशकश का लाभ उठा सकते हैं। इस सहयोग के फलस्वरूप रम्मीटाइम के साथ पंजीकृत सभी रम्मी खिलाड़ी, जो स्वयं या चार्टर्ड अकाउंटेंट की सहायता से क्लियरटैक्स के माध्यम से अपना कर दाखिल करते हैं, उनको अपने द्वारा क्लियरटैक्स को भुगतान की गई राशि रमीटाइम एप्लिकेशन पर बनाए गए उनके गेम वॉलेट में डिस्काउंट क्रेडिट के रूप



में प्राप्त होगी। इसके साथ ही क्लियरटैक्स पर क्षेत्रीय भाषाओं में चार्टर्ड अकाउंटेंट से सहायता का विकल्प भी उपलब्ध कराया जाएगा। रम्मीटाइम इस सहयोग के माध्यम से आयकर के दायरे में लोगों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयास में अपनी तरफ से योगदान दे रहा है और वित्तीय समावेशन और अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए देश के व्यापक प्रयास के साथ जुड़ रहा है। रम्मीटाइम की निदेशक दिव्या आलोक अग्रवाल ने कहा, देश के अग्रणी रम्मी प्लेटफार्मों में से एक के रूप में, रम्मीटाइम केवल अपने खिलाड़ियों पर ही ध्यान केंद्रित नहीं करता है बल्कि रम्मी खेलने वाले पूरे समुदाय पर ध्यान केंद्रित करता है। सभी रम्मी खिलाड़ियों को सहज तरीके से आईटीआर फाइल करने में सक्षम करने के लिए क्लियरटैक्स के साथ साझेदारी करने पर हम रोमांचित हैं। यह सहयोग न केवल हमारे समुदाय को कर दाखिल करना आसान बनाएगा और बिना किसी परेशानी के कर विनियमों का अनुपालन करना सुनिश्चित करेगा, बल्कि हमारे रोमांचक क्रेडिट प्वाइंट पेशकश के माध्यम से इस अनुभव को और भी अधिक फायदेमंद बनाएगा। रम्मीटाइम में, हम अपने उपयोगकर्ताओं के समग्र अनुभव को बढ़िया करने और उनके खेल अनुभव को सहज बनाने के लिए समर्पित हैं। अन्य ऐप्स का उपयोग करने वाले रम्मी खिलाड़ियों को आईटीआर फाइल करने की सेवा का लाभ उठाने के लिए रम्मीटाइम पर पंजीकरण कराना होगा।

# मैमीपोको पैंट्स ने लखनऊ में 'डीप स्लीप वर्ल्ड' अभियान शुरू किया

इसका उद्देश्य शिशुओं के लिए गहरा अवशोषण, गहरी नींद के बारे में जागरूकता पैदा करना है

**लखनऊ।** पैंट-स्टाइल डिस्पोजेबल डायपर बनाने वाली अग्रणी कंपनी यूनिचार्म इंडिया ने लखनऊ में अपने अभूतपूर्व 'डीप स्लीप वर्ल्ड' अभियान का अनावरण किया है। इस पहल का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के लोगों के साथ



यूनिचार्म के जुड़ाव को गहरा करना और शिशुओं के लिए गहन अवशोषण और गहरी नींद के महत्व पर प्रकाश डालकर इसकी सामाजिक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाना है। यह घोषणा एक उच्चस्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई, जिसमें मार्केटिंग के उपाध्यक्ष श्री तोशीयुकी नाकामुरा, यूनिचार्म इंडिया के क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक श्री तेज प्रताप सिंह और अभिनेत्री सौम्या टंडन भी उपस्थित थे।

डीप स्लीप वर्ल्ड का परिचय÷ डीप स्लीप वर्ल्ड यूनिचार्म इंडिया द्वारा आयोजित एक अनूठा कार्यक्रम है, जो यह बताने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि मैमीपोको पैंट्स किस प्रकार सुनिश्चित करता है कि बच्चे नमी और रिसाव को रोककर निर्बाध, गहरी नींद का आनंद लें। अभिनव फ्लेक्सी-फिट तकनीक और नारियल-अनुकूल शीट की विशेषता वाले ये डायपर बच्चे की त्वचा को स्वस्थ रखते हैं और रात भर आराम प्रदान करते हैं। मैमीपोको पैंट, एक्स्ट्रा एब्जॉर्ब, 12 घंटे तक का गहरा अवशोषण प्रदान करता है, जिससे काफी हद तक नमी कम होती है और बच्चे गहरी नींद सो पाते हैं, जो उनके समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। एक्स्ट्रा एब्जॉर्ब फीचर जांघों से रिसाव के खिलाफ 2× सुरक्षा भी प्रदान करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि बच्चा सूखा और आरामदायक रहे।

मुख्य वक्तव्य÷ श्री तेज प्रताप सिंह, क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक - उत्तर, यूनिचार्म इंडिया, ने कहा, ÷हम उत्तर प्रदेश में डीप एब्जॉर्प्शन, डीप स्लीप अभियान शुरू करने को लेकर रोमांचित हैं, जिसकी शुरुआत लखनऊ से हो रही है।उन्होंने कहा, ''उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। उत्तर भारत का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण यह विविधतापूर्ण और गतिशील है, जो हमारी बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसलिए, यह उचित है कि हम अपना 'गहन अवशोषण, गहन नींद' अभियान सबसे पहले यहीं से शुरू करें। इस पहल का उद्देश्य शिशुओं को सबसे आरामदायक डायपर उपलब्ध कराना है, ताकि वे अच्छी नींद ले सकें और उनकी त्वचा स्वस्थ बनी रहे। यूनिचार्म इंडिया के विपणन उपाध्यक्ष श्री तोशीयुकी नाकामुरा ने कहा कि यूनिचार्म का मानना है कि इस प्रयास से देश भर के माता-पिता को अपने शिशुओं के लिए गहरी नींद की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने में मदद मिलेगी। मैमीपोको एक्स्ट्रा एब्सॉर्ब पूरे भारत में माताओं के लिए एक भरोसेमंद साथी रहा है, और यह अभियान उस बंधन को और मजबूत करता है। हमें विश्वास है कि डीप एब्सॉर्प्शन, डीप स्लीप अभियान पूरे देश में माता-पिता के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा।

अभिनेत्री सौम्या टंडन ने कहा, एक मां के लिए सबसे बड़ी संतुष्टि यह होती है कि उसका बच्चा हर रात शांति से सोता है। एक माँ के रूप में, यह सुनिश्चित करना कि मेरा बच्चा रात में अच्छी नींद ले सके, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। मैं समझती हूं कि शिशु के समग्र विकास और स्वास्थ्य के लिए निर्बाध, गहरी नींद कितनी महत्वपूर्ण है। हालांकि, रातें अक्सर चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं, जिससे बच्चे के लिए प्रभावी ढंग से सोना मुश्किल हो जाता है। यहीं पर मैमीपोको पैंट्स जैसा विश्वसनीय डायपर ब्रांड आवश्यक हो जाता है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ग्रीन वेव इनीशियेटिव को गति दी



**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने पर्यावरण निरंतरता के प्रति अपनी कटिबद्धता की दिशा में इस साल पर्यावरण माह के उपलक्ष्य में ग्रीन वेव प्रोजेक्ट को और तेज़ कर दिया है। अपनी छठी चुनौती के तहत टीकेएम ने समाज में अपनी प्रकृति संरक्षण गतिविधि को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने कर्मचारियों के बीच पौधे वितरित किए। इसका नाम है प्रकृति के साथ सामंजस्य में एक भावी समाज की स्थापना, जो टोयोटा एनवायरमेंटल चैलेंज (पर्यावरण चुनौती) 2050 में योगदान देता है। यह पर्यावरण अभियान कर्मचारियों की भागीदारी से हरियाली को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना जारी रखता है।

कंपनी ने अपने कर्मचारियों को 7000 से ज़्यादा पौधे सफलतापूर्वक बांटे हैं, जो वृक्षारोपण की इसकी गतिविधि के तहत निर्धारित 8,000-पौधों के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति है। इस दिशा में, टीकेएम कर्मचारियों को अपने आस-पड़ोस में वितरित किए गए पौधों को लगाने और उनकी देखभाल करने तथा पौधों की वृद्धि पर समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# आजीवन सीखना आज न केवल अनिवार्य है बल्कि एक परम आवश्यकता भी है: श्री जयन्त चौधरी

**नई दिल्ली।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयन्त चौधरी ने आज स्किल्स ब्रिज मास्टरक्लास सीरीज में अपने संबोधन के दौरान डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और कोलैबोरेटिव लर्निंग मॉडल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। यह फ्यूचर ऑफ वर्क के लिए आजीवन सीखने (एलएलएल) को बढ़ावा देने पर केंद्रित है और वेबिनार का विषय - एआई-पॉवेरेड स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) फॉर ए फ्यूचर रेडी वर्कफोर्स था। इसका आयोजन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ), विश्व बैंक और यूनेस्को द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। वेबिनार में 120 से अधिक प्रतिनिधियों और 3000 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें चर्चा का विषय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, वर्क बेस्ड लर्निंग मॉडल और कौशल और आजीवन सीखने के इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए इंडस्ट्री एकेडेमिया पार्टनरशिप का लाभ उठाना था। इस वेबिनार में सिएरा लियोन सरकार के टेक्निकल एंड हायर एजुकेशन मिनिस्टर डॉ. हाजा रामातुलई वुरी, आर्मेनिया सरकार के लेबर एंड सोशल अफेयर मामलों के डिप्टी मिनिस्टर श्री रूबेन सार्गस्यान, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी, दक्षिण एशिया के लिए आईएलओ डिसेंट वर्क टीम और भारत के लिए कंट्री ऑफिस के ऑफिसर इन-चार्ज श्री रवि पीरिस, यूनेस्को के पॉलिसी एंड लाइफलॉन्ग लर्निंग सिस्टम के डायरेक्टर श्री बोरहेन चाकरून, भारत में नैसकॉम की अध्यक्ष सुश्री देबजानी घोष, विश्व बैंक की लीड एजुकेशन स्पेशलिस्ट सुश्री शबनम सिन्हा, डॉ.अश्विनी अग्रवाल, वर्कग्रुप लीडर (स्किल और लाइफलॉन्ग लर्निंग पॉलिसी, सिस्टम और डिजिटलाइजेशन), आईएलओ जिनेवा; एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी और एनएसडीसी और एनएसडीसी इंटरनेशनल की सीटीओ सुश्री श्रेष्ठ गुप्ता ने भाग लिया।

# एबॅट ने अपने कैम्पेन की मदद से लोगों को वर्टिगो के बारे में जागरूक किया

**नई दिल्ली।** दुनिया में हेल्थकेयर की अग्रणी कंपनी एबॅट ने भारत में चक्कर को चेक कर कैम्पेन लॉन्च किया है। यह कैम्पेन संतुलन की अक्सर नजर अंदाज की जाने वाली एक समस्या 'वर्टिगो' पर रोशनी डालता है। इस समस्या से भारत में करीब 70 मिलियन लोग प्रभावित हैं। वर्टिगो में लोगों को ऐसा अनुभव हो सकता है कि उनके आस-पास की दुनिया घूम रही है। इस कैम्पेन के माध्यम से एबॅट अपनी सेहत पर काबू रखने और इस समस्या को बेहतर तरीके से संभालने में लोगों की मदद करना चाहता है। वर्टिगो की गुमराह करने वाली सच्चाई से दुनिया को रूबरू कराने के लिये एबॅट ने एक डिजिटल फिल्म के माध्यम से यह कैम्पेन शुरू किया है। इसमें बॉलीवुड एक्टर और यूनिसेफ इंडिया के एम्बेसेडर आयुष्मान खुराना नजर आ रहे हैं। इसमें दिखाया गया है कि वर्टिगो में अचानक आने वाले चक्कर कैसे जीवन का संतुलन बिगाड़ सकते हैं। इस परेशानी का अनुभव करने वाले लोगों से इसके सम्बंध में कुछ कदम उठाने आग्रह भी किया गया है। एबॅट इंडिया के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. जेजॉय करण कुमार ने कहा लगभग 70 मिलियन भारतीय वर्टिगो का अनुभव करते हैं। संतुलन की यह समस्या लोगों के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है, लेकिन इसे संभाला जा सकता है।

# टीटीके प्रेस्टीज ने 2000 वॉट का इंडक्शन कुकटॉप लॉन्च किया



**नई दिल्ली।**कुकर्स और किचन अप्लायंसेस के मशहूर ब्राण्ड, टीटीके प्रेस्टीज ने अपने पोर्टफोलियो में एक नये इंडक्शन कुकटॉप को लॉन्च किया है। यह इंडक?शन कुकिंग को आसान बनाने के साथ ही बेहद सुविधाजनक और तेज है। यह 25% तक बिजली की बचत करता है। पारंपरिक गैस चूल्हों से थोड़ा अलग हटकर इस इंडक्शन में कई नए फीचर्स की पेशकश की गई है। ये इंडक्शन कुकवेयर ऑटो प्रेशर कुकिंग मोड के एक स्मार्ट फंक्शन के साथ आता है, जिससे आपको अपने पसंदीदा व्यंजनों को आसानी से बनाने में मदद मिलेगी। ये मोड प्रेशर कुकर के काम को झटपट भांप लेता है और अपने आप ही जरूरत के अनुसार कीप वॉर्म मोड पर चला जाता है। भारतीय घरों के लिहाज से बनाया गया यह कुकटॉप जरूरत के अनुसार अलग-अलग तापमान की सेटिंग पर सेट पर किया जा सकता है। विभिन्न प्रकार के पकवानों को बनाने के लिए उपयुक्त ये कुकटॉप आपके व्यंजन की जरूरतों के अनुसार बदला जा सकता है। सिर्फ एक टैप के साथ आप कंट्रोल पैनल पर बने भारतीय मेन्यू के अलग-अलग फीचर और फंक्शन पर आसानी से जा सकते हैं। चाहे आपको पैन पर भूनने का काम करना हो या फिर कोई स्वादिष्ट-सी करी पकानी हो, ये इंडक्शन आपके पाककला के हर काम में आपका साथ देगा! ये इंडक्शन कुकटॉप पूरी तरह से कूलिंग सिस्टम के साथ आता है, जिससे आपका उपकरण लंबे समय तक चलता है।

# 100 का आंकड़ा पार, अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ ने घुटनों की रोबोटिक ट्रांसप्लांट सर्जरी में सबसे तेजी से हासिल की उपलब्धि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रमुख हेल्थ सर्विस प्रोवाइडर अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ एक बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हॉस्पिटल ने सबसे तेजी से घुटने के 100 सफल रोबोटिक ट्रांसप्लांट सर्जरी पूरी की हैं। यह सफलता हॉस्पिटल के उस लक्ष्य को दर्शाती है कि वे अपने मरीज़ों को हड्डियों और जोड़ों के इलाज में नवीनतम तकनीकों का लाभ प्रदान कर रहे हैं। अपोलो हॉस्पिटल्स उत्तर प्रदेश में (एनसीआर छोड़कर) पहला ऐसा प्राइवेट हॉस्पिटल है, जहां घुटने और जोड़ो की सर्जरी के लिए रोबोटिक सिस्टम के साथ साथ ऑन्कोलॉजी, यूरोलॉजी, कार्डियक सर्जरी, बैरियाट्रिक सर्जरी, गाइनेकोलॉजिकल सर्जरी, जनरल सर्जरी, थोरासिक सर्जरी और पीडियाट्रिक सर्जरी के लिए अत्याधुनिक दा विंची एक्सआई रोबोट भी उपलब्ध है। डॉ. संजय श्रीवास्तव, चेयरमैन ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, अपोलो



हॉस्पिटल लखनऊ ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷100 सफल रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी का आंकड़ा पार करना हमारी टीम की विशेषज्ञता और मरीजों को अत्याधुनिक इलाज देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी में डॉक्टर की मदद के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से चलने वाला रोबोटिक आर्म इस्तेमाल किया जाता है. जिससे ऑपरेशन के दौरान अत्याधिक सटीकता हासिल होती है और घुटने के रिप्लेसमेंट को मरीज के शरीर के हिसाब से बेहतर बनाया जा सकता है। यह नई टेक्नोलॉजी कई फायदे देती है, जैसे मरीज जल्दी ठीक हो जाना, दर्द कम होना, और खून का बहना कम होता है, घुटने के नए जोड़ का ज़्यादा समय तक टिके रहना और मरीजों को कुल मिलाकर बेहतर नतीजे मिलते हैं। यह पूरी प्रक्रिया मरीजों की भागीदारी को भी बढ़ाती है।

डॉ. मयंक सोमानी, एमडी एंड सीईओ, अपोलो हॉस्पिटल्स, लखनऊ कहते हैं, ÷हम इस क्षेत्र में रोबोटिक सर्जरी करने में अग्रणी होने में गर्व महसूस करते हैं। अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ लगातार इस क्षेत्र में मरीजों की देखभाल में क्रांति ला रहा है। रोबोटिक सर्जरी की स्वीकृति और मांग लगातार बढ़ रही है।

# 90 प्रतिशत धुएं को कम करेगा महेंद्रा का जेनरेटर



**लखनऊ।** करीब 20 वर्षों से जेनरेटर की दुनिया में अपनी धाक जमाने वाली महिंद्रा कंपनी ने अपना नया जेनसेट लॉन्च किया है। जेनसेट यूपी में महिंद्रा पावरोल के अधिकृत त्रहश्वरू परफेक्ट जेनरेटर के द्वारा विक्रय के लिए उपलब्ध है इसके इंजन महिंद्रा एंड महिंद्रा के पुणे (चाकन) में निर्मित किए जाते है7 महिंद्रा इंजन अपनी बेहतरीन फ्यूल कंजप्शन एवं ब्लॉक लोडिंग कैपेसिटी के लिए जाना जाता है। ये इंजन पिछले 3 वर्षों से इंडस्ट्रियल मशीनो में सुचारू रूप से सेवाए प्रदान कर रहे हैं। रीजनल हेड प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया की केंद्र सरकार के पर्यावरण की मुहिम के तहत ही इस तरह के जनरेटर का निर्माण शुरू किया गया है। जिसमें 90त्न तक धुएं की कमी आएगी और इस तरह के जेनसेट प्रदूषण मुक्त बिजली पैदा करेंगे। प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि महिंद्रा के सभी जनरेटर सीआरडीआई टेक्नोलॉजी से संचालित होते हैं जिससे कि कम डीजल खपत और बहुत ही कम रखरखाव के खर्चे से बेहतर परफॉर्मेंस देते हैं। कंपनी का उद्देश्य कम से कम ध्वनि और वायु प्रदूषण और कस्टमर को बेहतर प्रोडक्ट मुहैया कराना है।

# दो जिले को जोड़ने वाली अंग्रेजों के जमाने में बना 105 साल पुराना पुल हादसे को दे रहा दावत

शकील अहमद



**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** बिहार समेत कई राज्यों में जर्जर व पुराने पुलों के गिरने से उत्तर प्रदेश शासन गंभीर हो गया है। टीम गठित कर प्रदेश भर में जांचने की कवायद तेज हो गई है। इसी कड़ी में जिले के हेतिमपुर में छोटी गंडक नदी पर बना अंग्रेजो के जमाने का पुल भी जर्जर पुलों के लिस्ट में शामिल है। यह पुल कुशीनगरङ्कदेवरिया को जोड़ती है। पुल के आसपास गांव और कस्बों के हजारों लोगो का आवागमन प्रतिदिन इसी पुल से होता है। वर्ष 1919 में अंग्रेजों ने इस पुल का निर्माण कराया था। 105 साल पुरानी इस जर्जर पुल से होकर गुजरना जान जोखिम में डालने के बराबर है।

देवरिया जनपद के सीमा क्षेत्र स्थित यह पुल यह पुल देवरिया जिले की सीमा में स्थित यह पुल हेतिमपुर के पुराने बाजार और कुशीनगर जिले की सीमा में भैसहां सदरटोला में बना है। पहले दोनों जनपद के आपसी संपर्क का यह एकमात्र मार्ग था। लगातार हो रहे हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर इस पुल के समानांतर एक और पुल बनाया गया है। इसके ठीक सटे फोरलेन बनाते समय एक और पुल बनाया गया लेकिन उन पुलों का उपयोग केवल तेज रफ्तार की गाड़ियों तक ही सीमित है। परिणाम स्वरूप दोनों बाजारों और दर्जन भर गांवों के लोगों का आवागमन आज भी इस पुराने पुल से ही होता है।

**पुल के पास लगता है मेला-** स्थानीय लोगों की माने तो इस पुल पर उस वक्त खतरा मंडराने लगता है, जब नदी के किनारे भव्य मेले का आयोजन होता है उस समय में हजारों की संख्या में लोगों का एक साथ इस पुल पर आवागमन होता हैं और मेले का आनंद लोग इस पुल पर खड़े हो कर लेते हैं। बताया जाता है कि यहां कई घटनाएं हुई और लोगो को जान भी गंवानी पड़ी। हादसे की वजह रेलिंग के जर्जर होना बताया गया है। मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पूर्व में जर्जर पुल को संज्ञान में लेते हुए मरम्मत भी करवाया है लेकिन यह पुल पुनः जगह जगह टूटने लगा है। ऐसे में अगर समय रहते हुए इस पुल को लेकर ठोस कदम नही उठाया गया तो हेतिमपुर घाट पर अग्रेजों द्वारा बनवाया गया यह पुल कभी भी किसी बड़े हादसे का सबब बन सकता है।

**समय रहते ठोस कदम नही उठाया गया तो कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

**पुल से विभाग ने रोका आवागमन-** अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. ने अवगत कराया है कि हेतिमपुर बाजार सम्पर्क मार्ग, एन.एच-28 पर छोटी गंडक नदी पर निर्मित दीर्घ सेतु (निर्माण वर्ष सन-1919) पूर्णतया क्षतिग्रस्त है, एवं समस्त प्रकार के वाहनों व सामान्य आवागमन हेतु असुरक्षित है। अतः हेतिमपुर बाजार सम्पर्क मार्ग, एनएच-28 पर छोटी गंडक नदी पर निर्मित दीर्घ सेतु पर समस्त प्रकार के वाहनों सहित सामान्य आवागमन हेतु अवरूद्ध किया जाता है।

# मौन नाला टूटने से भड़सर खास गांव में घुसा पानी





अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कप्तानगंज तहसील क्षेत्र में मौन नाले के टूटने से कई गांवों में ओवरफ्लो होकर पानी गांवों में घुस रहा है। इसी क्रम में भड़सर खास गांव में पानी घुसने की सूचना मिलने पर शुक्रवार को प्रातः डीएम उमेश मिश्रा ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्वयं तीन से चार फीट गहरे पानी में उतरकर जायजा लिया। वहां पर अधिशासी अभियंता तथा सहायक अभियंता बाढ़ खंड एवं सिंचाई खंड कुशीनगर एवं महाराजगंज से यथास्थिति की जानकारी लिया जिसपर उनके द्वारा बताया गया की नहर कटी नहीं है, अपितु पानी ओवरफ्लो होकर गांव में प्रवेश कर रहा है। शुक्रवार को प्रातः 8:30 बजे शुभम कुमार उपाध्याय निवासी भड़सर नारायण द्वारा दूरभाष पर जिलाधिकारी को यह अवगत कराया कि ग्राम सभा भड़सर खास के पास स्थित मौन नाला का बंधा कट गया है, जिससे पूरा गांव और कृषकों के खेत जलमग्न हो गया है। दूरभाष पर मिली सूचना व शिकायतकर्ता की शिकायत का जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया। उसका स्थलीय सत्यापन व अवलोकन करने स्वयं जिलाधिकारी भड़सर खास ग्राम में पहुंचे। जिस पर जिलाधिकारी ने लगभग 3 से 4 फीट गहरे पानी में स्वयं उतरकर कर लगभग 01 किलोमीटर पैदल चलते हुए मौन नाला के पास तक स्थलीय सत्यापन एवं निरीक्षण किया। पानी में घुसकर मौन नाला व नहर के कटे हुए बंधे के पास पहुंचे जहां पर पहले से ग्राम वासी नहर के कटे हुए बंधे को बांधने की कोशिश कर रहे थे। मौके पर पहुंचकर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता के बाढ़ खंड एवं सिंचाई खंड को गलत सूचना देने पर कड़ी फटकार लगाई और उनके द्वारा एक्सियन एवं सहायक अभियंता के कार्यों पर कड़ी नाराजगी प्रकट की गई। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा पहले से अगर ध्यान दिया गया होता तो पानी इतना नहीं बढ़ता। अविलंब यहां कटे हुए भाग/बंधे को ठीक कराए एवं जब तक ठीक न हों यही पर रहकर सभी का सहयोग करें जिससे की पूरे ग्राम वासियों को जल्द ही राहत मिल सकें। उनके खेत एवं फसल को नुकसान से बचाया जा सके। पूरी टीम और ग्राम वासियों के सहयोग से कटान के पास बालू और मिट्टी कार्य कराते हुए दुरुस्त कराएं और तत्काल ठीक होने पर मुझे अवगत कराए। तटबंध के निर्माण में बिलकुल भी देरी न करें। अपनी पूरी टीम इसमें लगा दें। मैं पुनः इसकी जांच करूंगा इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने उपस्थित सभी ग्राम वासियों को आश्वस्त भी किया इसे शीघ्र ठीक करा दिया जायेगा। इस अवसर पर तहसीलदार कप्तानगंज दिनेश कुमार, नायब तहसीलदार कप्तानगंज जितेंद्र सिंह अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड महेश कुमार सिंह, सहायक अभियंता बाढ़ खंड श्री मल्ल महाराजगंज तथा सिंचाई खंड के अधिकारी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कटे बंधे का स्थलीय सत्यापन करने डीएम स्वयं उतरे 3 से 4 फीट गहरे पानी में**

## 25 सूत्रीय समस्याओं को लेकर किसानों ने दिया धरना



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय प्रशासन पर किसानों और मजदूरों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए किसानों ने शुक्रवार को भाकियू भानू के बैनर तले 25 सूत्रीय समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में धरना दिया और स्थानीय प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। संगठन के जिला प्रभारी अजय मिश्र उर्फ विलसन बाबा की अगुवाई में व जिला अध्यक्ष राजकुमार पांडे के नेतृत्व में किसानों ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों पर किसानों का जमकर शोषण करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय प्रशासन पर तमाम आरोप लगाए और 25 सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी को संबोधित तहसील प्रशासन को सौंपा। दिए गए ज्ञापन में कहा है गया है कि राजस्व निरीक्षक राजकुमार सिंह किसानों का जमकर शोषण कर रहे हैं इन पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया है। विद्युत विभाग पुलिस विभाग पंचायती राज अधिकारी और अमेठी ब्लाक के कर्मचारियों पर भी तमाम आरोप लगाए गए। धरने को संबोधित करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार पांडे ने कहा कि इस समय किसान विद्युत कटौती आवारा पशुओं की समस्या और राजस्व कर्मियों के शोषण से तंग आ चुका है। स्थानीय प्रशासन किसानों की समस्या सुनने के बजाय उनको गणेश परिक्रमा पर मजबूर कर रहा है। जब तक इन समस्याओं का निराकरण नहीं होगा किसान आंदोलित रहेंगे। धरने को गीता गुप्ता घनश्याम तिवारी विलसन बाबा चिंता तिवारी मिथिलेश कुमार श्री नारायण आदि किसानों ने भी संबोधित किया।

## बाढ़ से निपटने हेतु स्वास्थ्य विभाग की 20 टीमें गठित

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** मानसून की शुरुआत से बड़ी गंडक नदी उफनाने लगी है। खड्डा और तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के तटबंधों के किनारे बसे गांवों के लोग बाढ़ की आशंका से सहमे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी बाद से निपटने की तैयारी की गई है। दोनों तहसीलों में स्वास्थ्य विभाग ने 20 टीमें गठित की हैं। टीम में डॉक्टर और फार्मासिस्ट शामिल हैं। सभी तरह की बीमारियों से बचाव के लिए दवाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए खड्डा तहसील क्षेत्र में 10 और तमकुहीराज तहसील क्षेत्र में 10 समेत कुल 20 टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन तथा पैरा-मेडिकल स्टाफ शामिल हैं। उन्हें दवाओं का पर्याप्त स्टॉक तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ ने बताया कि शासन से ही बाढ़ के मद्देनजर तैयार रहने के निर्देश मिले हैं। इसके बाद टीमों का गठन किया गया है। रैपिड रिस्पांस टीम में शामिल डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब टैक्नीशियन को बाढ़ प्रभावित इलाकों में कैंप लगाने के निर्देश दिए गए हैं और लोगों को क्लोरीन बांटने को कहा गया है। इसके अलावा दोनों तहसीलों में सरकारी एम्बुलेंस भी लगाए गए है ताकि आपात स्थिति में मरीजों को सीएचसी-पीएचसी पर भर्ती किया जा सके। टीम के पास पर्याप्त मात्रा में दवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। सर्पदंश से बचाव के लिए भी वैक्सीन आदि की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## चोरी के मुकदमें में वांछित इनामी गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने शुक्रवार को चोरी के मुकदमे में वांछित एक 15 हजार रुपए के ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त सूचना के मुताबिक थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के टीकर पुलिया के पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 76/2023 व 85/2023 धारा 457/380 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बबलू चौहान पुत्र रामचन्दर चौहान निवासी बड़ी रेतवहिया थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुट गई। गिरफ्तार करने वाले टीम प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रियांशु राय थाना कांस्टेबल सुनील कुमार शामिल रहे।

# स्कूली वाहनों की जांच के लिए 8 जुलाई से चलेगा विशेष अभियान

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में सड़क-सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा के अंतर्गत स्कूली वाहनों की जांच अभियान 8 से 22 जुलाई तक चलाया जाएगा। उन्होंने स्कूली वाहन हेतु विनियमन के संबंध में बताया है कि स्कूली वाहन के रूप में संचालन हेतु अधिकृत होना आवश्यक है। स्कूली वाहन में अग्निशमन यंत्र एवं फर्स्ट एड बॉक्स अवश्य होना चाहिए। सीएनजी सिलिंडर के ऊपर सीट का कोई उपबन्ध न हो, स्कूली वाहन में परिचर अवश्य हो तथा स्कूली बसों में आपातकालीन खिड़की, द्वार अवश्य होना आवश्यक है। स्कूल वाहन पीले रंग का हो एवं गति सीमा यंत्र लगा होना चाहिए, ताकि गति 40 किमी घंटा से अधिक न हो, वाहन फिटनेस के बिना स्कूली वाहनों का संचालन न किया जाए, वाहन में क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाया जाए। स्कूल प्रबंधन हेतु विनियमन के लिए उन्होंने बताया है कि विद्यालय परिसर में ही बच्चे को चढ़ाने तथा उतारने की व्यवस्था होना चाहिए। विद्यार्थियों का विवरण जैसे-नाम, कक्षा, अभिभावक का मोबाइल नंबर आदि चालक और परिचर के पास हो, ड्राइवर वर्दी (खाकी शर्ट व फुल पैंट) में हो, विद्यालय में सम्बद्ध वाहनों के दस्तावेज पूर्ण हों तथा वर्ष में एक बार चालक का नेत्र परीक्षण अवश्य कराया जाए। डीएम ने कहा कि सड़क के किनारे स्थित बालू एवं गिट्टी के दुकानदार सुनिश्चित करें कि उनकी सामग्री रोड पर न आये। सड़कों के किनारे रखा गिट्टी एवं बालू हादसों की वजह बनता है। इसके लिए अभियान चलाया जाएगा और यदि किसी दुकानदार की गिट्टी या बालू सड़क पर मिली तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। इसी तरह बैतालपुर तेल डिपो के इर्द-गिर्द खड़े ट्रक भी सुरक्षित स्थानों पर खड़े किए जाएं। ग्रामीण सड़कों के किनारे स्थित नालियों की नियमित सफाई करने के संबन्ध में उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 50 प्रतिशत कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए यातायात कानूनों का अनुपालन सख्ती से कराया जाए। बिना हेलमेट, सीटबेल्ट लगाए वाहन चालकों पर अनिवार्य रूप से जुर्माना लगाया जाए। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर लगाम कसने के लिए रात्रिकालीन विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने के निर्देश डीएम ने दिए। सीओ ट्रैफिक अंशुमान श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष अब तक 2 करोड़ 39 लाख रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है, जिसमें से 58 लाख रुपया जून में ही वसूला गया है। जिलाधिकारी ने जनपद की सीमा में स्थित बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में अनिवार्य रूप से रोड सेफ्टी क्लब स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यातायात पुलिस को बस अड्डा, सुभाष चौक, भीखमपुर चौराहा, कोतवाली रोड, सब्जी मंडी और कसया ढाला में पीक टाइम ट्रैफिक की ड्रोन फोटोग्राफी कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे ट्रैफिक जाम लगने की वजहों साफ हो सकेगी, जिससे जाम से मुक्ति में सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) को सड़क सुरक्षा कोष से पांच हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। यह राशि सड़क सुरक्षा कोष से आवंटित की जाती है। उन्होंने जनपद के गुड सेमेरिटनों को सम्मानित करने का निर्देश एआरटीओ को दिया।डीएम ने नागरिकों से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने की अपील की, जिससे उनकी जान बचाई जा सके। उन्होंने बताया कि राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता के लिए नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया का हेल्पलाइन नंबर 1033 या 108 नंबर डायल कर मदद पहुंचाई जा सकती है। जिलाधिकारी ने बताया कि 1033 नंबर डायल करते ही हाईवे पर एंबुलेंस, क्रेन और वेहिकल तीनों पहुंचते हैं।

**डीएम की अध्यक्षता में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित**

## मार्ग दुर्घटना में घायल युवकों में एक की मौत

**बोदरवार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र कप्तानगंज के गोरखपुर कप्तानगंज मुख्य मार्ग पर बाइक तथा तीन पहिया टैम्पो की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को पुलिस ने 108 नंबर एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल युवक ने दम तोड़ दिया। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पटखौली निवासी सत्यम उर्फ धोनी सिंह उम्र 18 वर्ष बुधवार शाम साढ़े पांच बजे के लगभग बोदरवार की ओर से अपने घर पटखौली वापस जा रहे थे। अभी वह मुख्य मार्ग पर नरहर छपरा गांव के मोड़ तक पहुंचे थे कि कप्तानगंज की ओर से आ रही तीन पहिया पिकअप की चपेट में आ गए। दोनों वाहनों में आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। मय फोर्स पहुंचे बोदरवार चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने घायल युवक को 108 नंबर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पहुंचाया जहां इलाज के दौरान सत्यम उर्फ धोनी ने दम तोड़ दिया।

# मिड-डे-मील पंजिका का डिजिटलीकरण अनिवार्य

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज देर सायं जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि जनपद के 1798 विद्यालयों में मिड-डे-मील पंजिका का डिजिटलीकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। ऑफलाइन पंजिका के आधार पर मिड-डे-मील का भुगतान किसी भी दशा में नहीं किया जाएगा। अभी तक मात्र 130 स्कूलों ने ही मिड डे मील पंजिका का डिजिटलीकरण किया है, जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की।

बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 5400 विद्यार्थी दिव्यांगता से प्रभावित हैं। सभी विद्यार्थियों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाना अनिवार्य है। जिसका डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि खंडवार निकटवर्ती सीएचसी पर बच्चों को ले जाया जाए और उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्राथमिकता के आधार पर बनवाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में बीईओ इसके नोडल होंगे।

डीएम ने अभियान चलाकर प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्थित निष्प्रयोज्य एवं जर्जर भवनों को नियमानुसार ध्वस्त कराने के लिए निर्देशित किया। बीएसए ने बताया कि ऐसे 313 भवनों को चिन्हित कर लिया गया है। शीघ्र ही ध्वस्तीकरण एवं नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर ले 1.18 लाख बच्चों के अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि का हस्तांतरण किया जा चुका है। शेष बच्चों के अभिभावकों के खाते में भी धनराशि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है। डीएम ने पीएम श्री विद्यालयों की भी समीक्षा की। योजना के तहत प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक विद्यालय चयनित किए गए हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों के समीक्षा में यह तथ्य सामने आया की शत प्रतिशत नामांकन के बावजूद अभी सभी छात्राएं विद्यालय नहीं आई हैं। जिस पर डीएम ने कहा कि बच्चों के अभिभावकों को फोन करके उन्हें स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाए।

## हाथरस हादसे को लेकर कांग्रेसियों ने की मौन श्रद्धांजलि सभा



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** हाथरस हादसे में दिवंगत श्रद्धालुओं के आत्मा की शांति के लिए शुक्रवार को सांसद किशोरी लाल शर्मा की अगुवाई में कांग्रेसियों ने मौन श्रद्धांजलि रखी। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के साथ गौरीगंज बस स्टॉप पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मौन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर हाथरस में दिवंगत श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए मौन श्रद्धांजलि रखी और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मौन खत्म होने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि हाथरस में जो दुखद घटना घटी उसका जिम्मेदार कौन है डबल इंजन के सरकार की गैर जिम्मेदाराना हरकत की वजह से कभी पुल गिरने से ट्रेन एक्सीडेंट भगदड़ में सैकड़ो मौते होती है। सरकार अनर्गल राग अलापने के बजाय अपने दायित्व को समझें और कार्यवाही करे। ऐसे हादसों को रोकने की योजना तैयार करें मगर जवाब देही तय होती नहीं है और ऐसे हादसे होते रहते हैं। सभा समापन पर सभी कांग्रेसियों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि मृतक परिवार के परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।इस मौके पर पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी योगेन्द्र मिश्र मुन्ना सिंह रवि तिवारी प्रवक्ता अनिल सिंह नरसिंह बहादुर सिंह धर्मेन्द्र शुक्ल विजय पासी शिव शंकर उपाध्याय परमानंद मिश्र मतीन अहमद राजीव सिंह अरविंद चतुर्वेदी देवेन्द्र सिंह गप्पू बैजनाथ तिवारी सर्वेश सिंह स्मपूर्णानंद नरेंद्र मिश्र शकील ईदरीशी राम प्रसाद गुप्ता माता प्रसाद वैश्य सबीना दद्दन पांडेय कुलवंत सिंह मनीषा चौहान आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सा विभाग व शिक्षा विभाग के समन्वय से होगा बच्चों का सर्वांगीण विकास: चेयरमैन

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** ब्लाक मुख्यालय मोतीचक के सभागार में शुक्रवार को सामुदायिक सहभागिता कार्यशाला आयोजित हुआ।जिसमें ब्लाक क्षेत्र के समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी सहित अन्य विभागों के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत मथौली के चेयरमैन नवरंग सिंह ने कहा कि चिकित्सा विभाग व शिक्षा विभाग के समन्वय से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। छह माह में नगर क्षेत्र के समस्त विद्यालयों का कायाकल्प करा दिया जायेगा। अगर किसी विद्यालय में कमी हो तो हमसे सीधे संपर्क कर सकते है।

**मोतीचक ब्लाक पर सामुदायिक सहभागिता कार्यशाला आयोजित**

बीडीओ फूलचंद्र सरोज ने अपने संबोधन में कहा कि पहले की अपेक्षा इस समय ज्यादातर स्कूलों को निपुण बनाया गया है। इस लिए अभिभावकों से संपर्क कर के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन कराएं। इसी क्रम में प्रभारी चिकित्साधिकारी सीएचसी मोतीचक मथौली डॉ. राजेश कुमार मद्धेशिया ने कहा कि चिकित्सा विभाग और शिक्षा विभाग दोनों एक दूसरे के समन्वय बनाकर कार्य करेंगे तो बच्चों का स्वास्थ्य ठीक रहेगा, और मानसिक विकास ससमय होगा। चिकित्सा विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जाते है जिसमे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम जिसमें बच्चों में जन्मजात विकार दूर करने के लिए उच्च चिकित्सा संस्थानों में भेजकर ससमय इलाज कराया जाता है। वही वर्तमान में संचारी रोग फैलने का समय चल रहा है सभी अभिभावक और शिक्षक संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूकता फैलाने की अपील किए। उन्होंने बताया कि इसके लिए पूर्व में विभिन्न विभागों से समन्वय हेतु बैठक कराया जा चुका है।

इस अवसर पर राकेश कुमार मद्धेशिया, मोलई प्रसाद प्रजापति, राधेश्याम वर्मा, राजेंद्र सिंह, संजय जायसवाल, हारून रसीद, दिनेश सिंह, शाह आलम, तेज प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह, रविंद्र सिंह, विनय पाण्डेय सहित तमाम प्रधानाध्यापक व अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## फाजिलनगर में जर्जर प्रवेश द्वारा को गिराया गया

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** स्थानीय कस्बे में दशकों पूर्व निर्मित जर्जर प्रवेश द्वार को लोकनिर्माण से अनुमति मिलने के बाद नगर पंचायत ने जेसीबी लगाकर तोड़ता दिया। नगर पंचायत में दशकों पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा भगवान महावीर स्वामी के परिनिर्वाण स्थली पर बने जैन मन्दिर तक जाने वाले मार्ग पर प्रवेश द्वार का निर्माण कराया गया था। नगर पंचायत बनने के बाद द्वार का नगर पंचायत द्वारा सुंदरीकरण भी कराया गया था लेकिन अज्ञात वाहन के ठोकर लगने से द्वार का एक पाया नीचे से क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके गिरने की आशंका हमेशा बनी रहती थी। इसको लेकर नगर पंचायत ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर इसे गिराने की मांग किया था जिसके बाद लोकनिर्माण विभाग ने निरीक्षण कर उसके गिराने की अनुमति दिया था जिसके क्रम में गुरुवार की रात्रि ग्यारह बजे प्रशासन की मौजूदगी ने प्रवेश द्वार को जेसीबी लगा कर ध्वस्त करा दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही ने बताया की आवागमन को देखते हुए इसे रात्रि में गिराने का निर्णय लिया गया था जिससे की मलवे को सुबह होते हटा दिया गया।

# एनडीआरएफ ने आपदा से बचाव के लिए किया मॉक अभ्यास



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** त्रिशुंडी स्थित इंडियन ऑयल के बॉटलिंग् प्लांट मे एलपीजी रिसाव से बचाव के लिए शुक्रवार को मॉक अभ्यास किया गया। इस मॉक अभ्यास मे एनडीआरएफ ने त्वरित कार्यवाही करते हुए रिसाव पर काबू पाया और घायलों को निकाल कर अस्पताल भेजने की कार्यवाही की। इस मॉक अभ्यास को एनडीआरएफ की 11वीं वाहिनी वाराणसी द्वारा संपादित किया गया। इस मॉक अभ्यास को जिला आपदा प्रबंधन एनडीआरएफ एवं इंडियन ऑयल के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट राम भवन सिंह यादव ने एलपीजी रिसाव की घटना के सम्बन्ध मे एनडीआरएफ की बचाव एवं राहत प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस मॉक अभ्यास मे प्लांट के प्रबन्धक यू एन त्रिपाठी सुरक्षा प्रभारी राकेश कुमार राणा जिला प्रशासन से आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह उपनिदेशक कारखाना अयोध्या अनंत कुमार होम गार्ड के प्रशिक्षित आपदा मित्र अग्नि शमन विभाग के अग्नि शमन अधिकारी शिव दरस प्रसाद के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सम्मिलित हुए। आपसी औद्योगिक सहयोग के अंतर्गत इंडोरामा फर्टिलाइजर, भारत पेट्रोलियम टिकरिया एवं कोका कोला प्लांट के सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई टास्क फोर्स समिति की बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुश्रवण हेतु जनपद स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की बिंदुवार शासन द्वारा निर्धारित 19 पैरामीटर पर समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में बनाए जा रहे दिव्यांग शौचालय, बाउंड्रीवॉल निर्माण जर्जर भवनों का पुनर्निर्माण तथा पीएमश्री योजना अंतर्गत चयनित 13 विद्यालयों में से 09 विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष 09 में दिव्यांग शौचालय का निर्माण मानक अनुसार कराए जाएं इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि 10 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कराए जा रहे उच्चीकृत निर्माण कार्य की प्रगति में सुधार लाया जाए एवं निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** मोहर्रम, श्रावण मास तथा कांवड़ यात्रा के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मौजूद धर्मगुरूओं, गणमान्य व संभ्रान्तजन से अपील की कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में पराम्परागत ढंग से आन्न त्यौहारों को मनायें। शान्ति व्यवस्था के सम्बन्ध में यदि कहीं से कोई भी सूचना प्राप्त हो तो उसे जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लाए।

डीएम व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने कहा कि जिले के अम्नो-अमान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से संजीदा है। माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों से पूरी सख्ती के साथ निपटा जायेगा। डीएम व एसपी ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी के सहयोग से पूर्व की भांति आगामी त्यौहार भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न होंगे। डीएम व एसपी ने कहा कि त्यौहारों के दौरान सभी लोग ऐसा आचरण रखें जिससे किसी दूसरे व्यक्ति को कोई आपत्ति न हो। जुलूसों के दौरान ध्वनिविस्तारक यंत्र का स्वर मा. उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार हो। डीएम ने कहा कि त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन एक व्यवस्था देता है। त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने में असली भूमिका तो समाज के सम्भ्रान्तजनों की होती है।

डीएम ने विद्युत, नगर निकायों, जिला पंचायत राज विभाग को निर्देश दिया कि जुलूस मार्गो की आवश्यक मरम्मत, बिजली के ढीले तारों को ठीक कराने की कार्रवाई के साथ साथ साफ-सफाई, प्रकाश आदि के समुचित व्यवस्था समय से सुनिश्चित करा दें। उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये गये कि तहसील व सर्किल क्षेत्रान्तर्गत अर्न्तगत जुलूस मार्गो, साफ-सफाई विशेषकर धार्मिक स्थलों के आस-पास समुचित साफ-सफाई व चुनाकारी आदि का कार्य समय से करा दें। एसपी बृन्दा शुक्ला ने कहा कि त्यौहारों के दौरान गुड पुलिसिंग व्यवस्था रहेगी। संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। त्यौहारों के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक ने सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हुए पारम्परिक मार्गो पर ही जुलूस का संचालन किये जाने की अपील की है।

बैठक के दौरान कुलभूषण आरोड़ा, बृजमोहन मातनहेलिया, दाऊ जी सोनी, जफर उल्लाह खां बन्टी, श्रीमती निशा शर्मा, परशुराम कुशवाहा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तेजे खां, कल्बे अब्बास, मो. मोईनुद्दीन कादरी, मोहम्मद आरिफ, दिलशाद अहमद, बच्चे भारती, वकील अहमद मिसबाही, प्रमुख प्रतिनिधि फखरपुर रणवीर सिंह सहित जिले के अन्य क्षेत्रों से आये हुए धर्मगुरूओं व संभ्रान्तजन द्वारा बिजली, पानी, साफ-सफाई के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। डीएम ने कहा कि बैठक में

बैठक का संचालन एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा व ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर मजिस्टेªट शालिनी प्रभाकर, सीओ सिटी राजीव कुमार सिसोदिया, सीएमओ डॉ. राजेश कुमार, एसडीएम सदर राकेश कुमार मौर्या, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, पयागपुर के दिनेश कुमार, एसडीएम मोतीपुर संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारीगण, जिला स्तरीय अधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, धर्मगुरू व संभ्रान्तज सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# दुकान पर साथ काम करने वाले लड़कों पर पुत्र की हत्या का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**पीड़ित पिता ने एसपी को भेजा शिकायती पत्र**

**ललितपुर।** अपने पुत्र की हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौबयाना निवासी लक्ष्मीनारायण पुत्र गोकुल प्रसाद कुशवाहा ने एक शिकायती पत्र पुलिस अधीक्षक को भेजा है। शिकायती पत्र में पीड़ित ने बताया कि उसका पुत्र घंटाघर के पास स्थित एक दुकान में काम करता था। बताया कि उसके साथ पड़ौस में रहने वाला एक युवक बड़ापुरा के पास रहने वाले एक युवक के साथ काम करता था। बताया कि 25 मई को उसका पुत्र शिवशंकर घर में था। सुबह करीब 11 बजे उसके घर दुकान पर साथ काम करने वाले दोनों युवक आये और मना करने के बावजूद भी उसके पुत्र शिवशंकर को मोटर साइकिल से अपने साथ ले गये। आरोप है कि रास्ते में दोनों युवकों ने एकराय होकर उसके पुत्र की किसी धारदार हथियार से हत्या कर दी। पीड़ित ने यह भी बताया कि शाम करीब 7 बजे उसे जानकारी मिली कि उक्त मोटर साइकिल का एक्सीडेंट ग्राम खड़ेरा एवं गौशाला के बीच हो गया है, जिस पर वह तत्काल परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा। घटना स्थल पर जब उसका पुत्र नहीं मिला तो वह सीधे जिला अस्पताल पहुंचा, जहां उसके पुत्र को इमरजेंसी विभाग में मौजूद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि उसके पुत्र शिवशंकर के सिर के पिछले भाग में गंभीर घाव था और नाक व कान से खून निकल रहा था। आरोप है कि किसी धारदार हथियार से प्रहार कर उसके पुत्र को मौत के घाट उतार दिया गया है। इस सम्बन्ध में चिकित्सक से जानकारी की तो उन्होंने कुछ भी नहीं बताया।

## धार्मिक सीरियलों में अभिनय से जीवन में आता बदलावः बुधौलिया

**ललितपुर।** महाभारत टीवी सीरियल में रूकमणि के पिता राजा भीष्मक की भूमिका में विशम्भर बुधौलिया का मानना है कि धार्मिक सीरियल में अभिनय के माध्यम से जीवन में बदलाव आता है और धार्मिक संस्कार जीवन में सकारात्मक सोच प्रदान करते हैं। उक्त विचार आज ललितपुर स्थित गौरीधाम पहुचे विशम्भर बुधौलिया ने व्यक्त किए। इस दौरान उन्होने महामण्डलेश्वर भावना गोस्वामी को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद ग्रहण किया। मप्र के गाडरवारा निवासी विशम्भर बुधौलिया ने बताया कि महाभारत सीरियल में अभिनय से उन्हें काफी लोकप्रियता अर्जित हुई। प्रधानमंत्री मोदी की हमशक्ल के रूप में पहिचान अर्जित करने के कारण सदैव चर्चाओं में होना आम बात है लोग सैल्फी के माध्यम से अपने आपको मोदी के बीच पाकर हर्षित महसूस करते हैं। आगामी दिनो में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी पर तैयार हो रही मूवी में उन्हें नरेन्द्र मोदी का किरदार निभाने का भी मौका मिला है।

# छात्रवृत्ति योजना में त्रृटियां शुद्ध कराएं

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** पूर्वदश्म कक्षा 9 से 10 छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत मास्टर डाटा बनाने एवं अध्ययनरत छात्रों को छात्रवृत्ति योजना में ऑनलाइन आवेदन से लेकर वितरण हेतु शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिये शासनादेश की प्रति उपलब्ध कराते हुए सन्दर्भित योजनान्तर्गत संलग्न समय सारिणी में प्रदान की गयी समय सीमा के अन्तर्गत सम्बन्धित योजना की नियमावली में की गयी व्यवस्था के कम में समयबद्ध कार्यवाही पूर्ण कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। सूर्य कुमार मिश्रा जिला समाज कल्याण अधिकारी फिरोजाबाद की सूचनानुसार जनपद के समस्त शासकीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त एवं अन्य प्राईवेट शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्यो को सूचित किया जाता है कि पूर्वदश्म अनुसूचित जाति, जनजाति एवं सामान्य वर्ग छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 9 व 10 में शैक्षिक सत्र 2024-25 में छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन ऑनलाइन किये जाने की प्रकिया दिनांक 01 जुलाई 2024 से शुरु हो चुकी है जो कि 31 अक्टूबर 2024 तक अनवरत चलेगी। शासन द्वारा ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। नई प्रक्रिया के तहत जब छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति आवेदन ऑनलाइन करेंगे तो आधार से लिंकेज मोबाइल पर ओटीपी आयेगा इस ओटीपी को छात्र/छात्रा द्वारा अपने आवेदन पत्र में भरना होगा, उसके बाद ही छात्र/छात्रा ऑनलाइन आवेदन फाइनल सबमिट होगा। जिन छात्र/छात्राओं के पास आधार कार्ड नही है वह प्रत्येक दशा में अपना आधार कार्ड बनवा लें, जिन छात्र/छात्राओं के पास आधार कार्ड उपलब्ध है वह अपने आधार नं0 को एवं मोबाइल नं0 को राष्ट्रीयकृत / निजी / ग्रामीण बैंक खातों से लिंक/सीड करालें, छात्र/छात्रा हाई स्कूल अंक पत्र-प्रमाण पत्र में अंकित अपने तथा अपने माता पिता पति के नाम के अनुरुप ही आधार कार्ड में भी अपना व माता पिता का नाम अपडेट करा लें, आधार कार्ड में जन्म तिथि संशोधन भी छात्र/छात्रा हाई स्कूल अंक पत्र-प्रमाण के अनुसार अनिवार्य रुप से करा लें। आधार कार्ड में यदि लिंग (जैन्डर) गलत है तो उसको भी तत्काल शुद्ध करा लें। आधार कार्ड में वही मोबाइल नं0 अनिवार्य है जो मोबाइल नं0 छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन करते समय छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन पत्र में भरा जायेगा। जिन छात्र/छात्राओं के आधार में मोबाइल लिंक नहीं है वह इसको तत्काल लिंक करा लें। अतः कक्षा 9 से 10 तक के समस्त वर्ग के छात्र/छात्राओं / संस्थानों को सचेत किया जा रहा है कि शासन द्वारा प्रदान किये गये निर्देशों का परिपालन कडाई से सुनिश्चित करें अन्यथा किसी विपरीत स्थिति के लिये संस्थान/ छात्र /छात्रा स्वंय ही सीधे उत्तरदायी होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### वन महोत्सव पर नगर के गभड़िया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ पौधारोपण जागरूकता कार्यक्रम



**सुल्तानपुर।** नगर के गभडिया स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएफओ ने कहा महाअभियान 2024 में हमारा लक्ष्य है, जितने पेड़ लगाएं उन सबको बचाएं। सरकार के निर्देश पर महाअभियान चलाया जा रहा है। पेड़ लगाओ देश बचाओ, एक पेड़ मां के नाम लगाएं।विद्यालय के बच्चों को लगभग 200 फलदार पौधों का किया गया।उन्हे वृक्ष संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।विद्यालय के बच्चों द्वारा वन महोत्सव पर प्रस्तुत जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सिंह, विपिन मिश्रा, सुनीता सिंह, गीतांजलि तिवारी, मोहम्मद वाशिक, मनोज कुमार मौर्य, योगेश चतुर्वेदी, प्रवीन श्रीवास्तव, अमित अग्रहरि, हुमा वसीम, समस्त स्टाफ,मीडिया कर्मी व बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

### लस्सी पिलाकर लूटी गई टाटा मैजिक को बिजनौर पुलिस ने किया बरामद



**सुल्तानपुर।** बिजनौर जिले की धामपुर थाने की पुलिस ने टाटा मैजिक लूटकांड का मामला खोल दिया है।यह वही केस है जिसे पूर्व कोतवाल श्री राम पांडेय पीड़ित का मुकदमा दर्ज करने के बजाय थाने से भगा दिया था।बिजनौर पुलिस ने पीपरपुर के अभियुक्त को भी पकड़ा है। दरअसल मालूम हो कि सुल्तानपुर के गाड़ी मालिक श्याम बहादुर ने आरोप लगाया था कि टाटा मैजिक (डाला) गाड़ी को 29 जून को मलिहाबाद से आम लाने के बहाने ड्राइवर को नशीली लस्सी पिलाकर लूट लिया गया था। तहरीर के बावजूद पीड़ित का मुकदमा कई दिन बाद 4 जुलाई को दर्ज किया। इधर बिजनौर जिले की थाना धामपुर पुलिस ने बताया कि शातिर चोर को चोरी के सामान व घटना में प्रयुक्त गाडी सहित गिरफ्तार कर माल बरामद किया है।पुलिस ने बताया कि बीते तीन जुलाई को थाना धामपुर पुलिस पकड़े गए वाहन चालक से पूछताछ की गई तो इसने अपना नाम सत्यम तिवारी पुत्र अनिल तिवारी निवासी सुल्तानपुर बताया। वाहन से चोरी के सोलर पैनल के बैटरे, इन्वर्टर, गैस सिलेण्डर, एक डीवीआर, कम्प्यूटर व चोरी के उपकरण जो स्थानीय अलावलपुर के इलेक्ट्रानिक गोदाम से चोरी हुआ था, बरामद किया गया।

### धन श्री गुरुनानक देव जी लंगर सेवा ट्रस्ट टीम ने किया पौधा रोपण



**सुल्तानपुर।** नगर पालिका के मिशन पौधे अभियान से जुड़ते हुए शुक्रवार को धन श्री गुरुनानक देव जी लंगर सेवा ट्रस्ट टीम ने किया पौधा रोपण हजारो पेड़ पौधे रोपण कर अभियान की शुरूआत की। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा पौधा लगाने के साथ उसकी देखभाल भी जरूरी है।पौधा रोपण आवश्यक है,इस धरती पर जैसे प्रत्येक मनुष्य के लिए सांस लेना जरूरी है, उसी प्रकार अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाया जाना भी बेहद आवश्यक है। पेड़-पौधों के बिना मानव जीवन असंभव है। पौधों को लगाकर भविष्य मे पर्यावरण की सुरक्षा और गर्मी से बचाओ में अपना योगदान देना चाहिए। इस मौके नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल जी, डॉक्टर सुधाकर सिंह, डॉक्टर आर ए बर्मा, डा पल्लवी वर्मा, स.हरभजन सिंह चीमा जी, गगनदीप सिंह, महेश दत्त त्रिपाठी, प्रभाकर दत्त त्रिपाठी, गुरदीप सिंह जी, हरप्रीत सिंह जी मौजुद रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस 06 जुलाई को

**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु माह जुलाई के प्रथम शनिवार 06 जुलाई 2024 को तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

## ठगी के 10 लाख सकुशल कराए वापिस, बड़ी सफलता

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में साइबर पुलिस टीम की बड़ी सफलता रही वादी से स्क्रैप के नाम पर की गयी ऑनलाइन ठगी में वादी के 10 लाख रूपये सकुशल वापिस कराए। साथ ही एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों में विभिन्न वादियों के 66,351 रूपये भी उनके खातों में सकुशल वापस कराए गए हैं। वादी अक्षय निवासी शिकोहाबाद द्वारा थाना साइबर पर तहरीर दी गयी कि मुझे सी क्लास मैटेरियल (स्क्रैप) दिलाने के नाम पर उससे ठगी कर ली गयी है जिसका भुगतान उसके द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से किया गया था। वादी की तहरीर के आधार पर विगत 26-06-2024 को थाना साइबर पर मु0अ0सं0 28/2024 धारा 420 भादवि, 66डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में साइबर प्रभारी को घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। साइबर पुलिस टीम द्वारा समयबद्ध प्रयास करते हुए सम्बन्धित बैंकों को पत्राचार किया गया जिसके क्रम में साइबर पुलिस टीम द्वारा वादी के 10 लाख रूपये सकुशल वापस कराए गए। वादी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित एवं साइबर पुलिस टीम का धन्यवाद प्रकट किया गया।

**पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान 2024**

# पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना ने की वर्चुअल बैठक




**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** वन महोत्सव पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ महाभियान 2024 के अंतर्गत शुक्रवार को ललितपुर जनपद के स्वयं सहायता समूहों, सिविल सोसायटी, लायंस क्लब के प्रतिनिधियों द्वारा ललितपुर वनाधिकारी के कार्यालय से वीसी के माध्यम से पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान 2024 में व्यापक जन सहभागिता तथा विभिन्न क्रियाकलापों की समीक्षा हेतु मंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया। इस बैठक में मंत्री द्वारा पेड़ लगाने व पेड़ बचाने में एनजीओ एवं सिविल सोसायटी द्वारा उनकी व्यापक जन सहभागिता तथा इस व्यापक आंदोलन में उनके योगदान की अपेक्षा की गई। इस बैठक के पश्चात प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त एनजीओ से चर्चा की गई कि वो इस महाभियान को सफल बनाने में अपनी भूमिका अदा करें तथा सभी विभागों का सहयोग करें। एनजीओ एवं सिविल सोसायटी द्वारा प्रस्तावित प्लान के अनुसार उन्हें पौध उपलब्ध कराई जाएगी जिसकी सूची इन संस्थाओं ने प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय को प्रेषित कर दी है। प्रभागीय वनाधिकारी ने इन संस्थाओं द्वारा पेड़ बचाने के साथ साथ ललितपुर शहर में उपलब्ध विभिन्न जगाओ पर वृक्षारोपण करने में सहयोग की अपेक्षा की। बैठक उपरांत प्रभागीय वनाधिकारी ने सभी अतिथियों को पौध भेट की। बैठक में क्षेत्रीय वनाधिकारी महरौनी सतेंद्र तोमर, लायन सन्मति सराफ, लायन एम पी सिंह बुंदेला, लायन फिरोज इकबाल, लायन अखिलेश शर्मा, लायन आजम बेग, लोकभारती से वासुदेव सिंह,अरविंद दिवाकर, निशांत तिवारी, साई ज्योति संस्थान से अजय श्रीवास्तव, अनंत सेवा ग्रुप से डा.प्रबल सक्सेना, शशांक मालवीय, एनएसएस नोडल ओपी चौधरी, डा.राजीव निरंजन, पतंजलि जिला प्रभारी अरविंद जैन, अनुराग खरे आदि मौजूद रहे। बैठक के अंत में परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने सभी का आभार प्रकट किया।

# सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने का लिया संकल्प



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** शासन के आदेशो के क्रम में विगत 22.06.2024 से 31.07.2024 तक 'आरंभ 4.0' अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत प्लास्टिक उन्मूलन महाअभिया 01 जुलाई 2024 से 12 जुलाई 2024 तक चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत 05 जुलाई 2024 को महापौर कामिनी राठौर एवं नगर आयुक्त घनश्याम मीणा के आदेशों के अनुपालन व जौनल सैनेटरी ऑफीसर सन्दीप भार्गव, प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन अरविन्द भारती एवं स्वच्छ भारत मिशन ब्राण्ड एंबेसडर हरिओम वर्मा एवं अनुपम शर्मा के निर्देशन में नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा शहर के शास्त्री मार्केट में हस्ताक्षर व जन-जागरूक अभियान चलांकर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति नागरिकों को जन जागरूक किया गया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन ब्राण्ड एंबेसडर अनुपम शर्मा द्वारा समस्त स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्टाफको फिरोजाबाद को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने का संकल्प दिलाते हुये सिंगल यूज प्लास्टिक का भविष्य में उपयोग नहीं करने हेतु शपथ दिलाकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इसके अतिरिक्त सिगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबन्धित करने के उद्देश्य से जनसंदेश प्रसारित करने हेतु नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा एस.आर. फैशन स्टोर एण्ड बुटीक के सौजन्य से कपड़े से बने बैग (थैलों) का वितरण कर सिंगल यूज प्लास्टिक त्यागने की अपील की गई। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन ब्राण्ड एंबेसडर अनुपम शर्मा जी द्वारा प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंध करने के लिए हम क्या कर सकते हैं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के अति उपयोग को कम करने हेतु हम कपडे से बने बैग थैलों का ही उपयोग करें।

# राहुल गांधी के खिलाफ अनर्गल आरोप लगा रही है भाजपाः कांग्रेस

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर पूरे उत्तर प्रदेश में जिला शहर कांग्रेस कमेटियों के माध्यम से प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिए गये। इसी क्रम में जिला स्तर पर कांग्रेसियों ने महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के पैतृक घर वाराणसी में जहां उनका परिवार निवास करता है उसके सामने तथा कथित भाजपाइयों ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में कांग्रेस नेता एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तस्वीर को जलाने का कुत्सित प्रयास किया गया जो बीजेपी द्वारा अलोकतांत्रिक तरीका अपनाया गया और विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। बताया कि लोकसभा के सत्र की शुरुआत के दौरान राहुल गांधी ने संसद में बताया कि कोई भी राजनैतिक व अराजनैतिक दल ठेकेदार नहीं है। आरोप है कि भाजपा इस तरह की मानसिकता से पीड़ित है। हमारा देश धार्मिक कट्टरता की वजह से नहीं बल्कि सर्व धर्म समभाव की भावना से विश्व विख्यात है और सम्मान है और हमारे देश में सभी धर्म का समान आदर किया जाना संविधान में निहित है जिसकी सत्तादल बार-बार अवहेलना करती है। और देशभर में नीट परीक्षा के परीक्षार्थियों के साथ जिस प्रकार से धोखाधड़ी की गई और उनके भविष्य से खिलवाड़ किया गया है। उसका मुद्दा भी उन्होंने संसद में उठाया उससे बौखला कर भाजपा के लोग कांग्रेस के एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर अनर्गल आरोप लगाकर विपक्ष की आवाज को दबाने का अलोकतांत्रिक तरीका अपना रही है यह भारतीय लोकतंत्र के लिए सही नहीं है सरकार अहंकार वश और अपनी कमियां छुपाने के लिए इस तरह के आडंबर रचकर देश की जनता को मुख्य मुद्दों से भटकाने के लिए भ्रमित कर रही है।

# कांवड़ यात्रा हेतु डीएम ने किया मार्गों का भ्रमण

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** डीएम व एसएसपी ने श्रावण मास कावंड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने व कावंडियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कावंड मार्गो का भ्रमण किया।

जिलाधिकारी रमेश रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने आगामी सावन माह में होने वाली कावंड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने व कावंडियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को अपनी पुलिस व प्रषासनिक टीम के साथ जनपद एटा बोर्डर से लेकर जसराना एटा-षिकोहाबाद रोड एवं षिकोहाबाद स्टेषन रोड, रेलवे ब्रिज होते हुए बटेष्वर रोड का भ्रमण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवष्यक दिषा निर्देष दिए। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कावंड यात्रा को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराया जाए, इसके लिए उन्होने एक्स ई एन पीडब्ल्यूडी को मौके पर ही निर्देश दिए कि जनपद एटा की ओर से आने वाले कावंडियों के मार्ग को अभी से दुरूस्त करा लिया जाए, कावंड यात्रा मार्ग में यदि गढ्ढे है तो अभी से ठीक कराया जाए और सड़क के दोनो ओर झाडियों को साफकराकर अच्छी मिटटी डलवा दी जाए। उन्होने कहा कि कावंड को रखने के लिए शिविरों, सडक के किनारें वालें ग्रामों, थाने, चौकियों आदि स्थानों पर कांवड स्टैण्ड लगाए जाए जिस पर कावंडियें अपनी कांवड को सुरक्षित रख सके। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, कूड़ा उठान, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे, रेलिंग, नहर पटरी, मेडिकल हेल्थ कैंप, आदि व्यवस्थाओं को समय से पूरा करें।

# बाल कल्याण व संरक्षण को लेकर अहम बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति मिशन वात्सल्य की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 0 से 18 वर्श के बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बालश्रम, यौन शोशण, पलायन, मानव तस्करी, भिक्षावृत्ति, कार्य स्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन्, दहेज प्रतिशेध अधिनियम, बाल विवाह आदि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बाल संरक्षण सेवायें पूर्व नाम समेकित बाल संरक्षण योजना के तहत गठित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एक अत्यन्त संवेदनषील समिति है, जिसके अन्तर्गत त्रिस्तरीय समिति का गठन किया जा चुका हैं जिसमें 06 ब्लॉक स्तर एवं 415 ग्राम पंचायत स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों का गठन किया जा चुका है। डीएम ने बाल संरक्षण के क्षेत्र में समस्त विभागों को एकजुट होकर कार्य करने हेतु कहा गया साथ ही जनपद में होने वाले बाल विवाह को रोके जाने हेतु सभी विभागों को प्रभावी कदम उठाकर विषेश कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करने के निर्देष दिये गये। जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में जिला प्रोबेषन अधिकारी/ जिला बाल संरक्षण अधिकारी, ललितपुर सदस्य सचिव, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति द्वारा बैंठक के एजेण्डा बिन्दु के अनुसार बैठक का विस्तृत रूप से संचालन किया गया एवं बताया गया कि समिति यह सुनिष्चित करेगी कि बाल श्रम, बाल यौन षोशण, पलायन, ट्रेफकिंग अथवा किसी प्रकार की बच्चों के साथ क्रूरता जैसा व्यवहार न हो। उक्त बिन्दुओं पर किसी भी घटना के संज्ञान में आने पर समस्त तथ्यों का संकलन करते हुये सम्बन्धित थानों की विषेश किषोर पुलिस इकाई, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल कल्याण समिति एवं किषोर न्याय बोर्ड को तत्काल कार्यवाही हेतु सूचित करेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, पंचायती राज विभाग, श्रम विभाग, रेलवे एवं षिक्षा विभाग के उपस्थित अधिकारियों को बाल संरक्षण के क्षेत्र में सजगता, संवेदनषीलता एवं गम्भीरता से कार्य करने हेतु निर्देष दिये गये कि सभी विभाग एजेण्डा बिन्दु के अनुसार अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे एवं बाल संरक्षण के हित में विषेश सहयोग प्रदान करें। बैठक में सीडीओ, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्य, किषोर न्याय बोर्ड के सदस्य, मण्डल सलाहकार, बाल संरक्षण यूनीसेफ झांसी, वन स्टॉप सेन्टर, चाइल्डलाईन, जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **26.07.2024 को 15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 06102024 दिनांक 04.07.2024 |
| 2. | निविदा संख्या | 17-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 |
| 3. | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल में ऊँचाहार गुड्स शेड के विकास का कार्य। |
| 4. | अनुमानित लागत | Rs.7,14,11,100.49 |
| 5. | धरोहर राशि | Rs. 5,07,100.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दस माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 12.07.2024 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 26.07.2024 15:00 बजे |
| 9. | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट–:1 निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2033/24

# मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में अन्नपूर्णा हॉस्पिटल का लोकार्पण किया

- एक सभ्य एवं सुसज्जित समाज के लिए अच्छी शिक्षा जितनी महत्वपूर्ण, उतना ही महत्वपूर्ण उत्तम आरोग्य: योगी
- यह अस्पताल गोरखपुर सहित पूर्वान्चल वासियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक नयी सौगात

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद गोरखपुर में सिविल लाइंस रोड स्थित अन्नपूर्णा हॉस्पिटल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नपूर्णा मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल गोरखपुर सहित पूर्वान्चल वासियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक नयी सौगात है। एक सभ्य एवं सुसज्जित समाज के लिए अच्छी शिक्षा जितनी महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण उत्तम आरोग्य है। बढ़ती हुई आबादी, व्यस्त दिनचर्या एवं जलवायु परिवर्तन के कारण आज तमाम प्रकार के रोगों ने जन्म लिया है। इन बीमारियों के इलाज के लिए अस्पताल जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे जन स्वास्थ्य व अस्पतालों की उपलब्धता के लिए सरकारी प्रयास के साथ ही निजी संस्थानों एवं चैरिटी संस्थानों को भी प्रयास करना होगा। यदि सभी मिलकर इस दिशा में कार्य करेंगे, तो परिणाम भी अच्छे आएंगे। सरकार के अलावा निजी एवं परमार्थ संस्थाओं ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए सदैव अपना सहयोग प्रदान किया है। इन संस्थानों ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था के साथ ही लाखों लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया है। यह अस्पताल भी कम से कम 500 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। इससे 500 परिवारों की आजीविका चलेगी।




मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति चाहता है कि उसे अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिले। गरीबों के स्वास्थ्य को अच्छा करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कई योजनाएं चलायी हैं। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से वर्ष 2019 से लाखों लोगों ने उत्तम चिकित्सा सेवा का लाभ लिया है। करोड़ों लोग इस सुविधा से लाभान्वित हुए हैं। आज से कुछ वर्ष पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज, बी0आर0डी0 मेडिकल कॉलेज था, वह भी रुग्ण अवस्था में था। आज जनपद गोरखपुर में यह बी0आर0डी0 मेडिकल कॉलेज उच्च चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। आज गोरखपुर में एम्स भी है, जो बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। पूर्वान्चल में देवरिया, सिद्धार्थनगर, बस्ती जनपदों में भी मेडिकल कॉलेज प्रारम्भ हो चुके हैं। जनपद महराजगंज और कुशीनगर में भी मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक अस्पताल स्वास्थ्य के उत्तम केन्द्र के साथ लोगों के विश्वास और रोजगार का भी बड़ा केन्द्र होता है। अस्पताल के निर्माण से स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन होता है। यह मेडिकल, पैरामेडिकल तथा नर्सिंग के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने वाले छात्र-छात्राओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराता है। इससे छात्र-छात्राओं के मन में समाज एवं व्यवस्था के प्रति विश्वास भी पैदा होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर को एक नये चिकित्सा केन्द्र के रूप में यह अस्पताल प्राप्त हुआ है। इसमें नये-नये युवा डॉक्टर भी जुड़ेंगे, जो देश एवं दुनिया में वर्तमान में चल रही नई आधुनिक चिकित्सा की सुविधा जनपदवासियों को उपलब्ध करायेंगे। यहां अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण लगाए गए हैं।

# संनीति चौधुरी ने किया 'वात्सल्य' शिशु सदन का अवलोकन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन (मुख्यालय),नई दिल्ली, श्रीमती संनीति चौधुरी का उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के कार्यालय में स्थित 'वात्सल्य' शिशु सदन (क्रच) में आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने शिशु सदन में बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया एवं इनको और अधिक बेहतर बनाने हेतु अपने सुझाव दिए। उन्होंने सदन के रखरखाव,स्वच्छता, खानपान की व्यवस्था एवं इसकी गुणवत्ता, बच्चों के मनोरंजन संबंधी सामान, रसोईघर, बच्चों के आराम करने का स्थान, पीने के लिए शुद्ध पानी सहित अन्य समस्त आवश्यक सुख सुविधाओं की भलीभाँति जानकारी प्राप्त की तथा इनको निरंतर



बढ़ाते रहने की बात कही एवं सभी व्यवस्थाओं को उच्च गुणवत्तापरक बनाने पर विशेष बल दिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत करते हुए उनको चॉकलेट दिए। मुख्यालय से अध्यक्षा संनीति चौधुरी के लखनऊ आगमन पर महिला कल्याण संगठन ,लखनऊ की अध्यक्षा, श्रीमती मोहिता गंगवार शर्मा द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में सचिव मुख्यालय महिला कल्याण संगठन,श प्रतिभा गुप्ता सहित लखनऊ संगठन की अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

## भेड़ पालन योजना हेतु 03 करोड़ 44 लाख 75 हजार रूपये की धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशुधन विकास के क्षेत्र में भेड़ तथा ऊन विकास के तहत भेड़ पालन योजना हेतु 03 करोड़ 44 लाख 75 हजार रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में उन के उत्पादन में वृद्धि करना और भेड़ पालकों के आर्थिक स्तर को उन्नतशील बनाना व कारपेट निर्यात के माध्यम से विदेशी मुद्रा का अर्जन करना है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण है।

इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में निदेशक प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। लाभार्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग उसी मद/प्रयोजन में किया जायेगा जिसके लिए धनराशि वस्तुतः स्वीकृत की जा रही है। स्वीकृत की जा रही धनराशि का किसी अन्य मद/योजना/कार्यक्रम में व्यय अनुमन्य न होगा।

# जलशक्ति मंत्री ने बाढ़ सुरक्षा परियोजना का निरीक्षण किया

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज जनपद पीलीभीत में भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनपद पीलीभीत की तहसील बीसलपुर के अन्तर्गत देवहा नदी के बांये किनारे पर स्थित ग्राम कंधरापुर की बाढ सुरक्षा परियोजना का निरीक्षण किया तथा समय से कराये गये कार्या की सराहना की। मंत्री ने उपस्थित ग्रामवासियों से जन संवाद में अवगत कराया गया कि बाढ नियंत्रण की दृष्टि से परियोजना के कराये गये कार्य उपयोगी साबित होगें। उपस्थित ग्रामवासी भी परियोजना के कार्या से संतुष्ट पाये गये। तत्पश्चात जलशक्ति मंत्री ग्राम खंनकापुर में कराये गये बाढ परियोजना के कार्या का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्या के स्थलीय निरीक्षण के दौरान मंत्री जी ने वृक्षारोपण करके कटान को रोकने के साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक पेड लगाये जाने का संदेश दिया। इस मौके पर विवेक वर्मा विधायक बीसलपुर, एच0एन0 सिंह, मुख्य अभियन्ता शारदा, महिपाल सिंह, उपजिलाधिकारी, बीसलपुर, नरेश कुमार ग्राम प्रधान कंधरापुर, राजकुमार, ग्राम प्रधान खनका, बृजेश कुमार पोरवाल, अधिशासी अभियन्ता, शारदा सागर खण्ड एवं अन्य उपस्थित रहे।

# प्रदेश में एग्री स्टैक की स्थापना के प्रारंभिक चरण का शुभारंभ

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को एग्री स्टैक की स्थापना के प्रारंभिक चरण की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य किसानों को सस्ता ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि निवेश, स्थानीयकृत और विशिष्ट लक्षित सलाह और बाजारों तक सुविधाजनक पहुंच उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही, यह सरकार के विभिन्न हितधारकों द्वारा किसान और कृषि-केंद्रित लाभदायी योजनाओं की योजना बनाना और उन्हें लागू करने की प्रक्रिया को भी आसान बनाएगा। कृषि भवन लखनऊ के सभागार में आयोजित



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शाही ने बताया कि एग्री स्टैक के प्रारंभिक चरण में तीन बुनियादी रजिस्ट्री शामिल हैं जिसमें भू-संदर्भित राजस्व ग्राम मानचित्र (जिओ रेफरेंस विलेज मैप), जीआईएस बेस रियल टाइम क्रॉप सर्वे (क्रॉप सोन रजिस्ट्री) और किसानों का डेटाबेस (फार्मर रजिस्ट्री) है। प्रदेश के समस्त राजस्व ग्राम के सजरा मानचित्र को हाई-रेजुलेशन सेटेलाइट मैप के साथ मैपिंग कराकर भू-संदर्भित राजस्व ग्राम मानचित्र के रूप में डिजिटाइज़ किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक खेत का जियो रेफरेंसिंग संभव हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि क्रॉप सोन रजिस्ट्री के अंतर्गत, प्रदेश के सभी खेतों में बोई गई फसलों का खरीफ, रबी एवं जायद में भारत सरकार द्वारा विकसित मोबाइल ऐप के माध्यम से फसल सर्वेक्षण किया जा रहा है। खरीफ 2023 में उत्तर प्रदेश के 21 जनपदों और शेष 54 जनपदों के 10-10 राजस्व ग्रामों में ई-खसरा पड़ताल सुनिश्चित किया गया। फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत, प्रदेश के कृषक विवरण को एग्री स्टैक के अंतर्गत तैयार किए जा रहे डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में संकलित किया जाएगा।

## आज देखा जायेगा अय्यामे अजा माहे मोहर्रम का चांद

**लखनऊ।** अय्यामे अजा माहे मोहर्रम का चांद शनिवार को देखा जायेगा। अगर चांद नजर आता है तो रविवार से मोहर्रम का आगाज हो जायेगा। वरना सोमवार को मोहर्रम की पहली तारीख होगी। चांद रात से ही कर्बला के शहीदों के गम का दौर शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही कर्बला के शहीदों की याद में मजलिसों-मातम का आगाज हो जायेगा। शहीदों का गम दो महीने आठ दिन तक (आठवीं रबीउल अव्वल) लगातार जारी रहेगा। मोहर्रम के नजदीक आते ही अजादार मजलिस-ओ-मातम की तैयारियां पूरी करने में जुटे हैं। इमामबाड़ों को सजाने का काम अंतिम चरण में चल रहा है। पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब (स.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की शहादत के गम में एक ओर जहां महिलाएं अपनी सुहाग की निशानियों को सवा दो महीने के लिए उतारकर काले कपड़े पहनेंगी, तो वहीं घरों में इमामबाड़ा सजाकर इमाम को अपना मेहमान बनाया जाएगा। घरों में ताजिए रखें जाएंगे, तो वहीं फर्श-ए-अजा बिछाकर कर्बला के 72 शहीदों को आंसुओं का पुरसा पेश किया जाएगा।

# समझौता ज्ञापन भविष्य में पर्यटकों के लिए प्रभावी योजनाएं तैयार करने में मदद मिलेगी: जयवीर सिंह

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह के निर्देश पर पर्यटन विभाग और ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी 'मेक माय ट्रिप' के बीच आज पर्यटन भवन में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुआ। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य उ0प्र0 में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ देशी-विदेशी पर्यटकों को उ0प्र0 के अध्यात्मिक तथा धार्मिक पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी देने के साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटकों के लिए बेहतर वातावरण का सृजन करना है।



पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह अपने संदेश में कहा कि उ0प्र0 अपने में गौरवशाली इतिहास एवं विविधता समेटे हुए है। सैलानियों को उ0प्र0 में जानने के लिए बहुत कुछ है। इस समझौता ज्ञापन से पर्यटकों की रूचि के अनुसार उनको बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने यह भी कहा है कि हमारा राज्य विविध अनुभवों का खजाना है। यह साझेदारी मील का पत्थर साबित होगी। हमें यात्रियों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए भविष्य के लिए प्रभावी योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। मेक माय ट्रिप के प्लेटफार्म और विशेषज्ञता का लाभ उठाकर हम आगंतुकों का स्वागत करने के लिए तत्पर हैं।

श्री जयवीर सिंह ने अपने संदेश में यह भी कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने व पर्यटकों के सुविधार्थ पर्यटन विभाग और मेक माय ट्रिप के बीच रणनीतिक साझेदारी हुई। यह प्रयास प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय समुदायों के विकास के लिए एक साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) की शर्तो के तहत यूपी में पर्यटन के क्षेत्र में मेक माय ट्रिप रणनीतिक साझेदार के रूप में सरकार के साथ मिलकर काम करेगा। यह उपभोक्ता प्रवृत्तियों, पर्यटकों की वरीयताओं, यात्री जनसांख्यिकी तथा आपूर्ति पक्ष को लेकर जानकारी प्रदान करेगा।

## मजलिसे चेहलुम आज

**लखनऊ।** स्वर्गीय हबीब मेहदी नकवी पुत्र स्वर्गीय हबीब काजिम नकवी आले गुफरानमआब के ईसाले सवाब के लिए शनिवार को मजलिसे चेहलुम आयोजित होगी। शनिवार को चौक मण्डी स्थित इमामबाड़ा आगा बाकर में बाद नमाजे मगरिबैन तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को मौलाना इस्तिफा रजा खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस शनिवार को शाम 7:30 बजे वजीरगंज कोतवाली के पास स्थित बैतुस्सिराज 16 वजीरगंज में होगी।

## अशर-ए-मोहर्रम में होने वाली मजलिसों का समय व स्थान

**मौलाना का नाम स्थान समय**

मौलाना अबीदुल हसन रौजा-ए-काजमैन सुबह 07.00 बजे
मौलाना अली हाशिम अब्दी इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर सुबह 07.30 बजे
मौलाना इमरान हसन इमामबाड़ा जनाबे सुगरा,अब्बास नगर सुबह 07.30 बजे
मौलाना फिरोज अब्बास कर्बला अजमत-उत-दौला मेहदीगंज सुबह 07.30 बजे
मौलाना मोहम्मद अली हैदर आसिफी इमामबाड़ा हुसैनाबाद सुबह 08.00 बजे
मौलाना मोहम्मद मुस्लिम मकबरा सआदत अली खां कैसरबाग सुबह 08.00 बजे
मौलाना वसीउल हसन नकवी इमामबाड़ा गुलाम अब्बास फरीदीनगर सुबह 08.00 बजे
मौलाना सैफ अब्बास नकवी इमामबाड़ा जन्नतमाब तकी चौक सुबह 09.00 बजे
मौलाना अली अब्बास खान इमामबाड़ा नाजिम साहब बजाजा सुबह 09.00 बजे
मौलाना मीसम जैदी छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद सुबह 09.00 बजे
मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी इमामबारगाह एम.अब्बास अमराई गांव सुबह 09.00 बजे
मौलाना कल्बे अहमद नकवी इमामबाड़ा जैनुल आब्दीन हरदोई रोड सुबह 09.30 बजे
मौलाना फरीदुल हसन इमामबाड़ा शाहनजफ हजरतगंज सुबह 10.00 बजे
मौलाना मिर्जा वाहिद हुसैन मकबरा तहसीन अली खां, तहसीनगंज सुबह 10.00 बजे
मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी इमामबाड़ा गुफरामआब चौक सुबह 10.30 बजे
मौलाना मीसम जैदी इमामबाड़ा आगा बाकिर चौक सुबह 11.30 बजे
मर्सियाख्वानी इमामबाड़ा नाजिम साहब बाजाजा दोपहर 12.30 बजे
मौलाना अनवर हुसैन इमामबाड़ा हकीम मो. तकी फरंगीमहल दोपहर 12.30 बजे
मौलाना अरशद जाफरी इमामबाड़ा जकी अली खां पाटानाला दोपहर 01.30 बजे
मौलाना हमीदुल हसन मदरसा-ए-नाजमियां विक्टूरिया स्ट्रीट दोपहर 02.00 बजे
मौलाना शब्बीर हसन वारसी आसिफी इमामबाड़ा हुसैनाबाद दोपहर 02.00 बजे
मौलाना अली अब्बास कर्बला मलका आफाक मदेहगंज दोपहर 03.00 बजे
मौलाना अख्तर अब्बास जौन इमामबाड़ा सैयद आगा विक्टरिया स्ट्रीट दोपहर 03.00 बजे
मौलाना अब्बास नासिर अबाकाती शिया कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट शाम 04.00 बजे
मौलाना मोहम्मद अली मस्जिद इमाम हुसैन(अ)कसमंडी कला शाम 04.30 बजे
मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी इमामबाड़ा कसरे हुसैनी बिल्लौचपुरा शाम 04.30 बजे
मौलाना रजा हुसैन सरकारे हुसैनी कश्मीरी मोहल्ला शाम 05.00 बजे मौलाना सैयद कमर हैदर जैदी मकबरा सआदत अली खां,हजरतगंज शाम 05.45 बजे
मौलाना इब्ने अब्बास नकवी हाउजे इल्मिया अबुतालिब (अ.स.) शाम 06.00 बजे
मौलाना अली नासिर आगारूही अफजल महल विक्टरिया स्ट्रीट शाम 07.30 बजे
मौलाना रजा अब्बास इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर शाम 07.30 बजे
मौलाना फिरोज हुसैन इमामबाड़ा मलका अफाक तहसीनगंज शाम 07.40 बजे
फैज बाकर (मर्सिया) छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद शाम 07.40 बजे
मौलाना हसन जहीर इमामबाड़ा मीरन साहब मुफ्तीगंज शाम 07.45 बजे
मौलाना आरिफ आगा इमामबाड़ा आगा अब्बू साहब शाम 07.45 बजे
मौलाना इब्ने अब्बास नकवी जामा मस्जिद तहसीनगंज शाम 07.45 बजे
सैयद अली इमाम जैदी (मर्सिया) इमामबारगाह रशीद रकाबगंज शाम 07.45 बजे
मौलाना तकी रजा जैदी रौजा-ए-जैनबया टिकैतराय तालाब रात 08.00 बजे
मौलाना सैयद अफजाल काजमी नूरानी मस्जिद मुफ्तीगंज रात 08.00 बजे
मौलाना सैयद रईस काजमी इमामबाड़ा मकसदे हुसैनी,घासमंडी रात 08.00 बजे
मौलाना सैयद अबुतालिब मेहदी शबीहे बैतुल हुज्न रूस्तम नगर रात 08.00 बजे
मौलाना मुम्ताज जाफर इमामबाड़ा डा.दिलदार हुसैन, गोलागंज रात 08.00 बजे
मौलाना अकील अब्बास मारूफी छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद रात 08.15 बजे
मौलाना शब्बीर अली वारसी इमामबाड़ा सिब्तैनाबाद हजरतगंज रात 08.30 बजे
मौलाना इब्राहीम कुम्मी हुसैनी इमामबारगाह, अलीगंज रात 08.30 बजे
मौलाना सैयद कमरूल हसन इमामबाड़ा सज्जादिया, आलमनगर रात 08.30 बजे
मौलाना अखतर अब्बास जौन इमामबाड़ा झाउलाल ठाकुरगंज रात 08.30 बजे
मौलाना सैयद सकलैन अब्बास नकवी इमामबाड़ा लाडो खानम, नक्खास रात 08.30 बजे
मौलाना मुम्ताज जाफर इमामबाड़ा डा.दिलदार हुसैन गोलागंज रात 08.30 बजे
मौलाना अली अब्बास खान इमामबाड़ा शाहनजफ, हजरतगंज रात 09.00 बजे
मौलाना हैदर मेहदी दरगाह हजरत अब्बास,रूस्तम नगर रात 09.00 बजे
मौलाना तकी रजा इमामबाड़ा हजरत मुस्लिम रईस मंजिल रात 09.00 बजे
मौलाना सकलैन अब्बास नकवी कर्बला अजमत-उत-दौला मेहदीगंज रात 09.00 बजे

# अब लखनऊ के गांव भी एलडीए सीमा में शामिल

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की शुक्रवार को हुई बोर्ड बैठक में कैण्ट एरिया और लीडा को छोड़ पूरे शहर को प्राधिकरण के परिक्षेत्र में करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। इसमें सभी ब्लॉक, विकास खण्ड और नगर पंचायत के क्षेत्र शामिल हैं। सीमा विस्तार से लविप्रा का परिक्षेत्र 1000 वर्ग किलोमीटर से बढ़ कर 2500 वर्ग किलोमीटर हो गया है। शुक्रवार को बोर्ड की 181वीं बैठक प्राधिकरण भवन के नवनिर्मित पारिजात सभागार में प्राधिकरण अध्यक्ष मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, प्राधिकरण सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य नगर नियोजक के.के. गौतम सहित बोर्ड सदस्य व अधिकारी उपस्थित थे। लविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताा कि सरोजनीनगर, काकोरी, मलिहाबाद, बख्शी का तालाब, गोसाईगंज, मोहनलालगंज विकास खण्ड के अवशेष क्षेत्र अब लविप्रा के दायरे में शामिल कर लिये गये हैं। इसके अलावा महोना, इटौंजा, मलिहाबाद, नगराम, अमेठी, काकोरी, बीकेटी, मोहनलालगंज, बंथरा और गोसाईगंज नगर पंचायत के साथ ही पूरा माल ब्लॉक लविप्रा की सीमा में आएगा। 200 रुपये प्रति वर्गमीटर हुआ सुख-सुविधा शुल्क लविप्रा वर्तमान में ग्रीन कॉरीडोर, शहीद पथ और किसान पथ के दोनों तरफ ढाई-ढाई किलोमीटर के दायरे में पेश मानचित्रों पर 2245 रुपये प्रति वर्गमीटर बाह्य विकास शुल्क के साथ 550 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से विशेष सुख-सुविधा शुल्क लेता है। नागरिक लगातार मांग कर रहे थे। अब पूरे प्राधिकरण विकास क्षेत्र प्रस्तावित/शमन मानचित्रों पर सुख-सुविधा शुल्क लेगा और जनता पर अधिक भार न पड़े इसे ध्यान में रख




वर्तमान 550 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर को घटाकर 200 रुपये प्रति वर्गमीटर कर दिया है। इसके अलावा विकास शुल्क की दर में मामूली बढ़ोत्तरी करते हुए 2245 रुपये प्रति वर्गमीटर की जगह 2360 रुपये प्रति वर्गमीटर कर दिया है। 10 लाख तक सस्ते हुए अपार्टमेण्टों के फ्लैट्स लविप्रा ने अपने तीन अपार्टमेण्ट्स के कुल 156 फ्लैटों की कीमतें 10 लाख रुपये तक कम कर दी हैं। इनमें शारदा नगर योजना स्थित रश्मिलोक, अलीगंज योजना स्थित अनुभूति व प्रियदर्शिनी योजना स्थित सृजन अपार्टमेण्ट के फ्लैटों की कीमतें 4 से लेकर 10 लाख रुपये तक घटाई हैं। इसके अलावा लोग 20.97 लाख रुपये से 62.40 लाख रुपये में 48.50 वर्गमीटर से लेकर 138.70 वर्गमीटर के 1 बीएचके, 2 व 3 बीएचके के फ्लैट ले सकेंगे। नयी आवासीय योजनाओं का रास्ता साफ लविप्रा बोर्ड बैठक में शुक्रवार को राजधानी में प्रस्तावित नयी आवासीय योजनाओं का रास्ता साफ हुआ। इसके तहत सुल्तानपुर रोड पर वेलनेस सिटी, आईटी सिटी व मोहान रोड पर एजुकेशनल सिटी विकसित होगी। यह कॉलोनियां विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होंगी। यहां सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शिक्षण संस्थान, ग्रुप हाउसिंग, मॉल, होटल, मनोरंजन केन्द्र, इंडस्ट्रियल एरिया के साथ ही बड़े क्षेत्र में ग्रीनरी और वाटर बॉडी होंगे। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि इन योजनाओं के लिए जमीन खरीदने के लिए मुआवजे की दरें निर्धारित कर दी गयी हैं। किसानों से समझौते, भू-अधिग्रहण व लैण्ड पूलिंग के आधार पर जमीन जुटाई जाएगी। प्राधिकरण बोर्ड बैठक में इसके प्रस्ताव को हरी झण्डी मिल गयी है। इसके अलावा प्रबंध नगर योजना के संबंध में प्राधिकरण के स्तर से किसानों के साथ वार्ता चल रही है और जल्द ही दोनों पक्षों में सहमति के आधार पर सभी वादों का निस्तारण करा योजना में विकास काम शुरू कराया जाएगा। यहां बनेंगी नयी आवासीय योजनाएं उपाध्यक्ष ने बताया कि मोहान रोड योजना ग्राम प्यारेपुर व कलियाखेड़ा की 785.02 एकड़ अर्जित भूमि पर 1544 करोड़ से विकसित होगी। सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम बक्कास, चैरहिया चैरासी, मलूकपुर, दुलारमऊ और नूरपुर बेहटा की लगभग 1474 एकड़ भूमि पर वेलनेस सिटी लाई जाएगी। सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व किसान पथ के बीच लगभग 2086 एकड़ भूमि पर आईटी सिटी विकसित की जाएगी, जो सर्वोत्त रोड कनेक्टिविटी के चलते काफी उपयोगी होगी।

NBCC नवरत्न सीपीएसई

**एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
CIN-L74899DL1960GOI003335

एनबीसीसी द्वारा ई—नीलामी के माध्यम से
एनबीसीसी वाणिज्यिक परिसर, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ
में वाणिज्यिक स्थानों की बिक्री की घोषणा की जाती है।
पूर्ण विवरणों तथा निबंधन और शर्तों सहित
साथ आवेदन प्रपत्र एनबीसीसी की वेबसाइट :
www.nbccindia.in/buyproperties
पर उपलब्ध है।
आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि **23/07/2024** है। तथा
ई—नीलामी की **26/07/2024** है।
संपर्क करें :
**9599220832, 8527136569, 9311442134, 85279 60986**
सेल्स चैनल पार्टनर के रूप में नामांकन भी आमंत्रित है।
विपणन प्रभाग: एनबीसीसी प्लेस, प्रगति विहार, भीष्म पितामह मार्ग, नई दिल्ली—110003
अनुशेष / शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, तो उसे केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

CBC 20109/12/0003/2425

# इमामबाड़ा नाजिम साहब में मौलाना अली अब्बास करेंगे मजलिस को खिताब

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** इमामबाड़ा नाजिम साहब में प्राचीन काल से आयोजित होने वाला अशराए मजालिस इस वर्ष भी आयोजित किया जा रहा है। यह अशराए मजालिस लखनऊ की सबसे पुरानी संस्था अंजुमन अब्बासिया क़दीम और ऐन उल-हयात ट्रस्ट की देखरेख में पहली मुहर्रम से 9वीं मुहर्रम तक आयोजित किया जायेगा, जिसे सुबह 9 बजे स्वर्गीय आयातुल्लाह रोशन अली ख़ान नजफी के बेटे मौलाना अली अब्बास खान संबोधित करेंगे। ज्ञात हो कि स्वर्गीय इमामबाड़ा नाजिम साहब का यह अशराए मजालिस लखनऊ के सबसे पुराने अशराए मजालिस में से एक माना जाता है। जिसे ख़तीब-उल-ईमान मौलाना मुजफ्फर हुसैन ताहिर जारवली मरहूम और रुहुल मिल्लत मौलाना सैयद अली नासिर सईद अबक़ाती जिन्हें मौलाना आग़ा रूही साहब के नाम से वर्षों से जाना जाता है, ने कई वर्षों तक संबोधित किया है। वर्ष 2016 से इस अशराए मजालिस को अलमुस्तफ़ा यूनिवर्सिटी कुम के शिक्षक मौलाना अली अब्बास खान संबोधित कर रहे हैं। याद रहे कि आशूरा के दिन सुबह 9 बजे मौलाना की अगुवाई में आशूरा के आमाल भी होते हैं।